# समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 170
लखनऊ, शनिवार 08 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





विधायक ने जन चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं 10

डीएम के निरीक्षण में आठ विभागीय अधिकारी मिले नदारत 8



G D. GOENKA SCHOOLS
Chhibramau, Distt Kannauj

## जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल

विश्वस्तरीय शैक्षिक मानकों वाला एक उत्कृष्ट अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का स्कूल

छिबरामऊ (कन्नौज)

की प्रस्तुति

FREE ENTRY

FREE ENTRY

## कवि सम्मेलन

दिनांक : 08 फरवरी 2025, दिन शनिवार, पूर्वान्ह 11:30 बजे

आप सभी परिवार सहित सादर आमंत्रित है।

आमंत्रित प्रख्यात कवि


प्रख्यात मिश्रा
लखनऊ


रमेश विश्वहार
रायपुर


डॉ. शिवओम अम्बर
फर्रुखाबाद


पदम श्री सुरेन्द्र शर्मा
दिल्ली


डॉ.सुरेश अवस्थी
कानपुर


डॉ.अनु सपन
भोपाल


डॉ.अना देहलवी
दिल्ली


उत्कर्ष अग्निहोत्री
फर्रुखाबाद

कार्यक्रम स्थल

## जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल

छिबरामऊ-फर्रुखाबाद रोड, छिबरामऊ, जनपद कन्नौज

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - Mob.7311125122,Toll Free No. 18001231399

# स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन की समस्याओं से जूझ रहे धौरहरावासी

**जनप्रतिनिधियों सहित सरकार से लगाई गुहार**

**ईसानगर -खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर जिला की विधानसभा धौरहरा बने कई वर्ष बीत गए लेकिन अभी भी ग्रामीण स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन की समस्याओं से अभी भी जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों ने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को अभी तक पूरा नहीं किया है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि-



युवा व्यापारी एवं समाजसेवक पंकज पांडे ने परिवहन व्यवस्था में सुधार की मांग की है। उनका कहना है कि सिसैया चौराहे से रोडवेज बस ईसानगर होते हुए कटौली, धुंधा पड़री तक चलनी चाहिए, जिससे यात्रियों का आवागमन सुगम हो सके।



रमाकांत अवस्थी विश्व हिंदू परिषद ने धार्मिक स्थल सुधारने की बात की है। कहते हैं धौरहरा के प्राचीन धार्मिक स्थल राम वाटिका धाम का सौंदर्यकरण हो।



युवा समाजसेवी हर्षित मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में कुछ नेताओं ने अच्छा काम किया, जिनकी आज भी प्रशंसा होती है। लेकिन वर्तमान में धौरहरा विकास की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। खमरिया पंडित में बस स्टॉप की स्थापना, खमरिया पंडित को नगर पंचायत का दर्जा दिलाना और स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पेयजल की समस्याओं का समाधान होना जरूरी है।



हरीश अवस्थी ने शिक्षा को लेकर बात की है। कहते है धौरहरा के युवाओं के साथ हो रहे हनन को मद्दे नजर रखते हुए धौरहरा और सिसैया के बीच बने अर्ध पूर्ण आईटीआई कॉलेज का निर्माण शीघ्रता से कराया जाए जिससे आईटीआई करने के लिए बाहर न जाना पड़े।



आलोक मिश्रा कहते है धौरहरा विधानसभा के अंदर एक संस्कृति विद्यालय का निर्माण हो जिससे वेद पाठन करने वाले विद्यार्थियों को कही दूर जाकर विद्या अध्ययन करना न पड़े अधिकतर विद्यार्थी पैसों के अभाव बाहर जाकर वेद पढ़ने में असमर्थ है। साथ ही उन्होंने सरकारी इंटर कालेज व एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराने की मांग की है।

**क्या कहते जिम्मेदार**



वही विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी कहते हैं कि पूर्व में इस क्षेत्र की बहुत सी समस्याएं थी अन्य सरकारों ने इस क्षेत्र में कोई विकास नहीं किया। हमारा पूर्ण प्रयास है धौरहरा क्षेत्र से गरीबी तथा बदहाली को समाप्त कर प्राथमिकता के आधार पर सुगम विकास करते हुए इस क्षेत्र को विकसित क्षेत्र बनाने का प्रयास करे।



वही सपा सांसद आनंद भदौरिया कहते हैं कि धौरहरा लोकसभा क्षेत्र वासियों ने मुझे बदलाव के लिए चुना है, विकास के लिए चुना है, मैं जनता जनार्दन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मैं पूरा प्रयास करूंगा किए गए वादों को पूर्ण कर सकूं।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से घायल बालक की मौत

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुनौआ में बृहस्पतिवार को अपराह्न ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से घायल हुए बालक की उपचार के लिए बरेली ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव सोनौवा निवासी सत्यपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र सौरव (8) बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजे स्कूल से घर आ रहा था। गांव में रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आ रहे हरदोई के थाना मझिला के गांव बहेरा निवासी चालक नसरत ने लापरवाही से चलाते हुए सौरव को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल शाहजहांपुर ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। जिसके बाद परिजन उसे बरेली ले जा रहे थे। लेकिन उसने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया। देर शाम परिजन बालक के शव को घर लेकर आये।

## खबरें एक नजर में

### 51 कुंडीय गायत्री यज्ञ का हुआ आयोजन



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी निघासन स्थित द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज में 51 कुंडीय गायत्री यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल के सभी छात्र छात्राओं व अध्यापकों ने 51 कुंडीय गायत्री यज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य का लाभ प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को समस्त छात्र छात्राओं के सामने रखा और गुरुजी के आदर्शों के अनुसार देश के नवनिर्माण के लिए बच्चों को शिक्षा और संस्कार के साथ जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा दी.. युवाओं में बढ़ रही नशे की समस्या को ध्यान में रखते हुए नशामुक्ति का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान यज्ञ का सफल क्रियान्वयन पुजारी दयाशंकर मौर्या के द्वारा कराया गया वहीं गायत्री मिशन के लक्ष्य को सभी छात्र -छात्राओं को गीत के माध्यम से समझाया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टॉफ तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्रा मौजूद रहे।

### सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन



**मितौली खीरी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम करस्ता कस्बे के मजरा भिखना पुर में सनातन धर्म सेवा समिति के संरक्षक परशुराम तिवारी के संरक्षण में सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन 29 जनवरी से 4 फरवरी तक धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। श्री विष्णु महायज्ञ में आए मथुरा वृंदावन के कलाकारों द्वारा रात्रि में श्री कृष्णा रहस्य लीला का मंचन किया गया वहीं दिन में श्री विष्णु महायज्ञ का हवन पूजन यज्ञाचार्य द्वारा कराया गया श्री विष्णु महायज्ञ का समापन विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ की व्यवस्था मे नंदकिशोर तिवारी संजय तिवारी राकेश शुक्ला तथा अन्य गांव के युवा वर्ग द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। इस अवसर पर सनातन धर्म समिति करस्ता के अध्यक्ष शरद अवस्थी, एडवोकेट प्रमोद शुक्ला करस्ता तथा सनातन धर्म समिति के मंत्री डा रिंकू वर्मा तथा राजेश तिवारी आदि सनातन धर्म समिति के सदस्यों द्वारा श्री विष्णु महायज्ञ में पूर्ण रूप से सहयोग दिया गया।

### एसआरजीएमए में विदाई समारोह का आयोजन, हरपुनीत बने स्टूडेंट ऑफ द इयर




**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** स्थानीय श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल अकादमी लक्ष्मनजती में कक्षा 12के छात्र छात्राओं को समारोह पूर्वक विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12के छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किये। कक्षा 12की छात्रा अवंतिका सिंह मिस फेयरवेल, दर्शनप्रीति सिंह को मिस्टर फेयरवेल तथा कक्षा 12के छात्र हरपुनीत को स्टूडेंट आफ द इयर चुना गया। कक्षा 12के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में अपने बीते वर्षों के अनुभव उपस्थित छात्र छात्राओं के सम्मुख रखे। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेल और नृत्य करके आनंद की अनुभूति की। कवि हृदय शिक्षक शशिकांत मिश्र ने अवसर के अनुकूल स्वरचित कविता सुनाई। प्रधानाचार्य मुदित शाह ने विद्यालय से अपनी शिक्षा पूर्ण करके विदा हो रहे छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक मोहित पुरी ने विदा ले रहे छात्र छात्राओं को नसीहत दी कि वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जहां कहीं भी जायें, अपने परिश्रम और आचरण के ऐसे आयाम स्थापित करें। कि जिससे उनके अभिभावकों तथा विद्यालय का नाम रोशन हो। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाए तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

### कुंभनगर मेले में डयूटी के लिए गए गोला के होमगार्ड की अज्ञात कारणों के चलते मौत



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** गोला कोतवाली से कुंभ मेले में डयूटी गए एक होमगार्ड की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। बता दे कि थाना गोला क्षेत्र के ग्राम वजीरनगर निवासी होमगार्ड सालिकराम 48 पुत्र इतवारीलाल 30 दिसंबर 2024 को विभाग की ओर से कुंभ मेले में डयुटी के लिए भेजा गया था। गुरुवार को सुबह आठ से चार बजे तक डयूटी पर रहा। इसके बाद उसके पेट में अचानक दर्द हुई। जिस पर वह दवा लाया और खाकर सो गया। इसके बाद शुक्रवार को सुबह देर तक नही उठा। इसके बाद खाने के टाइम पर उसके साथियों ने उसे उठाने का प्रयास किया। तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी कमला देवी व पांच बेटियों को छोड गया है। जिसमें दो का विवाह हो चुका है। जबकि तीन बेटियों के विवाह का जिम्मा अब उनकी मां के कंधों पर है। घर के मुखिया सालिकराम की घर से इतनी दूरी पर निधन होने की खबर पर परिवारजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी व बेटियां दहाडे मारकर रोती बिलख रही थी। इधर सालिक राम के निधन के बाद परिवारजन व सगा भतीजा सतेन्द्र कुमार पुत्र रामकुमार उनका शव लेने के लिए कुंभनगर के लिए रवाना हो गए है।

### श्री श्री मनु महाराज का आगमन नौ को



**फरेंदा, महराजगंज (समृद्धि न्यूज)।** स्थानीय तहसील व थाना क्षेत्र निवासी मनु जी महाराज का आगमन उनके 18 वर्ष की श्रीहरि व मां पीताम्बरा की साधना पूर्ण होने पर अन्तिम चरण में अपनी माता से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आगामी 9 फरवरी को आगमन हो रहा है। इस अवसर पर विभिन्न अध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि अबसे लगभग तीन दशक पूर्व अपने अध्ययन के लिए दिल्ली प्रस्थान कर गये थे श्रीश्री मनु जी महाराज ने अपना विद्यार्थी जीवन पूर्ण होने पर आध्यात्म की तरफ रुख कर लिया था। उक्त क्रम में चित्रकुट के एक संत द्वारा मार्ग निर्देशन पाकर उन्होंने शिवखोड़ी जाकर लगभग एक वर्ष तक साधना किया। गुरु से साक्षत्कार होने पर इन्हें भगवान श्री हरि तथा मां पीताम्बरा की साधना हेतु निर्देश मिला। उक्त क्रम में सर्वप्रथम संकटमोचन हनुमानजी, देवाधि देव महादेव की साधना के उपरान्त श्री श्री मनु जी महाराज ने नारायन श्रीहरि एवं मां पीताम्बरा की साधना किया। उक्त साधना विगत 8 दिसम्बर को पूर्ण हुई। इस क्रम में अब उन्हें अन्तिम रूप से अपनी माता के समक्ष उपस्थित होकर आशीर्वाद रुपी भिक्षा प्राप्त करना आवश्यक है। इसके बाद मनु जी महाराज का पूर्ण रुप से सन्यास हो जायेगा। अपनी माता से उक्त आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए वह 9 फरवरी दिन को दिल्ली से गोरखपुर-आनन्दनगर होते हुए अपने सेखुई स्थित पैतृक गांव पर प्रात: 10 :30 बजे पहुंचेंगे। वहां से शिव मन्दिर गोपलापुर, लेहड़ा देवी मन्दिर,श्री -श्री विष्णु मन्दिर आनन्दनगर ,दुर्गा मन्दिर फरेंदा पर दर्शन कर अंकुर पैलेस पर महाराष्ट्र तथा गुजरात से आये अतिथियों से सहर्ष मिलेंगे। उक्त आशय की जानकारी पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल एवं अधिवक्ता मुकेश सिन्हा ने दी है।

## फोर व्हीलर गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, दो गंभीर घायल



**बिजुआ खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के भीरा लखीमपुर मार्ग पर लखहा भूड़ में एक फोर व्हीलर गाड़ी वाले ने बाइक सवार को सामने से मारी टक्कर बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनों नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र गांव रूरा सुल्तान निवासी सदानंद पुत्र जीवन लाल अपने 12 वर्षीय पुत्र अंशुमान को साथ लेकर अपनी बाइक से क्षेत्रीय बाजार लखहा अलीगंज सब्जी लेने गए थे बताते हैं सदानंद बाजार से वापस अपने घर लौट रहे थे जैसे ही लखहा भूड़ सायफन के पास पहुंचे तभी सामने भीरा की तरफ से आ रही एक फोर व्हीलर ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एक्सीडेंट की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी सूचना पर पुलिस पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ पहुंचवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं भीड़ का फायदा उठाते हुए गाड़ी चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। कोतवाली फूलबेहड़ प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया गाड़ी कब्जे में ले ली गई है गाड़ी चालक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है जांच कर करवाई की जाएगी।

## भाइयों ने बेटों के साथ मिलकर बहन को लाठी डंडों से पीटा

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कमालपुर गंगा सिंह में बहन को जमीन दान करने पर नाराज भाईयों ने पुत्रों के साथ मिलकर बहन को लाठी-डंडों से मारापीटा। जिससे बहन चोटिल हो गयी। पुलिस ने भतीजी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। शिल्पी पुत्री जगपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके बाबा रामविलास सिंह ने दो बीघा जमीन बुआ आशा देवी को दान में दे दी थी। जिसके कारण चाचा जगतपाल सिंह और छोटे सिंह नाराज हो गए। उन्होंने और जगतपाल सिंह के पुत्र शैलेश और विनीत ने बुआ आशा देवी को बृहस्पतिवार अपराह्न तीन बजे लाठी-डंडों से मारा-पीटा। बुआ को बचाने गये पिता जगपाल सिंह और मां गीता देवी के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिल्पी ने पुलिस को बताया कि डर के कारण सभी लोग घर के अंदर दुबक गए।

## दो शावकों के साथ दिखी मादा हिंसक पशु, बाघिन होने की आशंका, क्षेत्र में भय का माहौल

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भीरा वन रेंज के खेतों में एक बाघिन अपने दो शावकों के साथ देखी जिससे दहशत फैल गई। तमाम भीड़ मौके पर पहुंची तो मादा पशु अपने शावको के साथ लाही के खेत से गन्ने में भाग गई। स्थानीय लोग ने वन विभाग को सूचना दी, मौके पर पहुंचे वनकर्मी निगरानी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को भीरा वन रेंज के गांव बिजुआ में जिला पंचायत इंटर कॉलेज के पीछे लाही के खेत में एक बाघिन दो शावकों के साथ देखी गई। चर्चा है कि बाघिन ने क्षेत्र में ही किसी गन्ने के खेत में शावकों को जन्म दिया है। इलाके के तमाम भीड़ वहां पहुंच गई। शोर सुनकर बाघिन गन्ने के खेत में भाग गई। उसके साथ दोनों शावक भी चले गए। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त हिंसक जंगली पशु बाघिन है वही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पग चिन्ह देखकर बताया उक्त जानवर तेंदुआ है। ज्ञात हो बीते रविवार की रात में ग्राम पंचायत बिजुआ के शंकर पुर में उमेश चंद्र त्रिवेदी की पालतू बछिया को तेंदुआ ने अपना निवाला बना लिया था फिर भी वन विभाग लगातार लापरवाही कर रहा है।ग्रामीणों ने पिंजरा लगा कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी लेकिन आज तक वन विभाग द्वारा पिंजरा नहीं लगवाया गया।जिससे पूरे क्षेत्र में तेंदुआ के कारण भय बना हुआ है। वहीं वन विभाग द्वारा पिंजरा ना लगाए जाने को लेकर ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। वन विभाग का कहना है कि बाघिन नहीं तेंदुआ है अपने बच्चों के साथ भीरा वन रेंज के बिजुआ की तरफ आई है। शावक बड़े हैं। वन कर्मियों को लगा दिया गया है, निगरानी कर रहे हैं और तेंदुआ अपने बच्चों के साथ नहर की तरफ निकल गया है किसी को कोई खतरा न हो इसके लिए पूरी चौकसी बरती जा रही है।

## धौरहरा रेंज में वनकर्मियों ने ही कटवा दिया प्रतिबंधित देशी आम का बगीचा, लाखों की बताई जा रही कीमत

**वनक्षेत्राधिकारी ने मुकदमा पंजीकृत कर कहा दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



धौरहरा रेंज में हरे भरे प्रतिबंधित देशी आम के बचे हुए बागीचों पर नोटों की चकाचौंध में डूबे वन कर्मियों की नजरें तिरछी हो गई है, जिसका जीता जागता नज़ारा ईसानगर क्षेत्र के इमलिया में देखने को मिला जहां बीट में तैनात वन कर्मियों ने वन माफ़िया से सांठगांठ कर बगैर परमिट लाखो के बगीचे को रातों रात कटवाकर लकड़ी गायब करवा दी, वही पेंडो की जड़ों को जेसीबी से निकलवाकर मिट्टी पाट दी, जिसकी जानकारी होते ही हरकत में आये वन क्षेत्राधिकारी ने मुक़दमा दर्ज कर जांच के बाद बीट इंचार्ज समेत लकड़ी माफ़िया पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही है। उत्तर खीरी वन रेंज धौरहरा क्षेत्र में एक तरफ जहां लकड़ी माफिया हरियाली पर बेखौफ हो आरा चला रहा था वही नोटों की चकाचौंध में डूबे वनकर्मी ही अब बचे हुए प्रतिबंधित देशी आम के बगीचों को उच्च अधिकारियों से छुपा लकड़ी माफिया से गठजोड़ कर बगैर परमिट व परमीशन बनवाए ही चोरी से कटवाना शुरू कर दिया है, जिसका जीता जागता नजारा ईसानगर थाना क्षेत्र के इमलिया में देखने को मिला जहां बीती रात लाखों रुपये के 22 हरेभरे फलदार देशी आम के पेड़ो का सफाया करवाकर लकड़ी भी गायब करवा दी गई इसकी भनक उच्च अधिकारियों को न हो उसके लिए जेसीबी मंगवाकर काटे गए पेंडो कि जड़ों को निकलवाकर गड्ढों को मिट्टी से पटवाकर सभी रफूचक्कर हो गये। शुक्रवार को जैसे ही इसकी जानकारी क्षेत्रवासियों को हुई तो मामला तूल पकड़ गया। इस दौरान लोगों में यह भी चर्चा व्याप्त हो गई कि काजीपुर गांव के कुछ वन माफिया व बीट के वन कर्मचारियों ने मोटी रकम के लालच में आकर हरे भरे प्रतिबंधित आम के बागीचे का सफ़ाया करवा दिया है। जिसकी जानकारी जैसे ही वन क्षेत्राधिकारी एनके चतुर्वेदी को हुई तो उन्होंने मुक़दमा दर्ज कर जांच शुरू करवाते हुए कटान में लिप्त लकड़ी माफिया सहित बीट कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की बात कही है। इस बाबत वन क्षेत्राधिकारी एनके चतुर्वेदी ने बताया कि पेड़ कटने के मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है जांच के दौरान प्रथम दृष्ट्या वीट के वन कर्मचारियों की मिलीभगत की जानकारी मिली है जिनके खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही लकड़ी ठेकेदार व जेसीबी की तलाश की जा रही है।

## मिनी सचिवालय में बने कॉमन सर्विस सेंटर बंद रहने से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा लाभ






**पसगवॉ खीरी।** विकास खंड पसगवॉ के दर्जनों सीएससी सेंटर अधिकतर बंद ही रहते हैं इसी वजह से गांव के लोगों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है और संबंधित कार्य कई किलोमीटर दूर शहरों या कस्बो में अधिक रकम देकर कराना पड़ता है। इससे ग्रामीणों को समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। ग्राम पंचायतों की आमदनी बढ़ाने के साथ ही ग्रामीणों को गांव में विभिन्न ऑनलाइन सेवा और सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पंचायत सचिवालयों में ही सीएससी का संचालन कराया जा रहा है। ऐसा ही नजारा विकासखंड पसगवॉ की ग्राम पंचायत मुल्लापुर में अक्सर देखने को मिलता है। कई ग्रामीणों ने बताया है कि गांव में बना मिनी सचिवालय और कॉमन सर्विस सेंटर अधिकतर बंद ही रहता है इनमें मिलने वाली सुविधाएं जैसे पासपोर्ट, पैन कार्ड, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड नामांकन, बीमा सेवाएं, बिल भुगतान, ऑनलाइन बुकिंग, इंटरनेट ब्राउजिंग आदि का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

## नवनिर्मित सीसी सड़क का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचीं पालिकाध्यक्षा डॉ. इरा श्रीवास्तव

**क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के दुरुस्तीकरण के साथ दिए स्वच्छता सम्बंधी निर्देश**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा 15 वें वित्त आयोग (अन्टाइड ग्रांट) के अंतर्गत निर्मलनगर वार्ड के अर्जुनपुरवा मोहल्ले में निर्मित सीसी सड़क का निरीक्षण कर नगर पालिकाध्यक्षा डॉक्टर इरा श्रीवास्तव ने आस पास के लोगों का दुःख दर्द जाना समझा। इस आकस्मिक निरीक्षण में उन्होंने स्वच्छता प्रहरियों को स्वच्छता के निर्देश भी दिए और जलकल विभाग को क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि वर्षो से इस गली की क्षतिग्रस्त अंधाकुप्प सड़क का संज्ञान आने पर चुनाव पूर्व पालिकाध्यक्षा ने इसके निर्माण एवं रोशनी का वायदा किया था। विकासोन्मुखी तेवरों के साथ विजयोपरांत इस गली का सीसी सड़क निर्माण करवाने के साथ साथ नाली एवं प्रकाश की व्यवस्था करवा दी थी। हाल ही में उसके निरीक्षण के लिए आकस्मिक दौरा कर सड़क गुणवत्ता का निरीक्षण किया साथ ही स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना। पालिकाध्यक्षा ने मोहल्ले में साफ सफाई की व्यवस्था भी देखी और नगर पालिका स्टाफ को कूड़ा कलेक्शन गाड़ी की नियमितता के लिए भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान वाटर सप्लाई की कुछ पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त भी मिलीं, जिनपर एक्शन लेते हुए पालिकाध्यक्षा ने पालिका के जलकल विभाग को त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए।

## अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई तहसील बार एसोसिएशन मितौली की बैठक

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील बार एसोसिएशन मितौली की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें कुछ अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर सर्वसम्मति से विचार कर निर्णय लिया गया। अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में यह दर्शाया गया कि बी आर सी भवन के निकट अधिवक्ताओं के बैठने के लिए ऑफिस हाल का निर्माण कराया गया था तहसील कार्यालय जहां पर समस्त अधिवक्ताओं द्वारा अपने ब्यय पर टीन सेट डाला गया था जिसमें टीन सेट, उसमें लगी ईंटें, मेज कुर्सी, ले सी डी आदि सामान उक्त स्थान से उठाकर नवनिर्मित तहसील बार एसोसिएशन मितौली के भवन में स्थापित किया जाय सभी अधिवक्ताओं ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया पूर्व तहसील भवन अधिवक्ता हाल की समस्त सामग्री नई तहसील भवन में स्थापित की जाएगी। मीटिंग में सत्य प्रकाश मिश्रा एडवोकेट, ओम प्रकाश मिश्र, रामकृष्ण मिश्र,रामावतार मिश्र, विवेक शुक्ल, अशफाक अली, सोहनलाल वर्मा, दिवाकर श्रीवास्तव, वीरेंद्र वर्मा, सत्य प्रकाश शुक्ल, आनंद यादव, अमित बाजपेई, गिरीश श्रीवास्तव, दिनेश यादव, पुनेश राज, बीपी सिंह, अमिताभ मोहन पांडे, संतोष राज, अवधेश बाजपेई, अखिलेश शक्ति, सहित तहसील के समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दबंग ने महिला को बुरी नीयत से खेत में खींचा

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मढिया निवासी महिला ने लगभग एक माह पूर्व खेत जा रही उसकी पुत्रवधू को दबंग द्वारा जबरदस्ती खेत में खींचकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया है कि एक माह पूर्व एक व्यक्ति ने उसकी पुत्रवधू के साथ जोर जबर्दस्ती की। उसके विरोध करने पर उसे हंसिया मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने सास की तहरीर पर एक आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को तहरीर देकर महिला की सास ने बताया कि उसकी बहू 8 जनवरी को खेत पर पति के पास किसी काम से जा रही थी। इस दौरान रास्ते में गांव निवासी नन्हे ठाकुर बहू को पकड़ कर जबरदस्ती खींच कर अपने खेत में ले जाने लगा। जब बहू ने इसका विरोध किया तो नन्हे ठाकुर ने उसके सिर में हंसिया मार दिया।

## नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी जनपद के निघासन ब्लाक की ग्राम पंचायत भेडौरी के ग्राम भूलनपुर प्राथमिक विद्यालय में नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ मेडिकल कॉलेज से आए डॉक्टरों ने सैकड़ो लोगों की जांच कर दवा वितरण किया। बता दें गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 5 के तहत नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन अवध एवं गौरक्ष प्रांत द्वारा प्राथमिक विद्यालय भूलनपुर में नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम भूलनपुर, भेडौरी, हरबक्शाहपुरवा, बेलरायां, तकियापुरवा, महाराजनगर सहित आस पास के गांव से आकर तमाम लोगों ने उपस्थित चिकित्सकों से परामर्श कर आवश्यक दवा आदि प्राप्त की। भूलनपुर प्राथमिक विद्यालय में नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का ग्राम पंचायत भेडौरी के प्रधान प्रतिनिधि पुत्र शिवम् वर्मा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रवज्जलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के डॉक्टर्स ध्रुव गोयल, रविन्द्र गंगवार, संजू गंगवार, नवनीत चौहान, सी एच ओ दीक्षा सक्सेना, ए. एन. एम पिंकी राय, ग्राम पंचायत भेडौरी के ग्राम प्रधान टीकाराम, ग्राम पंचायत भेडौरी के प्रधान प्रतिनिधि ध्रुव वर्मा, बेलरायां चौकी इंचार्ज अभिषेक यादव स्टाफ के साथ सिंगाही मंडल उपाध्यक्ष दीपक सोनी, सिंगाही मंडल महामंत्री शंकर दयाल अवस्थी, कंचन वर्मा, पंचायत सहायक सोमराज चौधरी एवं प्राथमिक विद्यालय भूलनपुर के स्टाफ सहित भारी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## दिव्यांगों को नहीं मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** भारतीय दिव्यांग यूनियन की मासिक बैठक कुंभी गोला ब्लॉक परिसर में हुई। जिसमें यूनियन के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने अध्यक्षता करते हुए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिव्यांग समाज को जो समस्या आ रही हैं। उन समस्याओं से डर नहीं लगता है। पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दिव्यांगों के हक और अधिकारों की अनदेखी हो रही है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। सरकार ने विकलांग से दिव्यांग नाम तो भगवान का दे दिया, लेकिन दिव्यांगों के हाथों में भीख मांगने का कटोरा थमा दिया। जब प्रधानमंत्री दिव्यांग अधिनियम 2016 विकलांग नाम संशोधन करके दिव्यांग नाम दिया तभी से दिव्यांग समाज में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनकी मांग है कि सभी दिव्यांगों के अंत्योदय राशन कार्ड बनवाए जाए, मुद्रा लोन की व्यवस्था कराई जाए, दिव्यांग अधिनियम 2016का हर चौकी वह थानों में प्रचार प्रसार कराया जाए ताकि दिव्यांग समाज को न्याय मिल सके। तहसील, मंडी समिति या ब्लॉक स्तर पर दिव्यांगों को खोखा रखने की अनुमति प्रदान की जाए ताकि अपना वह अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। बैठक में संगठन मंत्री अमित कुमार, तिलकराम वर्मा सचिव, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, दिनेश कुमार, राजेश मौर्य, राहुल कुमार, इसरार, राहुल वर्मा, सर्वेश कुमार अर्कवंशी ब्लॉक अध्यक्ष बांकेगंज, सुधीर गुप्ता, शंकर लाल आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 170
लखनऊ, शनिवार 08 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पुलिस ने वांछित गैंगस्टर को गिरफ्तार कर भेजा जेल 04

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने से और अधिक समृद्ध होंगे किसान 12

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी 10-13 फरवरी तक फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 से 13 फरवरी के बीच फ्रांस और अमेरिका का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ फ्रांस में कृत्रिम मेधा (एआई) पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने शुक्रवार को फ्रांस में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित करेंगे और वे व्यक्तिगत एवं प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता प्रारूप में भी चर्चा करेंगे। दोनों नेता पेरिस के बाहर मार्सिले में भारत के नवीनतम महावाणिज्य दूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे। 12 फरवरी की सुबह दोनों नेता प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे। प्रधानमंत्री मोदी 12-13 फरवरी को अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।

### देश में 73.90 करोड़ आयुष्मान स्वास्थ्य खाते बनाए गए

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (एबीडीएम) के तहत देश में 73.90 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते बनाए गए हैं। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र बनाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) शुरू किया है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (एबीएचए) बनाए जाते हैं, जो कार्डधारक की 14 अंकों की विशिष्ट स्वास्थ्य पहचान (इसे पहले स्वास्थ्य आईडी के रूप में जाना जाता था) संख्या है। 3 फरवरी 2025 तक कुल 73,90,93,095 एबीएचए आईडी बनाए जा चुके हैं।

### सेना ने सात पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया है। इनमें 3 पाकिस्तानी आर्मी के जवान भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि घटना 4 फरवरी की रात पुंछ जिले में कृष्णा घाटी के पास हुई, जब एनओसी के पास घुसपैठ की कोशिश की गई। भारतीय सेना की फॉरवर्ड पोस्ट पर हमले की प्लानिंग थी। इसकी सूचना इंडियन आर्मी को मिली और उन्होंने पहले ही हमला कर साजिश को नाकाम कर दिया। घुसपैठ के दौरान मारे गए 7 लोगों में 3-4 पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम के मेंबर्स की भी मौत हो गई।

### अडानी ने बेटे की शादी पर लिया सेवा संकल्प, किए 10,000 करोड़ दान

**अहमदाबाद।** अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी ने शुक्रवार को अपने बेटे जीत की शादी के उपलक्ष्य पर सेवा का संकल्प लिया और समाज सेवा के लिए 10,000 करोड़ रुपये दान किए। श्री अडानी ने अपने छोटे बेटे जीत की शादी के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) के संदेश में अपनी बहू को 'बेटी दिवा' कहकर संबोधित किया और लिखा, परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद से जीत और दिवा विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए। विवाह आज अहमदाबाद में प्रियजनों के बीच पारंपरिक रीति रिवाजों और शुभ मंगल भाव के साथ संपन्न हुआ।

# आरबीआई ने की रेपो रेट में कटौती

## पांच वर्ष बाद नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती, आवास, वाहन व व्यक्तिगत ऋण होंगे सस्ते

एजेंसी



**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने चुनौतिपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत और लचीली बने रहने और आगे महंगाई में नरमी आने की उम्मीद जताते हुये करीब पांच वर्ष बाद नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती तथा मौद्रिक रूख को 'तटस्थ' रखने का निर्णय लिया जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋणों के सस्ते होने की उम्मीद बनी है।

लगातार ग्यारहवीं बैठक में बेंचमार्क रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के बाद केंद्रीय बैंक ने आर्थिक विकास की गति कम होने और मुद्रास्फीति के अपने 4 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुँचने के संकेतों के बारे में बढ़ती चिंताओं के बीच दरों में कटौती की। रिजर्व बैंक ने लगभग पाँच वर्षों में पहली बार बेंचमार्क दरों में कटौती की। इससे पहले कोरोना के दौरान मई 2020 में रेपो दर में 40 आधार अंकों की कटौती करके इसे 4 प्रतिशत किया गया था। खाद्य पर अनुकूल परिदृश्य तथा पिछली मौद्रिक नीति कार्रवाइयों के निरंतर प्रसारण के समर्थन से, 2025-26 में इसमें और नरमी आने की उम्मीद है, जो धीरे-धीरे लक्ष्य के साथ संरेखित होगी। समिति ने विकास का समर्थन करने के लिए नीतिगत पहल की है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता और प्रतिकूल मौसम की घटनाओं के साथ वैश्विक व्यापार नीतियों के बारे में निरंतर अनिश्चितताएं विकास और मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा करती हैं। पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार, चालू वर्ष के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.4 प्रतिशत अनुमानित है, जो पिछले वर्ष 8.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बाद एक नरम विस्तार है। आने वाले वर्ष में आर्थिक गतिविधि में सुधार की उम्मीद है।

श्री मल्होत्रा ने कहा कि ग्रामीण मांग में लगातार वृद्धि जारी है, जबकि शहरी खपत में कमी बनी हुई है तथा उच्च आवृत्ति संकेतक मिश्रित संकेत दे रहे हैं। रोजगार की स्थिति में सुधार हुआ है। कृषि क्षेत्र में अच्छी गतिविधि घरेलू उपभोग के लिए शुभ संकेत हैं। सरकारी उपभोग व्यय के मामूली बने रहने की उम्मीद है।

### वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष की मौद्रिक नीति की छठी और अंतिम तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये कहा कि मुद्रास्फीति लक्ष्य के अनुरूप है। समिति ने सर्वसम्मति से दरों में कटौती करने और रुख को बनाए रखने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच समिति ने सर्वसम्मति से बेंचमार्क नीति दरों में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। परिणामस्वरूप, स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 6.00 प्रतिशत होगी और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर तथा बैंक दर 6.50 प्रतिशत होगी। एमपीसी ने सर्वसम्मति से तटस्थ रुख जारी रखने तथा विकास को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के साथ टिकाऊ रूप से संरेखित करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जिसमें पहली तिमाही 6.7 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 7 प्रतिशत, तथा तीसरी और चौथी तिमाही 6.5 प्रतिशत रहेगी। चालू वित्त वर्ष में विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के 4.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जिसमें चौथी तिमाही में इसके 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है। अगले वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के 4.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताते हुये उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई पहली तिमाही में 4.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 4.0 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रह सकती है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में गिरावट आई है।

# मिल्कीपुर उपचुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच आज राजकीय इंटर कॉलेज में होगी मतगणना



फाइल फोटो

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में 8 फरवरी को कड़ी सुरक्षा के बीच राजकीय इंटर कॉलेज के बरामदे में मतगणना होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई गई हैं। मतगणना 30 राउंड में पूरी होगी। मतगणना के लिए 76 कर्मचारी की 19 पार्टी लगाई गई है और चार पार्टी मतगणना के लिए रिजर्व होगी। एक पर्यवेक्षक, एक माइक्रो पर्यवेक्षक, एक सहायक गणक और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की भी तैनाती की गई है। मतगणना के दिन सुबह 10 बजे से रुझान आने लगेंगे और नतीजा 3 बजे तक आ सकता है। राजकीय इंटर कॉलेज के स्ट्रांग रूम के बाहर सुरक्षा कड़ा कर दिया गया है। ईवीएम की सपा कार्यकर्ता भी रखवाली कर रहे हैं ।

### चुनाव आयोग के खिलाफ सपा के नेताओं ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट कार्यालय पर पहुंचकर आयोग के लिए सफेद चादर भेंट किया। समाजवादी पार्टी के प्रदर्शन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने जोर जबरदस्ती कार्यालय में घुसने की शिकायत भी की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चुनाव आयोग को महत्वहीन बताने और सफेद चादर चढ़ाने वाला दिये गये बयान के बाद पार्टी के नेताओं ने दिनभर प्रदर्शन किया। लखनऊ में चुनाव आयोग के विरूद्ध विवादित होर्डिंग लगाई गयी तो उसके तुरंत बाद ही वाराणसी में समाजवादी नेताओं ने चुनाव आयोग का पिंडदान कर दिया।

### दिल्ली विस चुनाव : 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों की मतगणना शनिवार को सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा के बीच 19 केंद्रों पर शुरू होगी। सुचारू और निष्पक्ष मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके साथ ही दिल्ली की 70 विधान सभा सीटों पर लड़ने वाले 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला हो जाएगा। उधर, आम आदमी पार्टी की ओर से लगाए गए आरोपों को दिल्ली की मुख्य चुनाव अधिकारी ने खारिज कर दिया है। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने कहा कि मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों, माइक्रो ऑब्जर्वर, सांख्यिकी कर्मचारियों और अन्य सहायक कर्मियों सहित लगभग 5,000 कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया के लिए तैनात और प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने यह बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच वीवीपीएटी की मतदाता पर्ची की गिनती यादृच्छिक (रैंडम) रूप से की जाएगी। वास्तविक समय के परिणाम ईसीआई की वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी देवेश श्रीवास्तव ने पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना के लिए 19 केंद्रों सहित पूरी दिल्ली में अभूतपूर्व सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 15 हजार जवानों को तैनात किया गया है।

## महाकुंभ : तुलसी मार्ग पर शिविर में लगी आग, कई शिविर जलकर राख

समृद्धि न्यूज



**महाकुंभनगर।** महाकुंभ नगर में सेक्टर 18 तुलसी और शंकराचार्य मार्ग पर एक शिविर में शुक्रवार को आग लग गई। दमकल की एक दर्जन से अधिक गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है।

कल्पवासी थाना प्रभारी निरीक्षक अजब सिंह ने बताया कि जीटी रोड पर तुलसी चौराहे के पास शंकराचार्य मार्ग पर स्थित स्कॉन मंदिर शिविर के बाद देवी संपदा मठ के शिविर में आग लगी। आगे पीछे से दोनो एक दूसरे से सटे थे। उन्होंने बताया कि मौके पर एक दर्जन से अधिक दमकल की गाडियां मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसके बारे में तत्काल कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। भीड को मौके से हटाया गया। श्री सिंह ने बताया कि हवा तेज थी जिससे देवी संपदा मठ के शिविर में आग लगी। आग पर काबू पा लिया गया है। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नही है। आग की चपेट में आने से कई शिविर जलकर खाक हो गए। गौरतलब है कि 20 दिन के भीतर महाकुंभ में आग लगने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले सेक्टर 19, सेक्टर 22 आग लगी थी।

# अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची एसीबी 15 करोड़ रुपए के दावे की करेगी जांच

▸ आप के 16 प्रत्याशियों को 15-15 करोड़ देने के ऑफर का आरोप

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सियासत गरमा गई है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के प्रत्याशियों के खरीदने के दावे के बाद अब मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एंट्री हो गई है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर शुक्रवार को एसीबी की टीम पहुंची है।

बताया जा रहा है कि एसीबी की तीन सदस्यीय टीम केजरीवाल के घर पर मौजूद है और वह उनसे 15 करोड़ के दावे को लेकर पूछताछ करेगी। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि उनके 16 उम्मीदवारों को अन्य पार्टी में शामिल होने के लिए फोन आया है और प्रत्येक को 15-15 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया गया है।

अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुछ एजेंसियां दिखा रही हैं कि एक पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रही हैं। पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं कि आप छोड़कर उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हरेक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रहीं हैं तो हमारे उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है? एसीबी के एक अधिकारी ने पुष्टि करते हुए बताया था कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और मुकेश अहलावत के आवासों पर टीमें भेजी है।

### 24 व 25 मार्च को बंद रहेंगे बैंक, यूनियनों ने किया ऐलान

**नई दिल्ली।** बैंक यूनियनों ने पांच दिवसीय कार्य सप्ताह और सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर 24 और 25 मार्च, 2025 को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। नौ बैंक कर्मचारी संघों के संयुक्त संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने यह हड़ताल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कर्मचारी, अधिकारी निदेशकों के पदों को भरने और अन्य लंबित मांगों के समाधान के लिए बुलाई है। यूएफबीयू ने अपने बयान में कहा कि उचित विचार-विमर्श के बाद आंदोलन की शुरुआत के रूप में इस हड़ताल का निर्णय लिया गया है। संगठन ने वित्तीय सेवा विभाग द्वारा प्रदर्शन समीक्षा और प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहनों से जुड़े हालिया निर्देशों को तत्काल वापस लेने की भी मांग की है।

## लैंड फॉर जॉब केस में 17 को सुनवाई लालू परिवार के पांच सदस्य आरोपी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई टल गई है। इस मामले में अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव समेत 78 लोगों के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें लालू प्रसाद यादव के अलावा राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती और हेमा यादव का नाम भी शामिल है। इससे पहले 30 जनवरी को मामले की सुनवाई हुई थी, जिसमें कोर्ट ने दो पूर्व अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दी थी। इसमें एक पूर्व आईएएस अधिकारी आर के महाजन भी शामिल हैं। बता दें कि आर के महाजन लालू के रेल मंत्री रहते रेलवे बोर्ड में कार्यरत थे। सीबीआई का दावा है कि लैंड फॉर जॉब मामले की साजिश में आर के महाजन भी शामिल थे। उन्होंने इस घोटाले में अहम भूमिका निभाई थी। बीते साल ईडी ने भी लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत 10 लोगों को आरोपी बनाया गया है। ईडी द्वारा दायर मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज की गई एफआईआर से निकला है।

### 30 किमी की स्पीड से चल रही हवा, बढ़ी ठंड

**लखनऊ।** फरवरी में लगातार दूसरे दिन सामान्य से कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। इस दौरान तड़के सुबह न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। इसके साथ ही हल्की धुंध का असर भी सुबह के समय बनी रही, फिर मौसम साफहो गया। तेज धूप निकलने के 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल रही। मौसम विभाग का अनुमान है कि लखनऊ का अधिकतम तापमान 26 डिग्री रहेगा। तेज पूर्वी हवा के असर से लखनऊ का मौसम फिर बदल गया है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश का कहना है कि पारा में गिरावट का सिलसिला अभी जारी रह सकता है। मौसम विभाग पछुआ की रफ्तार शनिवार को भी ज्यादा रहेगी। पश्चिमी विक्षोभ गुजरने के बाद हवा की रफ्तार तेज हुई है। आईएमडी ने भी लखनऊ में हाई सरफेस विंड यानी तेज सतही हवा चलने का अलर्ट किया है।

## बेसिक शिक्षा अफसरों के साइक्लोन स्टाइल आदेश देने पर कोर्ट सख्त

▸ कोर्ट ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा से मांगी सफाई

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा साइक्लोन स्टाइल आदेश पारित करने को गम्भीरता से लिया है और प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उप्र लखनऊ से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है।

कोर्ट ने पूछा है कि विवेक का इस्तेमाल किए बगैर अधिकारियों द्वारा साइक्लोन स्टाइल आदेश क्यों और किस कारण से जारी किए जा रहे हैं। याचिका की अगली सुनवाई 5 मार्च को होगी। कोर्ट ने बीएसए झांसी के 21 दिसम्बर 24 को पारित आदेश पर रोक लगा दी है और याची को इस आदेश से पूर्व के स्कूल में काम करने देने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया ने जागृति पाठक की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। प्रश्नगत आदेश से बीएसए ने जांच के बाद याची का निलंबन वापस लेकर बकाया वेतन सहित सेवा बहाल कर दिया और दूसरी तरफ किसी निश्चित अवधि के लिए वेतन रोकने का आदेश दिया।

### श्रीराम मंदिर के लिए पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल का निधन

**नई दिल्ली।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखने वाले राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर चौपाल का बीती रात यहां निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। वनवासी कल्याण केंद्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे राष्ट्रवादी संगठनों के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले चौपाल ने यहां सर गंगाराम अस्पताल में आखिरी सांस ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कामेश्वर चौपाल को एक समर्पित रामभक्त बताया, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही की याचिका हुई खारिज

▸ सुप्रीम कोर्ट ने संभल में तोड़फोड़ के मामले में लिया फैसला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने संभल में संपत्तियों को ढ़हाने के फैसले का कथित तौर पर उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता मोहम्मद गयूर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता से कहा कि वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। पीठ ने कहा, हमें लगता है कि इस मुद्दे को संबंधित अधिकार क्षेत्र वाला उच्च न्यायालय द्वारा ही सबसे बेहतर तरीके से निपटान किया जा सकता है। हम याचिकाकर्ता को अधिकार क्षेत्र वाले उच्च न्यायालय में जाने की स्वतंत्रता देते हुए वर्तमान याचिका का निपटारा करते हैं। 13 नवंबर, 2024 के अपने फैसले में उसने स्वतंत्रता दी थी कि यदि कोई उल्लंघन होता है, तो अधिकार क्षेत्र वाला उच्च न्यायालय शिकायत पर विचार करने का हकदार होगा।

### राजमार्गों पर टोल टैक्स में लोगों को मिलेगी राहत जल्द आएगी नई स्कीम

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले वाहनों पर लगने वाले टोल पर यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर यूजर्स को लाभ पहुंचाने के लिए एक यूनिफॉर्म टोल नीति पर काम कर रही है। गडकरी ने एनडीटीवी से कहा, हमारी रिसर्च पूरी हो चुकी है और स्कीम की जल्द घोषणा की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम शुरू करने पर काम कर रही है। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात का प्रवाह सुगम होगा।

कैबिनेट

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव का अनुमोदन

# मंत्रिमंडल ने स्किल इंडिया कार्यक्रम के पुनर्गठन को दी मंजूरी

▸ शहरी और ग्रामीण आबादी को उच्च गुणवत्ता वाली व्यावसायिक शिक्षा देना उद्देश्य

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए 8,800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ स्किल इंडिया कार्यक्रम को जारी रखने और इसके पुनर्गठन को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

प्रस्ताव के अनुसार प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना और जन शिक्षण संस्थान योजनाओं को अब स्किल इंडिया कार्यक्रम में समाहित किया जाएगा। इसका उद्देश्य कौशल विकास, नौकरी पर प्रशिक्षण और समुदाय आधारित शिक्षा प्रदान करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वंचित समुदायों सहित शहरी और ग्रामीण आबादी की उच्च गुणवत्ता वाली व्यावसायिक शिक्षा तक पहुँच हो।

### सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल तीन साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकार ने सफाई कर्मचारियों के हितों के लिए गठित सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल तीन साल बढ़ा दिया है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त हो रहा है और इसे आगे तीन साल बढ़ाने का निर्णय दिया गया इस तरह से आयोग का अगला 31 मार्च 2028 को समाप्त होगा। इस विस्तार से अगले 3 वर्षों के दौरान आयोग के लिए कुल वित्तीय प्रावधान लगभग 50.91 करोड़ रुपये का होगा।केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस फैसले से सफाई कर्मचारियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को सुविधाजनक बनाने, स्वच्छता क्षेत्र में काम करने की स्थिति में सुधार लाने और खतरनाक सफाई करते समय शून्य मृत्यु दर हासिल करने का लक्ष्य रखने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अधिनियम सितंबर, 193 में अधिनियमित किया गया था और वैधानिक राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का गठन पहली बार अगस्त 194 में किया गया था।

# डीएम की नागरिक संगम पहल से समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

- समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए डीएम ने की नागरिक संगम कार्यक्रम की शुरुआत

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाने और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए नागरिक संगम कार्यक्रम की शुरुआत की। शुक्रवार को नगर पंचायत बेलसर के महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से नागरिकों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया। उनका यह कदम गोंडा में प्रशासन को जनता के करीब लाने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास है। जिलाधिकारी ने कहा, सभी समस्याओं का समाधान समयबद्ध और प्रभावी तरीके से करना प्रशासन की प्राथमिकता है। स्वच्छता और जनसुविधाओं को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।

नागरिक संगम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ गंभीरता से लें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

इस जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बेलसर अनुराग शुक्ल, डीएसओ, डीपीओ, कार्यक्रम, डीपीओ प्रोबेशन, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उनकी सक्रियता और समन्वय से यह कार्यक्रम सफल रहा।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की यह पहल प्रशासनिक पारदर्शिता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उनकी त्वरित कार्रवाई और निर्णय लेने की क्षमता ने जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा दी है।

### प्रमुख शिकायतों का निस्तारण व स्थलीय निरीक्षण

नगर पंचायत बेलसर के महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज के परिसर में नागरिक संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी से अवगत कराया। कोई राशनकार्ड की मांग तो कोई आवास की मांग के साथ-साथ कहीं पेंशन की मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने वार्ड राङगंज, रगङगंज बाजार में मौके का निरीक्षण भी किया और तत्काल प्रभाव से वार्ड की समस्याओं को दूर किए जाने के निर्देश नगर पंचायत बेलसर को दिए। नागरिक संगम कार्यक्रम के दौरान सबसे अधिक प्रार्थना पत्र प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर दिए गए, तथा कुछ प्रार्थना पत्र पेंशन विभाग से संबंधित दिए गए। नागरिक संगम कार्यक्रम के दौरान कालेज परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये।

## तालाब पर अतिक्रमण व गन्दगी का फैलाव शिकायत पर भी नहीं हो रही कार्रवाई

मुझेहना,/गोंडा समृद्धि न्यूज़।



नगर पंचायत धानेपुर में ठठेरी मोहल्ला में स्थित तालाब पर अतिक्रमण जारी है तथा तालाब में जल भराव गंदगी व्याप्त है। शीतला प्रसाद पुत्र राम तीरथ निवासी ठठेरी मोहल्ला ने बताया कि इसकी शिकायत जिला अधिकारी से लेकर के मुख्यमंत्री तक की गई परंतु अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इस तालाब में बहुत सारे घरों का नाबदान का गंदा पानी भरा हुआ है जिससे तरह-तरह की संक्रमण बीमारियां फैलने का आशंका रहता है। दिनांक 16-2-2021को आनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल पर तथा 11 11 21 को चकबंदी अधिकारी 8 9 2021 को सम्पूर्ण समाधान दिवस5-2-24को जिला अधिकारी 04-01-25को समाधान दिवस पर की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि 05-07-2023में 11लोगोपर 67/1की कार्यवाही शुरू हुई उसके बाद भी कई मकान बन चुके हैं। अतिक्रमण गंदगी जारी है।

# लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप डॉक्टर, प्रशासन बेखबर

गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़



मुख्यालय से महज कुछ दूर झोलाछाप डॉक्टरों की लगी है भरमार जिम्मेदार बने अन्जान। मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा समय-समय पर जांच का हवाला साबित हो रहा महज जुमला यह बात लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है की जनपद मुख्यालय कहे या सीएमओ कार्यालय से महज 15 किलोमीटर के दायरे में आने वाला बग्गीरोड और निगावाबोध से सुभाग पुर लिंक रोड पर झोलाछाप डॉक्टरो की भरमार है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नजर नहीं जाती।वहीं लोगों का कहना है कि इन झोलाछाप डाक्टरों के विभागीय सूत्र होते हैं तथा सूत्रों से यह भी जानकारी मिलती है कि झोलाछाप डॉक्टरों पर कोई कार्यवाही नहीं होती है और हर महीने मोटी रकम के रूप में पेसगी पहुंच जाती है।गांव में बैठे झोलाछाप डॉक्टरों के पास मेडिकल बेस्ट निस्तारण की भी उचित व्यवस्था नहीं होती रात होते ही झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा गांव के किनारे मेडिकल बेस्ट को खुले मे फेक दिया जाता है या जला दिया जाता है लेकिन इससे स्वास्थ्य महकमे को कोई फर्क नहीं पड़ता है लेकिन यह स्वास्थ्य विभाग जब कोई बड़ी घटना घटती है तब जागता है और अनन फानन में कार्यवाहियों का झुनझुना बजाकर फिर सो जाता है।फिर हाल जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरी कृपाल अन्तर्गत ग्राम निगवाबोध से सुभाग पुर रोड और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेहनौन अन्तर्गत बग्गी रोड पर बैठे डॉक्टरो के भेष में झोलाछाप यमराजों से भोली-भाली गरीब ग्राम निवासियों को मुक्त कराने का कार्य भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारो को करना चाहिए।

## बाल श्रम उन्मूलन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

- डीएम की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

गोण्डा समृद्धि न्यूज़।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों की बैठक, दत्तक ग्रहण, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल श्रम उन्मूलन, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), बालगृह (बालिका), उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड व सामान्य), स्पान्सरशिप (प्रवर्तकता कार्यक्रम), मिशन शक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टाप सेंटर, हब फॉर इम्पावरमेंट आफ वूमेन, शक्ति सदन, एन.सी.पी.सी.आर. संयुक्त कार्ययोजना, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न व उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल श्रम उन्मूलन पर विशेष ध्यान दिया जाय। किसी भी जगह बाल श्रम में लिप्त होते बच्चे न पाये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पी वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज मौर्या, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शैलेन्द्र त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, सीडब्लूसी अध्यक्ष प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, यूनिसेफ के अनिल कुमार द्विवेदी, अखलाक अहमद, दीपक दूबे, संतोष कुमार दूबे, चन्द्रमोहन वर्मा, चेतना सिंह, मनोज कुमार, आशीष मिश्र, ऋचा तिवारी, सिद्धनाथ पाठक, प्रदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# आजादी के 77 साल बाद भी बिजली के इंतेजार में हैं भानपुरवा के ग्रामीण

नरेंद्र लाल गुप्ता




गोंडा, समृद्धि न्यूज। आज हम आपको एक ऐसे गांव की खबर बता रहे हैं जहां आजादी के 77 वर्ष बीतने के बाद भी बिजली नसीब नहीं हो पाई पूरा गांव अंधेरे में डूबा रहता है पढ़ाई करने वाले बच्चे मोमबत्ती के सहारे अपनी पढ़ाई पूरी करते हैं इस बारे में स्थानीय गांव के लोगों मेहनौन विधानसभा के ग्राम पंचायत नव्वागांव से संबंधित है जहां बिजली के लिए मंडल आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से अवध बार एसोसिएशन उच्च न्यायालय के उपाध्यक्ष गणेश नाथ मिश्र व स्थानीय गांव के लोगों ने एक मांग पत्र दिया जिसमें यह कहा गया मुझे न ब्लॉक के ग्राम पंचायत नव्वागांव के भानपुरवा में आजादी के 77 वर्ष बीतने के बाद भी वहां के लोगों को बिजली नसीब नहीं हो पाई वही गांव के बड़े बुजुर्ग का कहना है की कई पीढ़ियां अंधेरे में गुजर गई मगर बिजली का उजाला न हो सका आगे ग्रामीणों ने बताया कि यहां लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थी है जो मोमबत्ती के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर है मंडल आयुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है इस प्रकरण में जल्द से जल्द कार्रवाई करके जानकारी उपलब्ध कराये।

## खबरें एक नजर में

### पीआरडी जवानों का पुनर्प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



बहराइच, समृद्धि न्यूज। देवीपाटन मंडल के पीआरडी जवानों के 15 दिवसीय पुनर्प्रशिक्षण के तीसरे दिन मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र मरौचा विकासखंड तेजवापुर में जिला आपदा प्रबंधन टीम के आपदा विशेषज्ञ प्रशिक्षक सुनील कुमार कनौजिया व अखिलेश चौधरी द्वारा पीआरडी जवानों की 7 टोलियों को विषम परिस्थितियों में आपदा से लड़ने एवं सीमित संसाधनों में उससे निपटने के गुर सिखाए गए। जिसमें कुल 220 जवान व सभी प्रशिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने जवानों को आग, बाढ़, सर्पदंश व भूस्खलन आदि के समय तुरंत जो तरीके अपनाने चाहिए उन बातों के विषय में जवानों को सूक्ष्मता से बताया गया।उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी श्रावस्ती प्रदीप कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।उन्होंने भी जवानों को ट्रेनिंग की महत्ता बतलाते हुए बेहतर टर्न-आउट एवं सिखायी गयी बातों को दैनिक दिनचर्या में अमल लेन के लिए प्रेरित किया। मौके पर जवानों के प्रथम चिकित्सा उपचार के लिए डॉ. अरशद की टीम उपस्थित रही।इस अवसर कैंप मेजर विकास वर्मा के साथ-साथ विभिन्न जनपदों के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन कुमार, पंकज तिवारी, शिवांशु पटेल, अखिलेश चौधरी, अजय गुप्ता, विनम्र शुक्ला, आलोक सिंह, शैलेश मिश्रा, माता प्रसाद तथा अतुल कुमार ने ड्यूटीरत रहते हुए अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

### जिले को डिजिटल क्रॉप सर्वे में मिला 53वां स्थान



- डीएम ने जताई नाराजगी, कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

बहराइच समृद्धि न्यूज। शासन से जारी ई -खसरा पड़ताल (डिजिटल क्रॉप सर्वे) की प्रगति की रैंकिंग में जनपद 53वें स्थान पर है। कम प्रगति पाए जाने पर डीएम मोनिका रानी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये है कि 28 फरवरी तक 80 प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाए।डीएम मोनिका रानी ने डिजिटल क्रॉप सर्वे में 28 फरवरी तक खराब प्रगति वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी 2024-25 में बोई गई समस्त फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 11 जनवरी से प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत 5 फरवरी तक कुल 44628 गाटों का सर्वे पूरा किया जा चुका है जो निर्धारित लक्ष्य का 4.6 प्रतिशत है। डीएम ने बताया कि इस कार्य के लिए कृषि, राजस्व, पंचायती राज और मनरेगा विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है इसके तहत कुल 10 लाख 48784 गाटों का सर्वे 31 मार्च 2025 के पूर्व शत प्रतिशत कराया जाना है। उन्होंने कृषि, राजस्व, मनरेगा एवं पंचायत राज विभाग के लगे सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का 80 प्रतिशत कार्य 28 फरवरी 2025 तक करना सुनिश्चित किया जाए।उन्होनें फार्मर रजिस्ट्री में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण भी नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद के कृषि, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारीयो, अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें अन्यथा जिम्मेदार कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने वांछित गैंगस्टर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।



- थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने कसा अपराध पर शिकंजा
- पुलिस टीम की बड़ी जीत, अपराधियों में हड़कंप

जिले में अपराध पर कड़ा प्रहार करते हुए थाना विशेश्वरगंज पुलिस ने वांछित गैंगस्टर लड्डन पुत्र शेर अली उर्फ शेरखान को दबोच लिया। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह की अगुवाई में इस कुख्यात अपराधी पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस टीम ने बेहतरीन रणनीति अपनाई और आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अपराधी पर लूट, डकैती, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और गोवध अधिनियम जैसी संगीन धाराओं में कई मुकदमे दर्ज थे। कानून को खुली चुनौती देने वाले इस अपराधी पर पुलिस की पैनी नजर थी, जिसे आखिरकार 07 फरवरी 2025 को धर दबोचा गया। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह और उनकी टीम ने इस अभियान में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। इस कार्रवाई के बाद इलाके में गैंगस्टर नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है और अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है।

**अपराध मुक्त बहराइच की ओर एक और मजबूत कदम :-** बहराइच पुलिस ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अपराधी चाहे जितना भी चालाक हो, क़ानून से बच नहीं सकता। इस साहसिक और प्रभावी अभियान के लिए थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह और उनकी टीम की सराहना की जा रही है। अपराधियों पर पुलिस की यह कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### फर्जी नंबर प्लेट लगी कार से दो कुंटल मांस बरामद, एक गिरफ्तार



- विशेश्वरगंज पुलिस व स्वाट टीम की बड़ी सफलता

**पयागपुर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विशेश्वरगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। गोण्डा बॉर्डर बैरियर (बहराइच-गोण्डा रोड) पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध सैंट्रो कार को रोका, जिसमें फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। जब पुलिस ने तलाशी ली, तो गाड़ी में दो कुंटल मांस के बड़े-बड़े टुकड़े बरामद हुए।

**मामला दर्ज कर भेजा न्यायालय :-** पुलिस ने मौके पर ही अभियुक्त आमिर निवासी चांदपुरा मोहल्ला, थाना कोतवाली नगर, जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ धारा 319(2)/318(4)/336(3)/341/340(2)/325 बीएनएस और 11(ठ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।अभियुक्त को गिरफ्तार कर विशेश्वरगंज थाने में मु0अ0सं0 3372/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया और न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई।

**पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हुई कार्रवाई :-** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) एवं क्षेत्राधिकारी पयागपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में यह ऑपरेशन सफल हुआ।

**पुलिस टीम की रही सराहनीय भूमिका :-** पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक अंजनी कुमार राय,उपनिरीक्षक अजय कुमार ,हेड कांस्टेबल रणजीत कुमार,हेड कांस्टेबल रामप्रताप ,कांस्टेबल बिंद्रेश यादव थाना विशेश्वरगंज,उपनिरीक्षक दीपक सिंह,कांस्टेबल धीरेन्द्र सिंह तोमर, कांस्टेबल नियाज अंसारी, कांस्टेबल विकास सिंह स्वाट टीम की सराहनीय भूमिका रही।

**जनता ने की पुलिस टीम की सराहना :-** विशेश्वरगंज पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। आम जनता ने पुलिस की सतर्कता और अपराध पर सख्त रुख की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

### नवविवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रामपुर बरई गांव निवासी एक विवाहिता का शव घर में फंदे से लटकता मिला। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तीन माह पूर्व ही उसकी शादी ही थी। रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर बरई के मजरा पेरी निवासी सरोज (23) पत्नी राजू का शव गुरुवार रात को छत के कुंडे से लटकता मिला। शव लटकता देख हड़कंप मच गया। महिला के ससुर ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उप जिला मजिस्ट्रेट को घटना की जानकारी दी। नायब तहसीलदार और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मालूम हो कि विवाहिता की तीन माह पूर्व ही शादी हुई थी।

इस मामले में थानाध्यक्ष राजनाथ सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि महिला ने आत्महत्या कर जान दी है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# केबीसी के हॉट सीट पर बैठ आरव ने बढ़ाया मान

- एसपी ने माला पहनकर व प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के कैसरगंज में प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक के बेटे ने कौन बनेगा करोड़पति के हॉट सीट पर बैठकर 3 लाख 20 हजार रुपये जीता है। बच्चे के इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक ने उसे सम्मानित किया है। केबीसी की हॉट सीट तक पहुंचने वाले आरव को गुरुवार की शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में माला पहनकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।आरव ने कौन बनेगा करोड़पति अंडर 16 में 3 लाख बीस हजार रुपए की धनराशि जीती है। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने आरव के पिता शिक्षक रसल रघुवंशी व माता रीना सिंह की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि आरव को इस मुकाम तक पहुंचाने मे उनका योगदान बेहद सराहनीय है।इस मौके पर एएसपी नगर रामानन्द कुशवाहा, सीओ रवि खोखर, प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, नगर पंचायत अध्यक्ष यूसुफ अली सोनू, बकाउल्लाह, मनोज सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मालूम हो शिक्षक मूल रूप से आजमगढ़ के रहने वाले हैं। आठ साल से यहीं परिवार के साथ रह रहे हैं।

# डीएम ने बीडीओ, सीडीपीओ, कृषि कार्यालय व पशु चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

- क्षेत्र भ्रमण पर निकली सुपरवाईजर, डीएम ने वीडियो कॉलिंग कर की पुष्टि
- सभी कार्मिक कार्यालय छोड़ते समय मूवमेन्ट पंजिका को अवश्य भरें : मोनिका रानी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



### आवेदन-पत्रों का निस्तारण समय से करने के निर्देश

डीएम ने निर्देश दिया कि आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक व समय से किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि आवासीय योजनाओं में निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाय तथा गार्ड फाइल एवं विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित शासनादेशों को सुरक्षित सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाय। डीएम ने ब्लाक कार्यालय के निरीक्षण के उपरान्त बाल विकास परियोजना अधिकारी पयागपुर के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय का गेट टूटा हुआ पाया गया। डीएम ने निर्देश दिया कि गेट को तत्काल दुरूस्त कराएं तथा कार्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई में और सुधार लाया जाय। बाल विकास परियोजना अधिकारी व सुपरवाईज़र की गैर मौजूदगी के बारे में बताया गया कि सीडीपीओ बैठक हेतु जिला मुख्यालय गये हैं तथा सुपरवाईज़र क्षेत्र भ्रमण पर निकली है। डीएम ने क्षेत्र भ्रमण की पुष्टि के लिए सुपरवाईज़र से वीडियो कॉलिंग करने पर पाया कि सुपरवाईज़र आंगनबाड़ी केन्द्र खुटेहना पर मौजूद है। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी कार्मिक कार्यालय छोड़ते समय मूवमेन्ट पंजिका को अव३श्य भरे। डीएम ने यहां पर स्टाक व उठान पंजिका का भी अवलोकन किया तथा सम्बन्धित से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

कार्यालयों एवं परिसर की साफ-सफाई, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव, उपलब्ध संसाधनों इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय पयागपुर, सीडीपीओ कार्यालय, किसान कल्याण केन्द्र तथा पशु चिकित्साधिकारी पयागपुर के कार्यालय का निरीक्षण किया। विकास खण्ड मुख्यालय पयागपुर परिसर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी दिपेन्द्र पाण्डेय को निर्देश दिया कि परिसर में जहां पर भी स्थान रिक्त हो शोभाकार पौधे रोपित करा दें।विकास खण्ड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्ष-कक्षों की साफ-सफाई एवं अभिलेखों के रख-रखाव को देखा तथा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। डीएम ने आवास, मनरेगा, एनआरएलएम, आईजीआरस एवं शिकायत पटल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सीडीपीओ कार्यालय के निरीक्षण के पश्चात डीएम ने पशु चिकित्सालय पयागपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अंकित वर्मा चिकित्सा अवकाश पर है। डीएम ने ओपीडी को देखा तथा चिकित्सालय आने वाले दवाओं की उपलब्धता, पशुओं की चिकित्सा व उपचार तथा वैक्सीन फ्रीज़र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। डीएम को बताया कि दवाएं इत्यादि उपलब्ध हैं तथा वैक्सीन फ्रीज़र भी क्रियाशील है। डीएम ने साफ-सफाई को और बेहतर करने का निर्देश दिया। चिकित्सालय के निरीक्षण के उपरान्त डीएम ने किसान कल्याण केन्द्र का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार ओम प्रकाश दुबे को निर्देश दिया कि किसान कल्याण केन्द्र के साफ-सुथरा रखा जाय।विकास खण्ड परिसर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने जर्जर भवनों को देख कर निर्देश दिया कि यदि मरम्मत के उपरान्त इन्हे उपयोग में लाया जा सकता है तो मरम्मत करा दी जाये अन्यथा इन्हें निष्प्रयोज्य घोषित कर अग्रिम कार्यवाही की जाय।

# प्रतिष्ठानों से छह बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

- पुलिस और श्रम विभाग ने की कार्रवाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



पुलिस, श्रम विभाग और संस्था की टीम ने फखरपुर कस्बे में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर काम कर रहे छह बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। मेडिकल के बाद कल्याण समिति न्यायालय पर पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण /नोडल अधिकारी एएचटीयू की देखरेख में अखिल भारतीय बाल बचाव व पुनर्वास , किशोर श्रम उन्मूलन हेतु बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चल रहा है।उन्होंने बताया कि एएचटी प्रभारी निरीक्षक, श्रम विभाग,जिला प्रोवेशन,देहात इंडिया व प्रथम संस्था बहराइच की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र फखरपुर में बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभियान के अन्तर्गत टीम द्वारा छह नाबालिग बाल श्रमिकों को भिन्न भिन्न स्थानों से बालश्रम से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया गया एवं नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग की टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। रेस्क्यू अभियान के अन्तर्गत 1 बाल श्रमिकों को भिलौरा मोड़ के पास, बिल्डिंग की दुकान थाना फखरपुर, 4 बाल श्रमिकों को मदन कोठी लखनऊ रोड थाना फखरपुर व 1 बाल श्रमिक फखरपुर बाजार से रेस्कयू किया गया। इसके बाद सभी को बाल कल्याण समिति न्यायालय में पेश किया गया। फिर सभी को घर भेज दिया गया।

# बलरामपुर ने लॉड्र्स क्रिकेट क्लब को हराया



- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर रोहित वर्मा को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

बहराइच, समृद्धि न्यूज। इंदिरा गांधी स्टेडियम में शुक्रवार को द्वितीय इशरत महमूद खान क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन भीमू इलेवन बलरामपुर व लॉड्र्स क्रिकेट क्लब के मध्य मुकाबला खेला गया । भीमू इलेवन के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 30 ओवरों में टीम ने सभी विकेट खोकर 183 रन बनाए। जिसमें दिव्यांश ने 66 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लॉड्र्स क्रिकेट क्लब 29.2 ओवर में सभी विकेट के नुकसान पर 152 रन ही बना पाई और मुकाबला 31 रनों से हार गई ।टीम की तरफ से संदीप ने सर्वाधिक 59 रनों का योगदान दिया। मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर रोहित वर्मा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। निर्णायक के रूप में मनीष सिंह व आशुतोष कैराती मौजूद रहे। आंखों देखा हाल आदिल जमीर ने सुनाया व स्कोरर की भूमिका देवाशीष राय ने निभाई। मैच के दौरान ,आयुष चित्रांश, विनोद कुमार, शौर्य प्रताप सिंह,नारायन मनी त्रिपाठी,आशुतोष कैराती,तुषार सोनी,कृष्णा सिंह , भोला सहित सैकड़ो क्रिकेट दर्शक मौजूद रहे।

# ईओ ने वेस्ट प्लांट का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

भवनों के निष्प्रयोज्य मलबों का अब उपयोग में लाया जाएगा। नगर पालिका परिषद की ओर से कूड़ा निस्तारण प्लांट के निकट कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलेशन वेस्ट (निर्माण एवं विध्वंस कचरा) प्लांट लगवाया जा रहा है। इस प्लांट में मलबों का रिसाइकिलिंग करके प्रयोग में लाया जाएगा। शनिवार को पालिका अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने लेखाकार गिरीश बहादुर सिंह के साथ प्लांट निर्माण का औचक निरीक्षण किया।




अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने बताया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई के साथ ही प्रदूषण को भी कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है। इस प्लांट के संचालन से शहर की सबसे बड़ी समस्या लोगों द्वारा सड़क के किनारे फेंके जा रहे भवनों के मलबों का ढेर हटाया जा सकेगा। इसके लिए पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। इस प्लांट पर भवनों के मलबों को लाकर वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण करने के साथ ही रिसाइकलिंग करके दोबारा उपयोग में लाया जाएगा। इस प्लांट में करीब 54 लाख रुपये खर्च होना है। ईओ ने बताया कि ऐसे मलबों को लाकर क्रश (तोड़) किया जाएगा। इससे इंटरलॉकिंग ईंटें बनाई जाएंगी। साथ ही बालू भी निकाला जाएगा। इतना ही नहीं री-साइकिल्ड मलबे का इस्तेमाल सड़कों की मरम्मत में भी किया जाता है। इसके अलावा लोगों को घरों में फर्श आदि बनाने में भी खरीदने पर उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पालिका की आय भी होगी।

# वाहन चालकों की लापरवाही का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

लोगों की लापरवाही कभी भी पड़ सकती है जिंदगी पर भारी, ऐसा नजारा तब देखने को मिला जब रेलवे गेट बंद होने के समय गेट पार करने की होड में करीब आठ मिनट तक वाहनों की भगदड़ मची रही। पूरी घटना बृहस्पतिवार देर शाम 7:30 बजे की है जब बांदा बहराइच हाईवे पर कस्बा स्थित लखनऊ प्रयागराज रेल खंड की रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन रेलवे गेट बंद होते समय भी लोग जल्दबाजी के चलते वाहनों को रेलवे गेट से पार करने की कोशिश में जुट जाते हैं। बाइक सवार ही नहीं इसमें भारी वाहन चालकों समेत रोडवेज बस चालक भी शामिल है । ऐसा ही माजरा गुरुवार शाम देखने को मिला । जब ट्रेन निकलने का सिग्नल गेटमैन को मिला। गेटमैन ने रेलवे गेट बंद करने के लिए बटन दबाया और तेजी से सायरन की आवाज आने लगी। पर वाहन चालक रेलवे क्रॉसिंग क्रॉस करने में जुटे रहे। इसी दरमियान एक रोडवेज बस को भी रेलवे क्रॉसिंग पार करने की जद्दोजहद करते हुए देखा गया।



लगभग 8 मिनट तक गेट मैन रेलवे गेट बंद करने का प्रयास करता रहा। पर लापरवाह वाहन चालकों के चलते हैं, वह रेलवे गेट नहीं बंद कर पाया। जब वाहन रुके तो उसने रेलवे गेट बंद करके ट्रेन को क्रॉस कराया है। ऐसी लापरवाही कभी भी किसी बड़े हादसे का सबब बन सकती है। पर लोग जल्दबाजी के चलते अनजान बन रहे हैं। इसके पहले भी कई बार वाहनों की टक्कर से रेलवे गेट के बूम टूट चुके हैं। पर गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### नीलगाय को बचाने के चक्कर में पलटा कार सवार

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** सड़क पर बेसहारा पशु और नीलगाय वन रोज लोगों के लिए आफत बने हुए हैं ।बीती रात पारा कला से शादी समारोह से वापस अपनी कार यूपी 33 ए क्यू 4545 त्रिपुला रायबरेली निवासी राजू यादव ओथी के पास नीलगाय को बचाने के चक्कर में सड़क से नीचे खाई में जा गिरे वही उनकी गाड़ी उलट पलट गई गनीमत या रही कि चोटिल नहीं हुए अस्पताल गए और प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी।

### हमारा आंगन-हमारे बच्चे एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** हमारा आंगन हमारे बच्चे एक दिवसीय कार्यशाला उत्सव के रूप में ब्लॉक संसाधन केंद्र राजापुर माफी के प्रांगण में आयोजित हुई। जिसमें विकास क्षेत्र के को-लोकेटेड के नोडल शिक्षक एवं कार्यकत्रियों ने अपने विद्यालय के तीन-तीन बच्चों सहित सहभागिता दर्ज कराई। नन्हे मुन्ने बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी के समन्वय से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से आरंभ हुआ। सरस्वती वंदना तलत एजाज ने प्रस्तुत की जबकि कार्यक्रम का संचालन गौरव शर्मा ने किया । अतिथियों के स्वागत के पश्चात बोलते हुए बीईओ सुधा वर्मा ने कहा की बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालो को शिक्षा की ओर बढ़ावा दिया जा रहा है बुनियादी शिक्षा में बाल वाटिका के 3 से 6 आयु वर्ग के लिए आंगनबाड़ी केंद्र एवं उनसे अधिक आयु के बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में नामांकित करवाने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है हमारा आंगन हमारे बच्चे ब्लॉक स्तरीय उत्सव समारोह का मुख्य उद्देश्य बेसिक एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से छात्र नामांकन में बढ़ावा देना है। रिटायर्ड शिक्षक मोहम्मद इस्माइल खान ने कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम बेसिक शिक्षा में बच्चों के नामांकन के लिए एक बेहतर कदम है। इस अवसर पर संदीप सिंह, तुलसीराम, आशुतोष, सत्य प्रकाश भारती एआरपी ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### अभियान खत्म, सड़कों के घाव पर अब तक नहीं लगा मरहम



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** सरकार की पहल पर शहर से लेकर गांव तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान चलाया गया ।जो कागजों तक सिमट कर रह गया। बुधनी बाजार- मीरपुर संपर्क मार्ग करीब 300 मी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे है ।गड्ढे तो गड्ढे डामर का पता ही नहीं है। उजड़ी गिट्टियों पर चलना राहगीरों के लिए खतरे से खाली नहीं है। बाइक एवं साइकिल सवार के साथ पैदल राहगीर आए दिन गिट्टियों में धंस कर चोटिल होते रहते हैं। गांव के लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों से कई बार सड़क मरम्मत की गुहार लगाई ।बावजूद कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिस कारण गांव वासियों को इस मार्ग पर आवागमन करने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लग ही नहीं रहा कि कभी सड़क बना था। इस सड़क पर अब तक मरहम नहीं लगा। वहीं ग्रामीण कामता, साधन, राम अजोर, सोनू, गंगाराम, आरजू, उदयभान, आशीष, रजत, दीपक आदि का कहना है की बुधनी से मीरपुर जाने वाली सड़क का आगमन में बहुत मुश्किल है। यह सड़क मीरपुर ग्राम का मुख्य मार्ग है। यह सड़क बने लगभग एक दशक बीत गए। जिससे इस मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीणों को हर दिन चोटिल होते रहते हैं। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सड़क मरम्मत करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने बताया कि जांच कर संबंधित विभाग को रिपेयरिंग के लिए पत्र लिखा जाएगा।

### आपार बना अध्यापकों के लिए सिरदर्द, आईडी जेनरेशन में आ रही दिक्कतें

**उतरौला (बलरामपुर)** सरकारी विद्यालयों के साथ-साथ निजी विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों के लिए आपार (Aadhaar-Enabled Pupil Attendance Registry - APAR) प्रणाली किसी बड़े सिरदर्द से कम नहीं साबित हो रही है। सरकार द्वारा जारी निर्देशों के तहत प्रत्येक छात्र की आपार आईडी अनिवार्य कर दी गई है, लेकिन अधिकांश बच्चों की आईडी अभी तक जनरेट नहीं हो सकी है, जिससे अध्यापकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आपार आईडी जेनरेट करने की प्रक्रिया में बार-बार आ रही तकनीकी समस्याओं की वजह से शिक्षकों का समय बर्बाद हो रहा है। सर्वर की धीमी गति, पोर्टल में बार-बार होने वाली गड़बड़ियां, आधार कार्ड की गलतियां, जन्मतिथि में त्रुटि और अन्य दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया में आ रही परेशानियों के कारण शिक्षकों को बार-बार आवेदन करने की जरूरत पड़ रही है। इसके चलते विद्यालयों का शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। सरकारी बेसिक विद्यालयों के अध्यापक ही नहीं, बल्कि निजी विद्यालयों के शिक्षकों को भी आपार प्रणाली के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि सभी छात्रों की उपस्थिति अब इस प्रणाली के माध्यम से दर्ज की जाएगी, इसलिए बिना आपार आईडी के यह कार्य संभव नहीं हो पा रहा है। कई स्कूलों में शिक्षक एकेडमिक कार्य छोड़कर दिनभर आपार आईडी जेनरेट करने की मशक्कत में लगे हैं। शिक्षकों का कहना है कि यदि आपार प्रणाली को सुचारू रूप से लागू करना था, तो पहले से सभी बच्चों की जानकारी पोर्टल पर अपडेट होनी चाहिए थी। लेकिन अचानक से इसे अनिवार्य करने से शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ आ गया है। स्कूलों में संसाधनों की कमी भी एक बड़ा कारण है, क्योंकि कई विद्यालयों में कंप्यूटर, इंटरनेट और स्कैनर जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे यह प्रक्रिया और जटिल हो गई है। अध्यापकों ने शासन से मांग की है कि आपार आईडी जेनरेशन की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और यदि कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो सरकार इसे अनिवार्य करने की समय-सीमा को बढ़ाए। इसके अलावा, विद्यालयों में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिससे शिक्षकों को अपने शिक्षण कार्य से समझौता न करना पड़े। अब देखना होगा कि शासन इस समस्या का समाधान निकालता है या फिर शिक्षक इसी प्रकार प्रशासनिक दबाव में फंसे रहते हैं।

# ट्रक से टकराई कार, बाल बाल बचे सवार

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

चौराहे से घूमने के चक्कर में कार सवार की जल्दबाजी के कारण कार ट्रक से टकरा गई जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए। दोनों चालको के बीच काफी देर तक बहस होती रही। घटना शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे के आसपास शेखपुर समोधा बाईपास चौराहे की है। जहां लालगंज की ओर से आ रहा एक ट्रक जिसे मौरावा मार्ग की तरफ उसे घूमना था। घूमते समय ट्रक की रफ्तार कम हो गई और वह घूम रहा था। तभी पीछे से आ रही एक कार जो ट्रक के बाई तरफ से आगे निकलने का प्रयास किया। तभी ट्रक के अगले हिस्से से कार टकरा गई। गनीमत यह रही कि ट्रक की रफ्तार धीमे थी। जिसके चलते कार तो




क्षतिग्रस्त हो गई, परंतु कार सवार बाल बाल बच गए। कार चालक व ट्रक चालक दोनों के बीच हाईवे पर बहस बाजी होने लगी। और दोनों तरफ से आवागमन भी लोगों का बाधित हो गया। काफी देर बहस बाजी करने के बाद, आसपास के लोगों के द्वारा बीच बराव कर मामले को शांत कराया गया। मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक बताया गया है, कि कार चालक के द्वारा ही जल्दबाजी के चक्कर में अपने वाहन को निकाला जा रहा था। तभी ट्रक से कार टकरा गई।

### अनियंत्रित बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, गंभीर

**बछरावा, रायबरेली।** बाइक सवार युवक की तेज रफ्तार होने के चलते सड़क पर किनारे खड़ी एक महिला को उसने टक्कर मार दी गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना शुक्रवार सुबह 7:30 बजे की है जब बछरावां कस्बा अंतर्गत संजय नगर कॉलोनी से निकलकर लखनऊ प्रयागराज हाईवे मार्ग पर महिला सरिता जैन उम्र 58 वर्ष पत्नी अखिलेश निवासी संजय नगर कॉलोनी किसी काम के लिए आई हुई थी। तभी एक बाइक सवार युवक जो अपनी बाइक लेकर रायबरेली से बछरावां की ओर आ रहा था। अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे खड़ी हुई महिला को उसने टक्कर मार दी गई। बाइक सवार युवक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। बाइक का नंबर आसपास के लोगों ने नोट कर लिया और युवक घटनास्थल से बाइक लेकर फरार हो गया। महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई जिसे आसपास के लोगों ने बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां महिला का प्राथमिक उपचार किया गया है परंतु गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर किया गया है।

# एनएसपीएस में फेयरवेल सेरेमनी का हुआ आयोजन




**कक्षा 12 के छात्र - छात्राओं को बेहतर सफलता हेतु दी गई शुभकामनाएं**

**बगहा, सलोन, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

विद्यालय परिसर में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं की फेयरवेल सेरेमनी आयोजित हुई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग एवं मूल्यपरक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, व्याख्यान और ग्रुप डांस आदि शामिल रहे। हम पागल नहीं हैं भइया हमारा दिमाग खराब है गीत पर प्रस्तुत ग्रुप डांस सबसे अच्छी प्रस्तुति रही। कक्षा 12 की मानसी, रिद्धिमा, और आदित्य सिंह के व्याख्यान भावनात्मक व अपने जूनियर्स के लिए प्रेरक रहे। शिक्षिका सोनल तिवारी के निर्देशन में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूह व युगल नृत्य बेजोड़ तथा संगीत शिक्षक शुभेंदु वर्मा द्वारा तैयार कराया गया इंस्ट्रूमेंट्स सांग बेहद रोचक रहे। कक्षा 12 की आराध्या सिंह ने अपने एकल गान से खूब वाहवाही बटोरी। इन कार्यक्रमों के मध्य फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर्स को पोएट्रिक टाइटिल और स्मृति-चिह्न के माध्यम से शुभकामना सहित भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए एवार्ड भी प्रदान किए गए, जिसमें आदित्य सिंह स्टूडेंट आफ दि ईयर, हर्षित जायसवाल स्पोर्ट्स परसन आफ दि ईयर तथा शतप्रतिशत उपस्थिति के लिए सुभी सिंह,पलक यादव, सार्थक यादव और सौरभ मौर्य चुने गए। मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल का एवार्ड क्रमशः फलक नाज़ व अभिनव मिश्र को प्रदान किया गया। आज के समारोह के आरंभ में विद्यालय के संस्थापक प्रबंध निदेशक और आज के मुख्य अतिथि माननीय डॉ. शशिकांत शर्मा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं उनका पूजन अर्चन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और मुख्य अतिथि के सम्मान में टीका अलंकरण,बैज़ अलंकरण और स्वागत गान के साथ हुआ। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. शशिकांत शर्मा ने बच्चों से कहा कि न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल हमेशा आपके साथ रहेगा। उन्होंने सीबीएसई द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2025 में शामिल होने जा रहे कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को बेहतर सफलता हेतु शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर स्वाध्याय करते रहने के लिए प्रेरित किया। विदाई समारोह के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह ने भी बच्चों को उनके उज्जवल एवं सफल भविष्य हेतु शुभकामनाएं ज्ञापित कीं और फेयरवेल पार्टी को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु अध्यापक-अध्यापिकाओं को धन्यवाद दिया।

# इलाज कराने गए पत्रकारों को डाक्टरों ने पीटा

**बाहर से दवा लिखने को लेकर की थी आपत्ति, धक्का-मुक्की और मारपीट का वीडियो वायरल**

**लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को इलाज कराने पहुंचे दो सोशल मीडिया के पत्रकारों को डॉक्टरों व उनके सहयोगी गुर्गो ने जमकर पिटाई कर दी। डॉक्टरों और उनके गुर्गो की गुंडई देखकर अस्पताल परिसर में मौजूद मरीज सहम गए और थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और अस्पताल में तैनात गार्डो ने किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। पत्रकारों से मारपीट और धक्का मुक्की का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। हालांकि समृद्धि न्यूज समाचार पत्र



वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित युवकों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी डॉक्टरों और उनके सहयोगी युवकों के विरुद्ध कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के पिपरी मजरे गोझरी निवासी विजय प्रताप सिंह अपने साथी राम प्रकाश के साथ अस्पताल में इलाज कराने गए थे। उनका कहना है कि बाहर की दवाएं लिखे जाने पर उन्होंने आपत्ति की। इस पर डॉक्टर गौरव पांडेय व उनके सहयोगी युवक मारपीट करने लगे। धक्का मारते हुए उन्हें बाहर तक खदेड़ दिया। इसी बीच डॉ सत्यजीत भी अपने अवांछित गुंडों के साथ पहुंचकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की गला दबाकर मार डालने की कोशिश की। मारपीट देखकर वहां मौजूद बड़ी संख्या में मरीज सहम गए अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल हो गया अस्पताल में तैनात उत्तर प्रदेश सैनिक कल्याण निगम के गार्डो ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली आने को कहा। वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल का कहना है कि ओपीडी में मरीजों की काफी भीड़ थी। दोनों युवक आकर अकारण वीडियो बना रहे थे। डॉक्टरों के पूछने पर झगड़ा करने पर आमादा हो गए। किसी से कोई मारपीट नहीं की गई। युवकों के विरुद्ध तहरीर दी जाएगी। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि एक पक्ष से शिकायती पत्र मिला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पैदल चल रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल चल रहा अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी लाया गया जहां उसका इलाज किया गया। घटना बृहस्पतिवार रात्रि 10:00 बजे के आसपास की है जब अधेड़ व्यक्ति शिवनाथ उर्फ पप्पू पुत्र श्री राम उम्र 50 वर्ष निवासी रसूलपुर बछरावां से वापस पैदल अपने गांव की ओर जा रहा था। गांव के नजदीक पहुंचते ही बछरावां महाराजगंज मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन के द्वारा उसे पीछे से टक्कर मार दी गई। हादसे में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने घायल व्यक्ति को एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया, जहां अधेड़ का इलाज किया गया। घायल शिवनाथ के मुताबिक वह बछरावां से पैदल अपने गांव की ओर जा रहा था तभी महाराजगंज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### कार चालक की लापरवाही आई सामने, गेट से टकराकर बाइक सवार जख्मी

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर स्थित हरदोई गांव के पास एक निजी होटल के सामने खड़ी एक कार के चालक की लापरवाही सामने आई है। जहाँ चालक द्वारा अचानक कार का गेट खोलने पर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आपको बताते चले की घायल बाइक सवार सुरेश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र 40 वर्ष निवासी पुरे कुमेदन का पूर्वा मजरे राघवपुर अपने गांव से हरदोई आ रहा था, तभी हरदोई चौराहे के पास एक निजी होटल के सामने खड़ी कार के चालक की लापरवाही देखने को आई, जब उस कार चालक द्वारा अचानक कार का गेट खोल दिया गया और उक्त व्यक्ति गेट से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक घटना स्थल से अपनी कार लेकर तत्काल फरार हो गया।

# पीएससी महुआ बाजार में डॉ. की तैनाती न होने से दर-दर भटक रहे मरीज

**महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

चार बेड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार में दो महीने से डाक्टर के पद रिक्त होने से पचासों हजार ग्रामीणों को अपना इलाज कराने जनपद सिद्धार्थ नगर अथवा उतरौला को आना पड़ता है। यहां पर आने वाले मरीजों का इलाज एक एनएएम के हवाले हैं।

विकास खण्ड गैडास बुजुर्ग का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार जनपद सिद्धार्थ नगर की सीमा पर स्थित है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार पहले महुआ बाजार में एक किराए के भवन में संचालित था। उसके मकान मालिक के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र को खाली कराने पर स्वास्थ्य विभाग ने इस केन्द्र को महुआ बाजार से तीन किमी दूर स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद में स्थानांतरित कर दी। उपस्वास्थ्य केंद्र राप्ती नदी के तट पर स्थित होने से इस क्षेत्र में आने वाली भीषण बाढ़ से बरसात के समय इसकी चहारदीवारी काफी अरसा पहले गिर गई थी। इस केंद्र पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार के आने पर इस केंद्र पर




एक डाक्टर, फार्मेसिस्ट, एएनएम, वार्ड ब्वाय व सफाई कर्मचारी के पद सृजित किया गया और इस पद पर कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई। इस केंद्र पर तैनात डाक्टर का दो महीने बस्ती जनपद में स्थानांतरण होने पर विभाग ने किसी डाक्टर की तैनाती नहीं की। वहीं फार्मेसिस्ट का प्रत्येक तीन दिन पर डायलिसिस होने से वह भी अक्सर अवकाश पर रहते हैं। इस केंद्र पर तैनात एएनएम अजमेरुन्निशा इस केंद्र पर आने वाले मरीजों का इलाज करती है और गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराती है। इस केंद्र पर बने कर्मचारी आवास मानक के विपरीत बना होने से उसकी छतों में दरार होने से छत का सारा पानी कमरे में गिरता है। जगह जगह दीवारों में दरार आ गई है। कमरे व खिड़की के दरवाजे चोर निकाल लें गये है। प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से बाढ़ का पानी कमरों में भर जाता है वहीं इस केंद्र की चहल दीवारी पूरी तरह से टूट गई है। इस केंद्र पर सौर पैनल की बैटरी एक वर्ष से खराब होने से विभाग न ई बैटरी नहीं लगवा सका। इस कारण इस केंद्र पर अंधेरा बना रहता है। केंद्र पर तैनात लैब टेक्नीशियन के एक वर्ष पहले स्थानांतरण हो जाने से लैब का काम वर्षों से ठप पड़ा है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से आजीज होकर पच्चीसों गांव के लोग अपना इलाज कराने जनपद सिद्धार्थ नगर के डुमरियागंज या जनपद बलरामपुर के उतरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चले आते हैं। सबसे अधिक समस्या महिला मरीजों को होती है जिनका इलाज करने के लिए किसी महिला डाक्टर की तैनाती नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ बाजार की दयनीय व्यवस्था के कारण क्षेत्र के मरीज सरकारी अस्पताल से इलाज न कराकर निजी अस्पताल पर इलाज कराने की राह पकड़ लेते है।

### अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद पर होगा मुकाबला

**उतरौला(बलरामपुर)।** अधिवक्ता संघ के वार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। इस बार अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद पर सीधा मुकाबला होगा, जबकि अन्य पदों पर एकल नामांकन के कारण प्रत्याशियों का निर्विरोध चुना जाना तय है। अध्यक्ष पद के लिए रघुवंश सिंह और अखिलेश कुमार सिंह के बीच सीधा मुकाबला होगा। वहीं, महामंत्री पद के लिए रवि शंकर मिश्र और अजीत प्रताप सिंह आमने-सामने होंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चन्द्र शेखर मिश्र, मुस्तफा हुसैन, वैभव चतुर्वेदी और स्वामी नाथ के बीच चतुष्कोणीय संघर्ष होगा। कोषाध्यक्ष पद के लिए शमीम मलिक और मारुति नंदन गुप्त आमने-सामने हैं। सहायक मंत्री के तीन पदों पर आशीष कसौधन, नरसिंह यादव और दीप चंद, उप-कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शहजादे हुसैन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अजय विमल और निजामुद्दीन सिद्दीकी तथा कार्यकारिणी के 12 सदस्यों का निर्विरोध चयन तय है। इस बार मतदान 14 फरवरी को कराया जाएगा, जिसमें कुल 249 सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाता सूची में कुल 279 अधिवक्ता पंजीकृत हैं, लेकिन 33 अधिवक्ताओं का सीओपी न होने के कारण वे फिलहाल मतदान से वंचित हैं। चुनाव अधिकारी अनीसुल हसन रिजवी ने बताया कि यदि वंचित अधिवक्ता मतदान से पूर्व अपना सीओपी प्रमाण पत्र जमा कर देते हैं, तो उन्हें मतदान का अधिकार मिल सकता है। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह है और प्रत्याशी अपनी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। अब देखना होगा कि इस रोचक मुकाबले में किस प्रत्याशी को अधिवक्ताओं का विश्वास हासिल होता है।

# डाकघरों में कई महीने से नहीं मिल रहा पोस्टल आर्डर, लोग परेशान

**जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों का कहना है कि ऊपर से ही नहीं आ रहे पोस्टल आर्डर, छपने हो गए हैं बंद**

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय क्षेत्र के सादुल्लानगर सहित आसपास के उप डाकघर में कई महीने से पोस्टल आर्डर ना मिलने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डाकघर के जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों का कहना है कि ऊपर से ही पोस्टल




आर्डर आने बंद हो गए हैं। और इसकी छपाई बंद हो गई है। पोस्टल आर्डर का अभाव कब तक बना रहेगा। इस बारे में कुछ निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता । विभागीय सूत्रों ने बताया कि विभाग में भारतीय पोस्टल आर्डर की किल्लत काफी समय से बनी हुई है। इससे जरूरतमंद लोग पोस्टल आर्डर के लिए प्रधान डाकघर तक चक्कर लगा रहे है। लेकिन उन्हें रु.10 का पोस्टल आर्डर नहीं मिल पा रहा है।

**आरटीआई के लिए जरूरी है पोस्टल आर्डरसरकार की कहीं साजिश तो नहीं:** आपको बता दें कि विभिन्न कार्यो के अलावा आरटीआई के आवेदन के लिए रु.10 के पोस्टल आर्डर की जरूरत पड़ती है। इसके बिना लोग आवेदन नहीं कर सकते हैं। अब ऐसे में आरटीआई कार्यकर्ता रु.10 का पोस्टल आर्डर कहीं से ले। कुछ आरटीआई एक्टिविस्टो ने बताया कि बीते कई माह से उप डाकघर सादुल्लानगर सहित अन्य डाकघर में रु.5 रु.10 व 20 का पोस्टल आर्डर उपलब्ध नहीं है। इससे ऐसा लगता है। कि कहीं आरटीआई आवेदन में कमी लाने के लिए सरकार की ओर से साजिश तो नहीं है। उन्होंने बताया कि अधिकतर जितनी भी सूचनाओं मांगी जाती हैं । उसमें अधिकतर वर्तमान सरकार के खिलाफ व उसके अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों के भ्रष्टाचार व फर्जीवाड़े के खुलासे से संबंधित होती है। इसलिए इसके भय से जानबूझकर डाकघर में पोस्टल आर्डर की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की जा रही है।

**पोस्टल आर्डर ना मिलने से लोगों की जेब पर पड़ रहा भार:** डाकघर में रु.5,10 व 20 के पोस्टल आर्डर का अभाव होने से लोगों को मजबूरन रु.10 का बैंक ड्रॉप 45 से रु.50 खर्च करके बनवाना पड़ रहा है। अनावश्यक समय नष्ट हो रहा है । इससे लोगों की जेब पर भार बढ़ने के साथ ही उनका शोषण भी हो रहा है। इस संबंध में उप डाकघर सादुल्लानगर के अधीक्षक आज्ञाराम वर्मा ने बताया कि हमें आए एक महीना हुआ है तब से पोस्टल आर्डर 5 रु., 10रु. व 20रु. का नहीं है, प्रधान डाकघर से मांग किया गया है ।

## अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए रेपो रेट में कटौती

भारतीय रिजर्व बैंक ने काफी दिनों बाद रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत कटौती की है। कटौती से बैंक कम ब्याज दर पर पैसे उठाएंगे और बैंक भी उपभोक्ताओं को कम ब्याज दर पर ऋण देंगे। आरबीआई के इस कटौती का मुख्य कारण अर्थव्यवस्था को रफ्तार देना है। भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी और ग्लोबल आर्थिक मंदी के चलते बड़ी मुश्किल दौर से गुजरी है। हालांकि, इधर कुछ महीनों में आर्थिक स्थिति में काफी सुधार के संकेत मिले हैं, लेकिन विकास दर अभी भी उम्मीद से कम है। ऐसे में आरबीआई ने रेपो रेट में कटौती करके अर्थव्यवस्था में नकदी प्रवाह को बढ़ाने और निवेश को प्रोत्साहित करने की कोशिश की है। यह फैसला भी मध्यम वर्ग और अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने से जुड़ा जाने है। जब आरबीआई रेपो रेट कम करता है, तो वाणिज्यिक बैंक सस्ती दरों पर ऋण उठाते हैं और तब बैंक भी अपने ग्राहकों को कम ब्याज दरों पर लोन देते हैं। इससे कारोबार और उद्योगों के लिए अधिक पूंजी प्राप्त होती है, जिसके चलते आर्थिक गतिविधियां बढ़ती हैं। इसके अलावा उनके पर्सनल लोन,हाउसिंग लोन, वाहन लोन और अन्य कंज्यूमर्स समानों की खरीदारी में इजाफा होता है एवं बाजार में उसकी मांग बढ़ने लगती है और आपूर्ति के अभाव में तब महंगाई बढ़ने लगती है। ऐसे में आरबीआई का महंगाई पर नियंत्रण रहने का दावा है। अगर महंगाई बढ़ने के संकेत मिलते हैं तो रेपो रेट में कटौती का संबंध बैंकों के लोन से है। किंतु सवाल ये है कि बैंकों को आरबीआई से सस्ता लोन तो मिल जायेगा, लेकिन वो आगे उपभोक्ता को जब तक इसका लाभ नहीं देंगे, तब तक इससे जुड़ी पूरी चेन को फायदा नहीं होगा। उपभोक्ता महंगाई को रिटेल पर मिलने वाली वस्तुओं के दाम से ही समझता है। कुल मिलाकर बाजार बहुत सारी बातों को नियंत्रित करता है। अगर आपको अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल सस्ता मिल रहा है और उपभोक्ता को उसका फायदा नहीं मिल रहा है तो सारा प्रयास बेकार हो जाता है। कई बार ऐसा भी हुआ है कि रेपो रेट घटने के बावजूद उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती नहीं होती हैं।




# चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं व माफ कर देने से बड़ी सजा नहीं



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी


मानवीय जीव इस सृष्टि में अनमोल हीरा है। मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार समाया हुआ है, परंतु हम अपने आप की शक्ति को पहचानने की कोशिश नहीं करते बल्कि हमेशा दूसरों की ताकझांक करते रहते हैं। हर क्षेत्र में दूसरों से प्रतियोगिता करने पर उतारू हो जाते हैं, कुछ नया करने की नहीं सोचते। अपनी बुद्धि का सकारात्मक उपयोग लेने पर अगर हम उतारू हो गए! तो हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं क्योंकि इतनीं बुद्धि कौशलता हर एक भारतीय में समाई हुई है। बस! जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की परंतु हम अपने ही बढ़ बोलेपन से घिरे रहते हैं, दूसरों की टांग खींचने में हमको मजा आता है। किसी भी नकारात्मक विस्तार वादी बात को समाधान कर समाप्त करना जैसे हमने सीखे ही नहीं जबकि भारत माता की मिट्टी में ही मानवीय गुणों की खान समाई हुई है जिसे हमें चुनकर अपनाना है। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से गुणों की खान के दो हीरे चुप रहना और माफ करना पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मानवीय अनमोल गुण चुप रहने की करें तो, बड़े बुजुर्गों की इस पर दो कहावतें हैं (1) बोलत बोलत बड़े बिखात, पहली कहावत का भावार्थ है, अति बोलने से ही बातें बिगड़ती है झगड़े दंगे फसाद मारपीट हत्याएं तक हो जाती है इसलिए चुप भली, (2) अति का भला ना बोलना अति की भली न चूप, अति का भला न बरसना अति की भली न धूप, याने दूसरी कहावत का भावार्थ अति चुप रहने को भी नकारा गया है याने अन्याय के खिलाफ चुप रहना हानिकारक है। परंतु हमें इसका निर्णय अपने समाज और राष्ट्र के फायदे को देखकर ही लेना है परंतु मेरा मानना है चुप रहने से कई फायदे हैं और सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है।

बोलने से पहले हमें याद रखना होगा के (1) बिना तथ्य के न बोले (2) शब्दों से ठेस ना पहुंचे (3) पवित्र वस्तुओं सेवाओं का अपमान न करें (4) क्रोध में चुप रहे (5) मुद्दे से संबंध न होने पर चुप रहें (6) शब्दों से किसी को ठेस न पहुंचे (7) चिल्लाने से चुप भली (8)अपमान से न बोलें (9) जरूरत पड़ने पर सकारात्मक बोलें (10) निंदा से बचें।

साथियों बात अगर हम चुप रहकर भी अपनी दिमागी ताकत से जवाब देने की करें तो, चुप रहना और कुछ समय तक खुद को स्थिर रखना हमको एक अच्छा श्रोता और समीक्षक बनाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब हम चुप रहते हैं तो हम बोलने की बजाय अधिक से अधिक सुनते हैं और उसका विश्लेषण कर पाते हैं। इससे हम पूरे तर्क और वितर्कों को जानने के बाद सही फैसला ले पाते हैं। हम सभी पक्षों को सुनते, समझते और डिसिजन ले पाते हैं। चुप रहना हमारे दिमाग को शांत करता है और हमको लॉजिकल समीक्षक बनाता है हमारे चुप रहने से अनेक बार सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है।

साथियों हमारे शरीर का सबसे जटिल हिस्सा दिमाग होता है। ये पूरे शरीर को चलाता है और ये हमारे सभी इमोशंस को कंट्रोल करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने दिमाग को भी व्यायाम करवाएं। जिस तरह शरीर को मजबूत बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम जरूरी है, उसी तरह दिमाग को मजबूत बनाने के लिए उनकी ताकत बढ़ाना जरूरी है। मौन रहना दिमाग के लिए एक व्यायाम जैसा ही है और इससे दिमाग की मांसपेशियां तंदरुस्त रहती हैं।चुप रहने के अपने शारीरिक और मानसिक फायदे भी हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि चुप रहने से व्यक्ति दिमागदार और उत्पादक बनने की और अग्रसर होता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वाध्याय स्वास्थ्य सुधार होने की संभावना बनी रहती है। व्यर्थ का बोलना ऊर्जा को नष्ट करना है, और यह बोलना ही हमें कभी अपने भीतर की ओर लौट ने नहीं देता, क्योंकि यह हमें बाहर की ओर झुकाए रखता है और जिन्हें भीतर की यात्रा करनी है उन्हें अपने मुंह को बंद ही रखना चाहिए।



**चुप रहना और कुछ समय तक खुद को स्थिर रखना हमको एक अच्छा श्रोता और समीक्षक बनाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब हम चुप रहते हैं तो हम बोलने की बजाय अधिक से अधिक सुनते हैं और उसका विश्लेषण कर पाते हैं। इससे हम पूरे तर्क और वितर्कों को जानने के बाद सही फैसला ले पाते हैं। हम सभी पक्षों को सुनते, समझते और डिसिजन ले पाते हैं। चुप रहना हमारे दिमाग को शांत करता है और हमको लॉजिकल समीक्षक बनाता है हमारे चुप रहने से अनेक बार सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। शरीर का सबसे जटिल हिस्सा दिमाग होता है। ये पूरे शरीर को चलाता है और ये हमारे सभी इमोशंस को कंट्रोल करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने दिमाग को भी व्यायाम करवाएं। जिस तरह शरीर को मजबूत बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम जरूरी है, उसी तरह दिमाग को मजबूत बनाने के लिए उनकी ताकत बढ़ाना जरूरी है। मौन रहना दिमाग के लिए एक व्यायाम जैसा ही है और इससे दिमाग की मांसपेशियां तंदरुस्त रहती हैं। चुप रहने के अपने शारीरिक और मानसिक फायदे भी हैं। जीवन में माफी मांगने की कला बहुत लोगों को बहुत अच्छे से आती है तो वहीं कुछ लोगों को माफी मांगना उतना ही कठिन लगता है। दरअसल माफी मांगना या फिर किसी को क्षमा करना उतना भी सीधी-सादी बात नहीं है, लेकिन ऐसा करने के बाद व्यक्ति बड़ा सुकून मिलता है। हमारे यहां क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है। जिससे व्यक्ति के जीवन में अहंकार दूर होता है और वह स्वस्थ मन से जीवन जीता है इसलिए भूल करना मनुष्य का स्वभाव है लेकिन क्षमा करना देवताओं का गुण है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार है। हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं। उनमें चुप रहना और माफ करना दो अनमोल हीरे हैं। चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं और माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं।**

चुप रहने में अद्भुत शक्ति है।

साथियों बात अगर हम किसी को माफ करने की करें तो, खुद को दुख पहुँचाने या धोखा देने वाले व्यक्ति को माफ करना सबसे कठिन काम है। हालाँकि, यदि हम किसी के साथ अपने संबंधों को सुधारना चाहते हैं, तो उस के लिए हमको माफ करना सीखना भी ज़रूरी है या फिर सीधे तौर पर बीते हुए पलों को भुलाकर, आगे बढ़ने की कोशिश करें। नकारात्मक भावनाओं से निपटना सीखें, हमको दुख पहुँचाने वाले व्यक्ति का सामना करें और अपने जीवन में आगे बढ़ते जाएँ। क्षमा करना पसंद करें, क्योंकि बड़े बुजुर्गों की कहावत भीहै क्षमादान महादान, क्षमा करके भी हम सामने वाले को एक यादगार सजा के रूप में दे सकते हैं। क्षमा की भावना लेकर, हमको नकारात्मकता को अपने से दूर करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए एकदम सचेत और सक्रिय निर्णय करने की ज़रूरत है। यह भावना आसानी से नहीं पनपती। खुद के अंदर क्षमा की भावना उत्पन्न करने के लिए हमको ही इस दिशा में कार्य करने की ज़रूरत है। साथियों लोग अक्सर इस तरह की बातें करते हैं, कि वे उस इंसान को नहीं भुला सकते, जिसने उन के साथ कुछ ग़लत किया है। वे ऐसा मानते हैं, कि अपने अंदर मौजूद दर्द और धोखा मिलने की भावना को भूलना उन के लिए असंभव है। लेकिन लोग इस बात को महसूस करने में नाकाम रह जाते हैं, कि क्षमा करना भले ही हमारी पसंद है, लेकिन अगर हम उस व्यक्ति को क्षमा करने का निर्णय लेते हैं, जिसने हमको कष्ट दिया हैं, तो यदि इस निर्णय से किसी को लाभ होता है, तो वो सिर्फ़ हम हैं और सामने वाले को हमेशा के लिए उस माफी के रूप में एक सजा और हमारा बड़प्पन।

जीवन में माफी मांगने की कला बहुत लोगों को बहुत अच्छे से आती है तो वहीं कुछ लोगों को माफी मांगना उतना ही कठिन लगता है। दरअसल माफी मांगना या फिर किसी को क्षमा करना उतना भी सीधी-सादी बात नहीं है, लेकिन ऐसा करने के बाद व्यक्ति बड़ा सुकून मिलता है। हमारे यहां क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है। जिससे व्यक्ति के जीवन में अहंकार दूर होता है और वह स्वस्थ मन से जीवन जीता है इसलिए भूल करना मनुष्य का स्वभाव है लेकिन क्षमा करना देवताओं का गुण है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार है। हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं।उनमें चुप रहना और माफ करना दो अनमोल हीरें हैं। चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं और माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं। मानवीय जीव में जन्म से ही भरपूर कौशलताएं समाई हुई है बस पहचान कर निखारनें की जरूरत है।

विचार

# माइनिंग सेक्टर में राजस्थान की लंबी छलांग सरकारी इच्छाशक्ति का नतीजा

*डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा*

माइनिंग सेक्टर के महत्व को रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में अमेरिका की हालिया नीति के चलते आसानी से समझा जा सकता है। अमेरिका की यूक्रेन की खनिज संपदा पर नजर है और वह चाहता है कि यूक्रेन को सहयोग करने के बदले में यूक्रेन की खनिज संपदा के दोहन का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से अधिकार अमेरिका को मिल जाए। यही हालत दुनिया के दूसरे देशों की है। आज चीन की मनमानी से सभी देश गले तक भर आये हैं, वहीं दुनिया के देश खनिज संपदा भण्डारों की खोज व खनन के विकल्प ढूंढ़ने लगे हैं। यही कारण है कि पिछले एक दशक में मिनरल एक्सप्लोरेशन के कार्य में तेजी आई है।

हमारे देश में सतत खनन विकास पर जोर दिया जाने लगा है। 2016-17 से मेजर हो या माइनर मिनरल सभी माइंस की नीलामी को अनिवार्य कर दिया गया है। बदली परिस्थितियों में सरकारों की इच्छाशक्ति पर बहुत कुछ निर्भर करता है। इसका ताजा उदाहरण राजस्थान सरकार और राजस्थान का खान एवं भूविज्ञान विभाग है। अवैध खनन गतिविधियों के लिए कुख्यात माइनिंग सेक्टर को राजस्थान में भजनलाल शर्मा सरकार ने नई पहचान देने का कारगर प्रयास करके दिखाया है। केवल एक साल की समयावधि में माइनिंग सेक्टर में राजस्थान समूचे देश में लंबी छलांग लगा रहा है। दिसंबर, 24 में सरकार ने कार्यभार संभालते ही माइनिंग सेक्टर में दो दिशाओं में तेजी से कदम बढ़ाये। पहला, अवैध खनन पर कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया तो दूसरी और सरकार ने साफ संदेश दिया कि खनिज बहुल क्षेत्रों की एक्सप्लोरेशन



रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए डेलिनियेशन और प्लॉट व ब्लॉक तैयार करने के कार्य को प्राथमिकता दी जाए और विभाग इन तैयार प्लॉटों व ब्लॉकों की नीलामी का रोडमैप बनाकर पारदर्शी ऑक्शन प्रक्रिया को अमलीजामा पहुंचायें।

सरकार की मंशा के अनुसार विभागीय अमला जुट गया और नई सरकार बनने के तीन माह में ही 15 मेजर मिनरल ब्लॉकों का भारत सरकार के पोर्टल पर ई-नीलामी की गई तो एक साल से कुछ ही अधिक समय में नई सरकार बनने के बाद इस साल जनवरी तक 15 ब्लॉकों सहित कुल 48 मेजर मिनरल ब्लॉकों की सफल नीलामी कर रिकॉर्ड बना दिया। राज्य सरकार की उपलब्धि को केन्द्र सरकार ने भी सराहा और इसी वर्ष 20 जनवरी को ओडिशा के कोणार्क में आयोजित नेशनल मांइस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में वर्ष 2023-24 में देश में सर्वाधिक मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन पर राजस्थान को प्रथम पुरस्कार देकर राज्य के प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। जिस तरह के आंकड़े भारत सरकार के पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं उससे साफ है कि वर्ष 2024-25 में भी राजस्थान मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई-नीलामी में समूचे देश में शीर्ष पर रहेगा। देश-दुनिया में माइनिंग सेक्टर की जो इमेज रही है उसे देखते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खान विभाग की जिम्मेदारी अपने पास रखी और पिछले एक साल में माइनिंग सेक्टर ने खनिज की खोज से लेकर माइनर एवं मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन, एमनेस्टी योजना, ड्रोन सर्वे, एकबारीय समाधान योजना, नई और प्रगतिशील खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, माइनिंग सेक्टर में औद्योगिक निवेश और रोजगार के विपुल अवसर सृजित करने के अवसर विकसित कर दिए हैं। 2017 में केन्द्र सरकार ने तय किया कि देश में सभी जगह माइनिंग मिनरल्स खुले ऑक्शन के माध्यम से ही दिए जाएंगे। इससे बहुत हद तक माइनिंग मिनरल्स की बंदरबांट पर रोक लगी। केन्द्र सरकार ने मेजर मिनरल्स के ऑक्शन की स्वयं के स्तर पर भी मॉनिटरिंग आरंभ कर व्यवस्था को पारदर्शी और खनिज प्रधान प्रमुख राज्यों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा की राह प्रशस्त की है। इसे देश के खनिज क्षेत्र का अग्रणी कदम माना जा सकता है। राजस्थान खनिज की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश है। राज्य में उपलब्ध 82 प्रकार के खनिजों में से राज्य में 57 खनिजों का व्यावसायिक स्तर पर खनन किया जा रहा है, जिससे वर्तमान में लगभग 35 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है। राज्य सरकार ने एक बात साफ समझी है कि बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन पर अंकुश लगाने का सबसे कारगर तरीका खनिज क्षेत्रों के ब्लॉक या प्लॉट तैयार कर इन्हें पारदर्शी से तरीके से ई पोर्टल के माध्यम से नीलाम किया जाए। इससे अवैध खनन के एक कारण पर तो रोक लग ही सकती है क्योंकि खानधारक अपने क्षेत्र में दूसरे को अवैध खनन गतिविधि नहीं चलाने देगा। इससे बहुत हद तक बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन को रोका जा सकता है। वैध खननधारक की अवैध खनन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए राज्य सरकार ड्रोन से एसेसमेंट अनिवार्य करने जा रही है। इसी तरह के अन्य सुधारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। ऐसे में राजस्थान ही नहीं देश के खनिज प्रधान अन्य राज्यों की सरकारों को भी सख्त कदम उठाने होंगे ताकि देश की खनिज संपदा के अवैध खनन से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। इसके साथ ही वैध खनन और सस्टेनेबल माइनिंग पर जोर देकर खनिज संपदा का बेहतर दोहन हो सके।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## उम्मीदों का है वास...!

**संजय एम तराणेकर**

कहाँ से लाऊँ वो सुखद अहसांस,
सिर पर हाथ उम्मीदों का है वास।
जिसके लिए अभिभावक है चिंतित,
लालन-पालन में ही रहते तल्लीन।
मेहनत करते हर दिन एवं हर पल,
यह सेवा चलती रहती है निश्छल।

कहाँ से लाऊँ वो सुखद अहसांस,
सिर पर हाथ उम्मीदों का है वास।
खूब सजाएं थे उन्होंने अपने सपने,
पैरों पर खड़े होऊ लगे वो खपने।
ऐसे हुए जवान अब लगे वो तपने,
'नो वेकेंसी' पढ़ सपने लगे बिखरने।

कहाँ से लाऊँ वो सुखद अहसांस,
सिर पर हाथ उम्मीदों का है वास।
अपने बच्चे का साथ बहुत मायने,
संघर्षों का ही वक्त खड़ा दाहिने।
हाँ, रहो एक साथ बिखरे न मोती,
ना करों चिंता खाएंगे आधी रोटी।



## राशिफल

**मेषः-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई न करें।

**वृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

**सिंहः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# कोटा से मिटाने होंगे आत्महत्याओं के दाग

*रमेश सर्राफ धमोरा*

राजस्थान का कोटा शहर जितना शैक्षणिक संस्थाओं के लिए प्रसिद्ध है, उतना ही अब यहां के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्या के कारण देशभर में बदनाम हो रहा है। हालांकि कोटा में छात्र आत्महत्याओं के मामले यहां पर कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या की तुलना में बहुत कम है। मगर यहां पढ़ने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। पिछले जनवरी माह में ही कोटा में 6 विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इसी साल 8 जनवरी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी छात्र नीरज, 9 जनवरी को गुना मध्य प्रदेश के अभिषेक लोधा, 15 जनवरी को उड़ीसा के अभिजीत गिरी, 18 जनवरी को बूंदी जिले के मनन जैन, 22 जनवरी को अहमदाबाद गुजरात की अफ्शा शेख और 22 जनवरी को ही नौगांव असम के छात्र पराग ने आत्महत्या कर ली थी। इनमें से पांच छात्र इंजीनियरिंग की व एक छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी।

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। कोटा में 2015 से लेकर अब तक 138 छात्रों ने आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। यहां 2015 में 18, 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2020 में 4, 2021 में एक, 2022 में 15, 2023 में 26, 2024 में 16 व 2025 में अब तक छह छात्र आत्महत्या कर अपनी जान गंवा चुके हैं। 2020 व 2021 में कोविड के चलते यहां के कोचिंग संस्थाओं के बंद रहने के कारण आत्महत्याओं के आंकड़ों में गिरावट रही थी। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रुक पा रही है। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था मगर श्रमिक आंदोलनों के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है।

यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से ऊपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ से दस हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 800 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहते हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है न ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। इससे कई छात्र पढ़ाई में पिछड़ने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं।

कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 300 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढ़ने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार ने कोचिंग संस्थानों के लिए दिशा-निर्देशों की घोषणा की है। जिनमें कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकते। इसके अलावा न ही वे अच्छी रैंक या अच्छे अंकों की गारंटी दे सकते हैं और न ही गुमराह करने वाले वायदे कर सकते हैं। छात्रों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं, कोचिंग सेंटरों में सुविधाओं का अभाव और उनके पढ़ाने के तौर- तरीकों के बारे में शिकायतें मिलने के बाद सरकार ने इनकी घोषणा की है। दिशानिर्देशों के अनुसार कोई भी कोचिंग सेंटर स्नातक से कम शिक्षा वाले ट्यूटर को नियुक्त नहीं करेगा। छात्रों का नामांकन सिर्फ सेकेंडरी स्कूल परीक्षा देने के बाद हो सकेगा।

कोटा में छात्रों की बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं पर राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ द्वारा स्व प्रेरित संज्ञान आधारित याचिका की सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार की तरफ से कहा गया है कि विधानसभा के मौजूदा सत्र में इसके लिए एक नया कानून लाया जाएगा। जिससे छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकेगी।

सरकार चाहे जितनी कोशिश करे कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक बिना किसी दबाव के पढाई करेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा। यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोक कर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढ़ाई कर पाएंगे। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान अपने काम को पैसे कमाने की मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब तक कोटा के हालात नहीं सुधर पायेंगे। कोटा के मौजूदा हालातों के कारण ही यहां कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या में काफी कमी होने लगी हैं। जो कोटा शहर की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# मौरंग खदान में सो रहे दो कर्मचारियों को ट्रक ने रौंदा, दर्दनाक मौत

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**





शुक्रवार की तड़के चिकासी थाने की मौरंग खदान पर ट्रक बैक करते समय वहां सो रहे दो युवकों पर रौंदता हुआ निकल गया। इस दौरान एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे की मेडिकल कालेज उरई में इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता ने चिकासी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जनपद जालौन के कदौरा थाना अंतर्गत बड़ा गांव ब्रह्मानंद ने बताया कि उसका पुत्र मनवेंद्र और राघवेंद्र पुत्र राजेंद्र पाल निवासी लूची का डेरा जमराइ जनपद जालौन चिकासी थाने में स्थित मौरंग खदान में गाड़ी लगवाने का काम करते थे। गुरुवार की रात खण्ड में ही दोनों वहां सो गए। शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे ट्रक बैक करते समय उन दोनो पर चढ़ गया और उनको रौंदता हुआ निकल गया। उसके पुत्र मनवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राघवेन्द्र को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। जहां उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक के पिता ने बताया कि उसके नाम सात बीघा जमीन है। उसके तीन पुत्र राघवेन्द्र रुपेंद्र है। उसका पुत्र मानवेन्द्र 17 जनवरी को मौरंग खनन में काम करने के लिए आया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## श्रद्धालुओं से भरी कार पलटने से छह घायल, दो रेफर

**राठ(हमीरपुर)।** प्रयागराज से कुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रण होकर पलट गई। जिसमें सवार छह लोग घायल हो गए। जहां दो की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। राजस्थान के कोटा निवासी इंद्रा पत्नी जगदीश प्रसाद मीना गुप्ता पत्नी सत्यनारायण, आर्यावी सिंगल पुत्री अजीत, सचिन पुत्र कृष्णाचंद और हरिश्चंद्र पुत्र भरतचंद कार से प्रयागराज के कुंभ नहाकर घर लौट रहे थे। तभी गुरुवार की आधी रात के बाद बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास कार का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे पलट गई। जिसमें सभी लोग घायल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल लाया गया जहां हरिश्चंद्र और सचिन की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर अखिलेश कुमार सिंह को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## पीडीए की पंचायत में भाजपा को कोसा, लोगों को किया जागरूक



**मौदहा(हमीरपुर)।** ग्राम रतौली, पारालादा में पीडीए महापंचायत के माध्यम से सविधान बचाओ आरक्षण बचाओ देश बचाओ और जाति जनगणना के प्रति जागरूक किया गया। बीजेपी द्वारा डॉ भीम राव अम्बेडकर के खिलाफ अमानवीय भाषा बोला है, जिसे हर चौपाल में चर्चा करना है जिसकी जितनी संख्या भारी के तहत आने वाले चुनाव में समाजवादी पार्टी उनके न्याय दिलाने का काम करेंगे पीडीए का कार्यक्रम पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी एक विशेष मिशन के तहत चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बादशाह सिंह जिला अध्यक्ष इदरीश खान हमीरपुर ओम प्रकाश सोनकर वारसी प्रदेश सचिव घनश्याम साहू प्रदेश सचिव सांसद प्रतिनिध पूर्व चेयर मैन कुरारा माया वाल्मिक जिला अध्यक्ष सलीम खान सांकृतिक प्रकोष्ठ शोले, जिला सचिव सरफरोज तबरेज खान एसर्फुद्दीन वरिष्ठ नेता अरुण सिंह मुन्ना पाल आदि मौजूद रहे।

## आपस में डंपर से टकराए ट्रक, लगा जाम

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



गुरुवार देर रात कानपुर सागर हाईवे पर कस्बा पतारा के निकट खड़े डंपर में पीछे से ट्रक घुस गया ,हादसे दौरान एक ट्रक और पीछे से आकर भिड़ गया जिससे तेरे बिन में फंसा एक ट्रक का चालक करीब 4 घंटे तक तड़प बाद में पहुंची पतरा चौकी पुलिस ने केबिन में फंसे ड्राइवर को केबिन काटकर निकाला और अस्पताल भिजवाए इस दौरान भीषण जाम लग गया और हाईवे वाहनों की लंबी लाइन लगी है जाम का यह आलम था की रमईपुर से लेकर यमुना पुल हमीरपुर करीब 30 कि.मी. तक वाहनों की दोनो ओर दोहरी-तेहरी लाइन लग गई, यातायात बहाल करने मे पुलिस को शुक्रवार दोपहर बाद तक जूझना पडा, बताया जाता है कि गुरुवार को रात 10:00 बजे के करीब पतारा के हिरनी मोड पर कानपुर की ओर जा रहा है एक ट्रक खड़ा था इसी दौरान घाटमपुर से कानपुर की ओर जा रहे एक दूसरा ट्रक उसमें पीछे से जा घुसा हादसे दौरान तीसरा ट्रक भी उसके पीछे जा टकराया जिसके चलते डंपर में घुसे ट्रक का चालक बुरी तरह से केबिन में फंस गया और तड़पने लगा सूचना पाकर पतारा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मस्कत के बाद केबिन में फंसे चालक को निकलवा कर अस्पताल भिजवाया बाद में क्रेन की मदद से टकराए ट्रैकों को सड़क के किनारे कराकर खुलवाया, लेकिन जल्दी निकलने के चक्कर में रुक-रुक कर जाम हाईवे पर जाम लगता रहा एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया की ट्रैकों की जल्दी निकलने के चक्कर में हादसा हो जाता है।

## दो सप्ताह में दस माइनरों में पानी चालू करने के आदेश दिए प्रशासक ने

**हर तीन किलोमीटर में बैठक कर मांगें सबूत, टूटी-फूटी अर्जुन सहायक परियोजना का हाल बेहाल**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

अर्जुन सहायक परियोजना के तहत टूटी फूटी नहर में पानी छोड़ने के बाद किसानों के फसलो में नुकसान होने के बाद ग्रेटर शारदा सहायक के अध्यक्ष ने सिचाई विभाग के अफसरों से दो सप्ताह में हमीरपुर की दस माइनरों में पानी चालू करने के आदेश दिये है, अध्यक्ष एवं प्रशासक डॉ. हीरालाल(आईएएस) ने कहा है कि भूमिसंरक्षण अधिकारी व सिचाई विभाग के अधिकारी किसानों के साथ हर तीन किलोमीटर में बैठक कर उसके सबूत तुरंत भिजवाये।

जानकारी के मुताबिक अर्जुन सहायक परियोजना के तहत तिरेपन किलोमीटर नहर चालू होते ही नहर ध्वस्त हो गयी थी जिससे किसानों की फसले बर्बाद हो गयी थी। एक माह से नहर बंद चल रही है। हमीरपुर जिले में तीस किलोमीटर तक फैली दस माइनरे अभी तक चालूनही हो पायी है जिससे प्रशासक ने नाराजगी जाहिर करते हुये कहा है कि हर हाल में पंद्रह दिनो में माइनरे चालू करायी जाये ताकि किसानों को फसलों के उत्पादन में लाभ मिल सके। बिभागीय लोगों का कहना है कि कर्वी जिले से संचालित होने वाली यह नहर सिचाई विभाग की लापरवाही के चलते की महीनों तक नही चालू हो पायेगी माइनरे अभीतक बन नही पायी है तो चालू कैसे हो पायेगी। वही शासन ने स्टेक होल्डर बैठक कर उसकी फोटोग्राफ मांगी है ताकि किसानों के अन्दर जो नहर को लेकर निराशा छायी हुई है वह दूर की जा सके मगर सिचाई विभाग के कर्मी कोई ध्यान ही दे रहे है। 2655 करोड़ लागत से बनी इस नहर से हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र में करीब 26 किलोमीटर की भूमि की सिचाई होनी है मगर टूटी फूटी नहर के चलते किसानों के अन्दर केवल निराशा छायी हुई है। प्रशासक ने और भी नहर संचालन के लिये टिप्स दिये है ताकि किसानों को लाभ मिल सके मगर सिचाई विभाग के अभियंताओं पर कोई असर नही हो रहा है मौदहा बांध हमीरपुर के एक्शियन इस परियोजना के डीडी है। मगर किसान हित में कोई काम नहीं किया है। हांलाकि किसान धरना प्रदर्शन का मन बना रहे है।

### मझावन में स्थापित होगा राजकीय इंटर कालेज, खुशी की लहर

हमीरपुर। राठ क्षेत्र के मझावन गांव में शीघ्र ही राजकीय इंटर कालेज की स्थापना होने जा रही है शासन ने इसके लिये क्लीन चिट दे दी है। बताया जाता है कि मझावन क्षेत्र में आसपास कोई इंटर कालेज नही हैजिससे छात्र छात्राये शिक्षा से वंचित हो जाते थे इसकी मांग कई सालों से चल रही थी इधर विधान परिषद के सभापति मानवेंद्र सिहं ने भीकालेज स्थापना के लिये मुख्यमंत्री से सिफारिश की थी लिहाजा शासन ने विद्यालय स्थापना के लिये हरीझंडी दे दी है, जिला विद्यालय निरीक्षक महेश गुप्ता को इसके लिये आदेशित कर दिया गया है और लिखापढ़ी करने को कहा गया है।

## साइबर अपराधों से रहें सतर्कः प्रशांत दीक्षित



**पनवाड़ी, महोबा।** महोबकंठ थाना क्षेत्र के कनकुआ में संचालित पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में थानाध्यक्ष निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में 2 सदस्यीय टीम ने डिजिटल वॉरियर अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए। टीम प्रभारी उपनिरीक्षक प्रशान्त दीक्षित ने बताया कि एसपी पलाश बंसल के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को विभिन्न तरीकों से झांसा देकर उनका धन हड़प लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के अपराधों का शिकार शिक्षित लोग भी हो रहे हैं। साइबर अपराधी डर दिखाकर या झूठे वादे करके लोगों से उनके बैंक खातों में बड़ी रकम ट्रांसफर करवा लेते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचने का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता है। उन्होंने सभी को सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।अगर आपको लगता है कि आप साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं तो आप सबसे पहले नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर के उसको रिपोर्ट करें। जागरूकता के अभाव में आजकल लोगों के साथ तेजी से स्कैम हो रहे हैं। लोग अनजाने में ऐसी लिंक पर क्लिक कर देते हैं या ऐसे एप डाउनलोड कर लेते हैं जिससे उनका सारा निजी डाटा अपराधियों के पास आ जाता है। इसलिए किसी भी लिंक या एप को डाउनलोड करने से पहले ये जरूर जांच ले कि वो लिंक सही है या नहीं।

## अज्ञात कारणों के चलते चाचा की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

**महोबा।** जनपद में भतीजी की शादी के दौरान खेत देखने गए किसान की अचानक मौत हो जाने से खुशियों का माहौल गम में बदल गया है। परिवार में डोली उठने के स्थान पर चाचा की अर्थी उठने से गम भरे माहौल में बेटी की विदाई की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शव विच्छेदन ग्रह भेजा है। ग्राम मुड़ाहरा निवासी धर्मदास पुत्र मुलुवा 45 वर्ष की खेत मे सिचाई करते समय अचानक हृदयाघात से मौत हो गयी। अत्यंत व्यस्तता होने के चलते उसके पिताजी धर्मदास 2 बजे द्वाराचार होने के बाद खाना खाकर रात्रि में ही खेत में सिचाई करने हेतू खेत पर गए थे। वही वह अचानक बेहोश हो गिर गए। जब घर पर आयोजित हो रही शादी समारोह में वापिस नही आये और शादी कार्यक्रम के दौरान काम पड़ा, तो परिजन सुबह धरमदास को बुलाने खेत पर गए, जहां वह बेहोसी की हालत में पड़े हुए थे।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 08.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04526 | बठिण्डा | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड, गढ़मक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मोरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मक्ेश्वर, हापुड, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., सरहिंद जं., ढंडारी कलां, जालंधर सिटी और ब्यास स्टेशन |
| 04602 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन |
| 04612 | फिरोजपुर कैंट | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा, बठिंडा, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 08791 | दुर्ग | 13:50 | वाराणसी | 10:00 | रायपुर जं., भाटापारा, उसलापुर, पेन्ड्रा रोड, अनुपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. और बनारस स्टेशन |
| 07107 | तिरुपति | 20:55 | बनारस | 15:45 | गुडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., एलुरु, ताडेपल्लिगुडेम, निडदवोल जं., राजमुंद्री, समालकोट जं., अन्नवरम, इलामंचिली, अनाकापल्ले, दुव्वाडा, पेंदुर्ती, कोट्टावलसा, विजयनगरम जं., बोब्बिली, पार्वतीपुरम, रायगढ़ा, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, संबलपुर जं., झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी जं., बरका काना, तोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डाल्टनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, सोन नगर, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., काशी एवं वाराणसी स्टेशन। |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 04721 | बीकानेर जं. | 19:00 | पाटलिपुत्र | 02:00 | नापासर, सूडसर, श्री डूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़ जं., चूरू, सादुलपुर जं., लोहारू, सतनाली, महेंद्रगढ़, रेवाडी जं., गुड़गांव, दिल्ली कैंट., दिल्ली जं., गाजियाबाद, अलीगढ जं., टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 01031 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 00:05 | बनारस | 06:45 | ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 01663 | रानी कमलापति | 15:40 | गाजीपुर सिटी | 11:50 | ओबेदुल्ला गंज, नर्मदापुरम, इटारसी जं., पिपरिया, बनखेड़ी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी और जौनपुर जं. स्टेशन |
| 01455 | पुणे जं. | 10:10 | मऊ जं. | 22:00 | दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन |
| 06002 | गोमती नगर | 03:45 | पुरट्रचि तलैवर डॉ. एमजी रामचंद्रन | 23:55 | अयोध्या धाम जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गुडूर जं.स्टेशन। |
| **दिनांक 09.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | | | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:04 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा, चंडीगढ़, अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. और रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ जं. हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 04611 | फाफामऊ जं. | 19:30 | फिरोजपुर कैंट | 16:45 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर जं., अम्बाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बठिण्डा, कोट कपूरा और फरीदकोट स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूंडला जं. एवं अलीगढ जं. स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. और इंदौर जं. स्टेशन |
| 01032 | बनारस | 10:00 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 16:40 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., भुसावल जं., जलगांव जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं. और ठाणे स्टेशन |
| 01664 | गाजीपुर सिटी | 13:00 | रानी कमलापति | 11:40 | जौनपुर जं., वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, बनखेड़ी, पिपरिया, इटारसी जं., नर्मदापुरम और ओबेदुल्ला गंज स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., जलगाँव जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूंडला जं, इटावा, गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर (ट), बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# विधायक व पूर्व ब्लाक प्रमुख ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास क्षेत्र के शुम्भा एट परींवा गांव में आज शुक्रवार को 30 बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व आयुष्मान हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का लोकार्पण विधायक दिनेश रावत व भाजपा नेता सुनील सिंह द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। पैकौली ,जौरास ,मंझार, बेलहरी रौनी, मंझुपुर आदि स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्रों का भी इसी के साथ लोकार्पण कर दिया गया।

इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहां के क्षेत्र की जनता को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री दिन रात काम करके संघर्षरत हैं ग्रामीण अंचल के सभी लोगों को नजदीक में जब स्वास्थ्य सुविधा मिल जाएगी तो उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा। वही पूर्व ब्लाक प्रमुख भाजपा नेता सुनील सिंह ने भी इस क्षेत्र को मिली बड़ी उपलब्धि पर सरकार की सराहना करते हुए कहा क्षेत्र की जनता को सुविधा के लिए भाजपा सरकार लगातार बेहतर काम कर रही है काम जमीन पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने इसके लिए क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों व मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा इस काम से क्षेत्र के लोग काफी खुश हैं कि अब हमको दूर जाना नहीं पड़ेगा।

इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुम्भा परींवा अधीक्षक डा मुकुंद पटेल ने बताया कि इस वक्त स्टाफ कम होने के कारण ओपीडी चलेगी मौके पर डॉक्टर शशिकांत चौधरी, डॉक्टर नमीता वर्मा, डॉक्टर सदफ तमन्ना, दांत की डेंटल हाइजीनिक राम सुभाऊ वर्मा ,फार्मासिष्ट किशोर कुमार ,लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार वसंविदा कर्मचारी प्रेम कुमार सफाई कर्मचारी सफीकुंन
मौजूद हैं जैसे जैसे ही पूरा स्टाफ हो जाएगा यहां 24 घंटे इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाएं चालू हो जाएंगी इस समय वर्तमान में ओपीडी का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम से पूर्व आए हुए सभी अतिथियों का माला पहनाकर पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया।

इस मौके पर अपर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीके श्रीवास्तव, अधीक्षक रामनगर डॉ प्रणव कुमार श्रीवास्तव, अधीक्षक हैदरगढ़ डॉक्टर सौरभ शुक्ला, अधीक्षक त्रिवेदीगंज डॉक्टर हरप्रीत सिंह आदि स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, महेश शुक्ला बीडीसी सतपाल शर्मा नरदही प्रधान ताराचंद वर्मा ओम प्रकाश चौरसिया नंदन जसवंत महाराज राम प्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे।

### ब्लॉक प्रोग्राम हेल्थ यूनिट का लोकार्पण



हैदरगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। भाजपा विधायक दिनेश कुमार रावत ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़, भिटौरा और चकौरा में हेल्थ वेलनेस सेंटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय चेयरमैन आलोक कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल और पार्टी मंडल उपाध्यक्ष रजत मिश्र भी उपस्थित थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. सौरभ शुक्ल ने बताया कि इस केंद्र में लैब टेक्नीशियन को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। मरीजों का रजिस्ट्रेशन करने के बाद उनकी जांच रिपोर्ट सीधे उनके मोबाइल फोन पर भेजी जाएगी, जिससे उन्हें बार-बार अस्पताल आने की आवश्यकता नहीं होगी। विधायक रावत ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए 1200 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड सुविधा से जोड़ा जाएगा, जिससे डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता तक पहुंच सकेंगी। कार्यक्रम में डॉ. प्रियांक विनोद कुमार, डेंटल सर्जन डॉ. जयति सिन्हा, नेत्र सर्जन डॉ. माधवी सिंह, डॉक्टर सुप्रिया चिकित्साधिकारी, दीपक मिश्रा, नेत्र परीक्षण अधिकारी , संजय कुमार स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, मनीष श्रीवास्तव ,चंद्र कुमार सिंह एल टी, अनुप्रीति एल टी, विनोद कुमार ,सहित अन्य चिकित्साधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सरकार के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को स्थानीय विकास खंड की गोठौना ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में प्रधान निलेश कुमार एवं सचिव पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

चौपाल में आये ग्रामीणों द्वारा 3 आवास एवं 1 शौचालय की मांग की गई। बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता ने सरकार द्वारा चलाई गई जा रही बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण, एस बी एम, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान समय प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण का सर्वे चल रहा है और सभी पात्र लाभार्थियों को सरकार द्वारा आवास का लाभ दिया जाएगा।

सभी महिलाओं को समूह से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि समूह से जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम हो सकती हैं।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** बीती रात दावत से पैदल लौट रहे एक अधेड़ की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना होने पर मौके पर पहुंची थाना लोनी कटरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के जगपुरवा मजरे कोलहदा निवासी बुधराम 55 वर्ष गुरूवार रात क्षेत्र के जगत खेड़ा गांव में एक शादी समारोह में गये हुए थे देर रात वापस पैदल ही घर लौट रहा था। तभी नेशनल हाईवे पर लोनीकटरा कट के निकट सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। गम्भीर हालत में घायल वृद्ध को पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने चिकित्सीय परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बुधराम की मौत से परिवार सदमेमें है।

### रील बनाते दो युवकों ने पी डाई, हालत गंभीर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** इंस्टाग्राम पर रील बनाते हुए दो युवकों ने डाई पी ली। हालत बिगड़ने पर राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया। तहसील क्षेत्र के ग्राम कुतलूपुर निवासी नीलू व रजनीश किसी निमंत्रण में शामिल होने के लिए अपने गांव से कुठौंद की ओर जा रहे थे। रात करीब आठ बजे जब वह आलमपुर के पास पहुंचे तो वह इंस्टाग्राम की रील बनाने लगे। रील बनाते हुए दोनों युवकों ने डाई पी ली। डाई पीने के बाद दोनों युवक वहीं बेहोश हो गए। राहगीरों ने जब उन्हें वहां पड़ा हुआ देखा तो परिजनों को जानकारी दी। आनन फानन में परिजन रात में ही दोनों को लेकर सीएचसी पहुचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया। इस बाबत डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि रात में दो युवकों द्वारा रील बनाते हुए डाई पी ली गई थी। दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया है।

### चेक बाउंस मामले में छह साल चली सुनवाई के बाद आरोपी को सुनाई तीन माह की सजा

**वादी को 78 हजार रुपये प्रतिकर अदा करने का आदेश पारित**



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** चेक बाउंस के मामले में लगभग छह साल तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय जेएम जालौन द्वारा आरोपी को तीन माह के कारावास व 78 हजार रुपये प्रतिकर वादी को अदा करने का आदेश पारित किया। अधिवक्ता हर्षवर्धन सिंह राजावत ने बताया कि भूरे सिंह निवासी कुरसेंड़ा ने एक ट्रैक्टर ऑटो मोबाइल्स एउजेंसी से खरीदा था। जिसके एवज में उसने मैनेजर सुघर सिंह को 40 हजार रुपये की चेक दी थी। जब मैनेजर ने वह चौक बैंक में भुगतान के लिए लगाई तो चौक बाउंस हो गई। जिसके बाद वादी सुघर सिंह ने वर्ष 2019 में न्यायालय में परिवाद दायर किया। लगभग छह साल तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय जेएम जालौन जावेद खान द्वारा परिवाद निर्णीत किया गया। जिसमें आरोपी भूरे सिंह को दोषी पाया गया और न्यायालय द्वारा उसे तीन माह का कारावास व चेक धनराशि के एवज में 78 हजार रुपये परिवादी को अदा करने का आदेश पारित किया गया।

## भाकियू की बैठक में नगर पंचायत चेयरमैन का हुआ स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक हैदरगढ़ की मासिक पंचायत रेलवे स्टेशन निकट राजू सिंह पालेसर के बगल तहसील अध्यक्ष हैदरगढ़ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें स्वागत समारोह का भी कार्यक्रम जनपद के जिला अध्यक्ष रामबरन वर्मा के द्वारा समस्त मीडिया बंधुवो का व हैदरगढ़ नगर अध्यक्ष आलोक तिवारी का स्वागत किया गया साथ में ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव को जिला सचिव का पदभार दिया गया व आदिल खान जी को ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ व फूलचंद रावत को युवा ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ नियुक्त किया गया कार्यक्रम में उपस्थित रहे युवा मंडल अध्यक्ष अयोध्या कपिल वर्मा राधेश्याम जिलासचिव व



जिला कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण मसौली ब्लाक अध्यक्ष अंकित वर्मा सचिन पांडे ब्लॉक अध्यक्ष त्रिवेदीगंज तहसील उपाध्यक्ष मासूक खान केशराम रावत त्रिभुवन दत्त यादव भगत सिंह राम किशोर दुबे रामकरण यादव सुरेश कुमार काशी प्रसाद रामकिंकर रावत रामरूप रावत वाजिद अली आदि किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैठक आयोजित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0, उप कृषक निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कृषि अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता , लीड बैंक मनैजर एवं बैकर्स तथा जनपद के वेण्डर्स उपस्थित रहे। बैठक में नेडा के परियोजना अधिकारी श्री टीका राम द्वारा बताया गया कि पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत जनपद को 15000 घरों में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार दोनों की ओर से सब्सिडी दी जाएगी, ऐसे में सोलर पैनल की बढ़ी लागत सब्सिडी में कवर हो जायेगी। पी0एम0सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत घरेलु उपभोक्ता अपने घरों में स्वीकृत विद्युत भार समतुल्य क्षमता का ऑनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट लगवा सकते है। सोलर पावर प्लान्ट की अनुमानित लगात 65000 रु0 प्रति किलोवाट आती है। उक्त योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा 15,000 प्रति किलोवाट अधिकतम 30,000 का अनुदान तथा केन्द्र सरकार द्वारा 1 से 02 किलोवाट तक अधिकतम 60,000 रू0 एवं 03 किलोवॉट की स्थापना पर कुल 78000 का अनुदान दिया जा रहा है, 03 किलोवाट सोलर रूफटॉप पावर प्लान्ट की स्थापना पर राज्यसरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा कुल 108,000 रुपये की अनुदान धनराशि देय है। जो उपभोक्ता के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाती है, 03 किलोवाट संयंत्र की स्थापना हेतु राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण दिया जा रहा है।

## कैंसर से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे वात्सलय संस्था के तत्वाधान मे आशा बहुओं का एक दिवसीय कैंसर जागरूकता पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे परियोजना प्रबंधक भुआल सिंह ने कहा कि कैंसर अब एक सामान्य रोग हो गया है जो किसी भी उम्र में हो सकता है। परन्तु यदि रोग का निदान व उपचार प्रारम्भिक अवस्थाओं में किया जावें तो इस रोग का पूर्ण उपचार संभव है। उन्होंने कहा कि

कैंसर का सर्वोतम उपचार बचाव है। यदि मनुष्य अपनी जीवन-शैली में कुछ परिवर्तन करने को तैयार हो तो 60 प्रतिशत मामलो में कैंसर होने से पूर्णतः रोका जा सकता है। शुरुआती लक्षण दिखने पर ही चिकित्सक से परामर्श लिया जाय साथ ही बताया गया कि विशेष कर कम उम्र के बच्चियों के देख भाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आशाराम चौधरी ने कैंसर के लक्षणों के बारे में बताया कि मुंह से दुर्गन्ध आना, आवाज में बदलाव होना, निगलने में तकलीफ होना, मुंह में सूजन होना, लार के साथ खून आना, जलन होना, मुंह का पूरा न खुलना, मुंह में किसी स्थान पर सुन्नता होना, मुंह में दर्द होना आदि कैंसर के संकेत हैं। इसके साथ ही मुंह में कहीं भी गाँठ महसूस हो या मुंह के किसी हिस्से में रंग परिवर्तन होना। शरीर में तिल या मस्सा हो और वह तेजी से बढ़ने लगे। तीन हफ्ते से ज्यादा खांसी आना जो ठीक न हो, माहवारी के बंद हो जाने के बाद अचानक रक्तस्राव होना, माह में दो बार से अधिक और माहवारी के दौरान अधिक रक्तस्राव होना, मुंह, पेशाब और मलद्वार से खून आना, शरीर के किसी भाग में गांठ का होना और एक ही जगह पर स्थिर होना, ऐसा घाव जो इलाज के बाद ठीक न हो, ऐसे कोई लक्षण दिखें तो तुरंत ही चिकित्सक से सम्पर्क करें।

इस मौक़े पर ब्लाक समन्वयक महेंद्र कश्यप, समुदायिक कार्यकर्ता सीमा वर्मा, कमलेश, अनूप सहित क्षेत्र की आशा बहुए मौजूद रही।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र अंतर्गत उजवारा गांव के पास फतेहपुर रामनगर रोड पर ब्रहस्पतिवार दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उजरवारा गांव के पास फतेहपुर वाया रामनगर रोड पर बृहस्पतिवार की देर रात राहगीरों को एक युवक खून से लथपथ अवस्था में पडा मिला,जिसकी सूचना राहगीरो ने तुरंत पीआरबी पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को तत्काल फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षणोपरान्त मृत घोषित कर दिया।शुक्रवार सुबह मृतक की पहचान उजरवारा गांव निवासी राहुल (28) के रूप में हुई।मृतक के पिता पप्पू ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त की परीजनो के अनुसार,राहुल नशे का आदी था और बृहस्पतिवार की शाम को बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिवार वालो ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कही पता नही चल सका। सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से शव मिलने की सूचना मिली। उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार मिश्रा के अनुसार प्रारंभिक जांच में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत होना प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही।

## डीएम के निरीक्षण में आठ विभागीय अधिकारी मिले नदारत

**अनुपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का दिया आदेश**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज विकास भवन में विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया और विभिन्न विभागों में कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान दुर्गा प्रसाद मिशन प्रबन्धक उपस्थित और डीसी एनआरएलएम व सभी कर्मचारी अनुपस्थित मिले, साथ ही सीबीओ, डीओ पीआरडी, मनोज कुमार सहायक रेशम अधिकारी, डीएसडब्लूओ, एईआरईएस अनूप कुमार अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया। विकास भवन में साफ-सफाई सही ढंग से न होने पर जिला विकास अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने और आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता के लिए संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जिलाधिकारी ने विकास भवन परिसर की सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने और कार्यालयों में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## युवक की गला दबाकर हत्या, मृतक का शव उसी की दुकान में मिला

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सफदरगंज थाना क्षेत्र के लक्षबर बजहा गांव मे गुरुवार की रात एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार की सुबह युवक का शव बजहा चौराहे से रायपुर जाने वाली मृतक की दुकान मे पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित कई थानो की पुलिस फोर्स ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

बताते चले सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लक्षबर बजहा निवासी 30 वर्षीय शिवमंगल चौहान पुत्र गुरुशरण चौहान बजहा चौराहे से रायपुर जाने वाली सड़क पर बनी दुकान मे बीती रात्रि सो रहा था शुक्रवार की सुबह शिवमंगल का शव उसी की दुकान के अंदर पड़ा मिला मृतक के गले मे निशान बना होने के कारण रात मे किसी ने गला कस कर हत्या कर दी है लोगो के अनुसार मृतक नशे का आदी था एक सप्ताह पूर्व मृतक की पत्नी रूबी अपने 10 वर्षीय यश एव 8 वर्षीय अंश के साथ मायके टेरासानी थाना मसौली चली गयी थी ।

घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नरायण सिंह, सीओ हर्षित चौहान, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक जैदपुर अमित प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक मसौली यसकांत सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर सत्ता पक्ष, विपक्ष सहित 10 नेताओं को भेजा ज्ञापन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, पंचायती राज मंत्री, विपक्षी नेताओं समेत 10 विभिन्न कार्यालयों में रजिस्ट्री डाक से ज्ञापन भेजा है। दिसंबर 2021 से नियुक्त इन कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि वर्तमान 6000 रुपये मासिक मानदेय को बढ़ाकर 26,910 रुपये किया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि एक मनरेगा मजदूर को 237 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं, जबकि तकनीकी कार्य करने वाले कुशल पंचायत सहायकों को इससे भी कम वेतन दिया जा रहा है।

पंचायत सहायकों की अन्य प्रमुख मांगों में मानदेय का भुगतान ग्रामनिधि की बजाय राज्य सरकार द्वारा किया जाए, अनुबंध प्रणाली को समाप्त कर सेवा नियमावली बनाई जाए, महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति बनाई जाए और ग्राम पंचायत अधिकारी के रिक्त पदों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।ये कर्मचारी ग्राम पंचायत सचिवालय का संचालन कर रहे हैं और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि पूर्णकालिक नौकरी होने के कारण उनकी आगे की पढ़ाई भी बाधित हो रही है और उनका भविष्य इसी नौकरी पर निर्भर है। इस अवसर पर रितेश मौर्य, सोनी यादव, मनीष वर्मा,सीमा, आरती वर्मा, शालिनी, पारुल पाल, जसवेंद्र प्रताप, अमरेंद्र वर्मा, विष्णु सोनकर, सुनील कुमार,इंद्रेश प्रजापति, अमित कुमार, विनय कुमार यादव, प्रवेश वर्मा आदि पँचायत सहायक मौजूद रहे।



### श्रीबाराहीं देवी मेला नगर की ऐतिहासिक धरोहर : गौरीशंकर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नगर का ऐतिहासिक व हिंदू, मुस्लिम एकता का प्रतीक श्रीबाराहीं देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। मेला का शुभारंभ होने के बाद मंच पर का मां सरस्वती मां की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि यह मेला नगर व क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर है। नगर व क्षेत्र की जनता न सिर्फ मेले में खरीदारी करती है। बल्कि यहां होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता करती है। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि नगर की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है। ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए।

### किशोरी को फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी मां ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी को मोहल्ले के ही अकरम ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। गुरूवार को वह किसी काम के चलते घर से बाहर गई थी। इसी दौरान अकरम ने बेटी को अपनी बातों में बहला फुसला लिया और उसे अपने साथ लेकर भाग गया। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला। मां ने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## प्रशासनिक टीम ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को किया चिन्हित

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

**कब्जेदारों को स्वतः ही सरकारी जमीन से कब्जा हटाने के दिये निर्देश**



बच्चों वाली कारागार के आसपास सरकारी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर मकानों का निर्माण करने की शिकायत कुछ लोगों ने जिलाधिकारी से की थी उक्त मामले को डीएम ने गंभीरता से लेते हुये राजस्व अधिकारियों की टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण कर सरकारी भूमि पर हुये अवैध कब्जे को हटाने के निर्देश दिये थी। इसीक्रम में शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, लेखपाल, कानून गो आदि ने मौके पर पहुंचकर कब्जाई गयी जमीन का न केवल स्थलीय निरीक्षण किया बल्कि उसकी नापजोख भी करायी। प्रशासनिक कार्यवाही के चलते जिन लोगों ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर मकानों का निर्माण कराया उनमें हड़कंप मच गया।

गौरतलब हो कि पिछले दिनों कुछ लोगों ने जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें शिकायती पत्र देकर अवगत कराया था कि बच्चों की कारागार के आसपास सरकारी जमीन पर कई लोगों ने अवैध कब्जा कर मकानों का निर्माण कर लिया है। उक्त शिकायत को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेकर उक्त मामले में सिटी मजिस्ट्रेट के साथ राजस्व अधिकारियों की टीम का गठन कर निर्देश दिये थे कि वह सरकारी भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर उसे अवैध कब्जों से मुक्त करायें। इसके बाद शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, कानून गो व लेखपालों की टीम मौके पर पहुंची और सरकारी भूमि के बारे में नक्शे से मिलान कराया। अचानक प्रशासनिक अमले को इस तरह से सक्रिय देखकर जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर निर्माण किया था या फिर कब्जा जमा लिया था उनमें हड़कंप मच गया। फिलहाल तो प्रशासनिक अधिकारियों ने सरकारी जमीन पर किये अवैध कब्जों को हटाने की चेतावनी दे दी है। लेकिन सरकारी भूमि कब तक अवैध कब्जों से मुक्त होगी यह तो समय ही बतायेगा।

# कार की टक्कर से महिला की मौत, गर्भवती सहित पांच घायल

- गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के तेराजाकेट फ्लाईओवर की घटना
- मौत पर अपने घर से आ रही चाचा की लड़की भी हुई घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क हादसे में ई-रिक्शा को एक कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। जबकि एक महिला सवार एक गर्भवती महिला सहित पांच लोग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।



रोते बिलखते मृतका के परिजन।

जहां से सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्राम सरायप्रयाग निवासी राखी पत्नी सुरेंद्र गर्भवती हैं।

परिजन राखी को प्रसव पीड़ा होने के बाद शुक्रवार की सुबह ई रिक्शा से गुरसहायगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ला रहे थे। इस ई रिक्शा पर राखी के अलावा अन्य महिलाएं बेबी पत्नी कुंअर सिंह, सुशीला देवी, लाली, अंजु, तनुजा, सहित राजा भी सवार थे। जैसे ही ई रिक्शा ग्राम



तेराजाकेट फ्लाईओवर के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने अनियंत्रित गति से ई रिक्शा को टक्कर मार दी। दुर्घटना के दौरान ई रिक्शा पलट गया। जिसमें सवार बेबी पत्नी कुंअर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य पांच लोग घायल हो गये।

घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों ने मदद करते हुये घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां से सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में घायल गर्भवती राखी की हालत नाजुक होने के कारण हॉस्पिटल भेजा गया है। दुर्घटना में मृत महिला का शव पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ई रिक्शा को हटवाया है।

दुर्घटना में शामिल कार चालक को कार सहित पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं कन्नौज के कुतुलुपुर निवासी सुषमा 33 वर्ष जो मृत महिला की चाचा की लड़की है। घटना की सूचना पर टेंपो से मौके पर जा रही थी।

जैसे ही क्रॉसिंग फाटक पर सुषमा टेंपो से नीचे उतरी तभी एक बाइक की टक्कर से वो भी घायल हो गई। दुर्घटना में उसका पैर टूट गया। इनको भी स्थानीय हॉस्पिटल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है।

# बिना भेदभाव के सरकार मुहैया कराएंगी स्वच्छ पेयजल



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

प्रदेश के मंत्री सिचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिचाईं, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह ने सर्किट हाउस में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है। कि प्रत्येक गरीब के घर में स्वच्छ पेयजल पहुचे। बिना किसी भेदभाव के सरकार प्रत्येक घर तक मुहैया करा रही स्वच्छ पेयजल। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत एक-एक टंकी का निर्माण कार्य कम्पलीट करें। पहले ग्राम पंचायत स्तर पर, उसके बाद विकास खण्ड पर, तदोपरान्त जिला स्तर पर सम्पूर्ण कार्य पूर्ण हों। कहा कि इस प्रकार से कार्य करें, कि किसी एक विकास खण्ड में टंकी का सम्पूर्ण कार्य पूर्ण करें, उसके उपरान्त दूसरे, तीसरे आदि विकास खण्डों में इसी प्रकार कार्य किया जाये, तभी टंकी का निर्माण कार्य सम्पूर्ण रूप से पूर्ण होगा। मंत्री ने कहा कि छिबरामऊ में सिचाईं विभाग के गेस्ट हाउस के मरम्मत का कार्य कराया जाये। कहा कि जनपद में लगभग 100 हेक्टयेर का एक ऐसा सरोवर विकसित किया जाये। जिससे किसानों को सींच की व्यवस्था उपलब्ध करायी जा सके। कहा कि देश में 3 करोड़ पक्के मकान बने है। देश में सभी को पक्का मकान, नल का कनेक्शन, किसान सम्मान निधि एवं आत्म निर्भर, बनाने का कार्य किया जा रहा है। सभी बच्चों को शिक्षित बनाने के लिये सरकार कटिबद्ध है। सभी गरीब बेटियों की शादी कराने की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार ने ली है। योगी के नेतृत्व में प्रदेश खुशहाल है।

बैठक में विधायक कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# सहायक चकबंदी अधिकारी ने गांव में पहुंचकर सनी चकबंदी संबंधित समस्याएं

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र के ग्राम सरदामई के पंचायत घर में सुबह करीब 10:00 से लेकर शाम 5:00 बजे तक चकबंदी अधिकारी मोहम्मद अनीस अहमद सिद्दीकी के द्वारा करीब 80 किसानों की शिकायतें सुनी गई। जिसमें विरासत, बैनामा व नाम दुरुस्ती, संबंधी समस्त शेष 80 पत्रावली सहित तमाम तरह की किसानों की जो समस्याएं थी उनको सुना गया और जिन किसानों के द्वारा जो आपत्तियां लगाई गई थी उनको भी सुना गया और सभी किसानों को निर्देशित किया गया कि जो भी आप लोगों की समस्याएं हैं वह बखूबी से सुने जाएंगे



और उन समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा आप लोग बिल्कुल भी परेशान और घबराए नहीं आप लोग अपने-अपने जो भी कागजात हैं वह पेश करें और उनकी जो भी समस्याएं हैं उनको सुन कर निस्तारण किया जाएगा इस दौरान वीरेंद्र सिंह चकबंदी कर्ता, मोहम्मद ईनुस चकबंदी कर्ता, रामकिशोर चकबंदी कर्ता, सर्वेश कुमार चकबंदी कर्ता, विद्या वारिध लेखपाल, मोहम्मद कफील खान पेशकार, द्वारिका प्रसाद पेशकार, राजीव कुमार मुख्य अनुरेखक, रामनरेश अनुसेवक सहित कई चकबंदी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित ग्राम प्रधान राम प्रकाश भी मौजूद रहे।

# स्टे आर्डर के बावजूद निर्माण रोकने का दिया प्रार्थना पत्र

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विशुनगढ कन्नौज के ठीक सामने प्रार्थी की बैनामा शुदा आराजी पर भाजपा नेता और सबंधित प्रशासन एवं थाना विशुनगढ पुलिस की मिलीभगत एंव संरक्षण द्वारा हो रहे अवैध निर्माण को रूकवाने हेतु प्रार्थना पत्र मे ग्राम भवानीगढ परगना किशनी जनपद मैनपुरी के निवासी है प्रार्थी की जमीन परगना छिबरामऊ के ग्रा. व पो. विशुनगढ जनपद कन्नौज आराजी संख्या 2047, 2048 व 2049 है प्रार्थी की जमीन पर ग्राम विशुनगढ के ही पूरन लाल एंव सोनेलाल पुत्रगण रामदीन, सूरजभान एंव सर्वेश पुत्रगण पूरनलाल जबरिया दबंगई के बल पर अवैध निर्माण एव कब्जा कर रहे हैं एंव झगडा फसाद पर आमादा है तथा लगातार जान माल की धमकी दे रहे है विपक्षी गणों को प्रशासन एंव पुलिस और भाजपा नेता का संरक्षण प्राप्त है।

क्षेत्रीय भाजपा नेता और दबंग जान माल की धमकी तथा पुलिस फर्जी मुकदमा लगाने की धमकी को लेकर पीड़ित पर लगातार दबाव बना रहे हैं, प्रार्थी ने पुलिस हेल्प लाइन 112, थाना अध्यक्ष विशुनगढ एंव उपजिलाधिकारी छिबरामऊ, पुलिस अधीक्षक कन्नौज एवं जिलाधिकारी कन्नौज को कई प्रार्थना पत्र दिए उसके बावजूद कोई कार्यवाई नहीं हुई।

# ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का किया आह्वान



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** खानपुर कसावा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारीं किशोरी रिद्धि द्विवेदी ने प्रसंगों सुनते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है।उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। गौ सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने तीसरे दिन कथा में पहुंच कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। व्यासपीठाधीश्वर आचार्य संदीप द्विवेदी भाई जी ने शुक्रवार को भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे।

## खबरें एक नजर में

### दुर्घटना में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बोलेरो के चालक ने नशे में धुत होकर तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार पिता, पुत्र घायल हो गये। जबकि महिला सुरक्षित बच गई। घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। ग्राम सराय प्रयाग निवासी ज्ञानेन्द्र (35) पत्नी व पुत्र दक्ष (06) के साथ बाइक से ग्राम तेराजाकेट स्थित शादी में शामिल होने के लिए हाइवे से जा रहे थे। तभी सराय प्रयाग फ्लाईओवर के निकट गुरुवार की रात लगभग 10.30 बजे चालक ने शराब के नशे में बोलेरो को चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक व महिला के हल्की चोंटे आई। जबकि पुत्र घायल हो गया। जिसे पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस चालक को बोलेरो सहित कोतवाली ले आई और मेडिकल परीक्षण कराने के बाद विधिक कार्रवाई की।

### चार पर किशोरी को भगाने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगदी व जेवर सहित एक युवक परिजनों के सहयोग से किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसके बाद किशोरी के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 06 फरवरी की शाम लगभग 07 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद के ग्राम सैयदबड़ा फरीदपुर निवासी राहुल पुत्र प्रेमचंद बहला फुसलाकर भाग ले गया। जिसमें आरोपी युवक की मां रामादेवी और उसके मित्र महेश व महेश के पुत्र अर्जुन ने सहयोग किया। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित पिता ने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

### दो लोगों पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर दो लोगों ने चौकीदार से गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। पीड़ित चौकीदार ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। ग्राम सराय दौलत निवासी महेश चन्द्र पुत्र परमेश्वरी दयाल खटिक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 06 फरवरी की शाम लगभग 05 बजे वह गांव स्थित मछली की दुकान के पास खड़ा था। जहां ग्राम सदरपुर निवासी रवि सक्सेना व रामू आए और उसे जाति सूचक गालियां देने लगे। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### परिवार के लोगों ने की मारपीट, तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जमीन के विवाद को लेकर परिवार के लोगों ने गाली गलौज की और दंपति सहित पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मझपुर्वा निवासी रहमान बानो पत्नी नजमुल हसन ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शुक्रवार की सुबह लगभग 08 बजे परिवार के चार लोग दरवाजे पर आए और जमीन के विवाद को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। उसे बचाने आए उसके पति नजमुल, पुत्री नाहीदा बानो के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने किया मंदिर में चोरी करने वाले का पर्दाफाश

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

एसओजी /सर्विलान्स /थाना छिबरामऊ की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय एतिहासिक धरोहर और मन्दिरों आदि में डकैती व चोरी करने वाले गिरोह का सरगना कुँवरपाल बंजारा सहित एक साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है इनके कब्जे से चांदी (चांदी का मुकुट, छत्र, स्वास्तिक वर्तन, चरण पादुका आदि) वजन करीब दो किलो 261 ग्राम, तीन अदद पीतल के घन्टे, 40 हजार 630 रूपये नगद, मन्दिर में सजावट में प्रयुक्त होने वाली पीतल वस्तु के टुकडे 2 किलो 210 ग्राम, एक अदद डीबीआर व घटनाओं में प्रयुक्त एक अदद कटर बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार



ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग दर्शन में, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में, एसओजी टीम/सर्विलान्स टीम/थाना छिबरामऊ की संयुक्त टीम द्वारा थाना छिबरामऊ क्षेत्रान्तर्गत कालका मन्दिर व बाबा की बगिया हनुमान मन्दिर में चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर अभियुक्तगण कुवंरपाल बंजारा व सौरभ राजपूत ने बताया कि हम लोग बड़े/प्रसिद्व मन्दिरों को चिन्हित कर रैकी करते है और अपने साथी संजीव, शेरा, भोंदा के साथ मन्दिर से दान का ताला काटकर उसका चढावा तथा मूर्तियों के कीमती मुकुट व छत्र आदि चोरी कर लेते है, हम लोग चोरी करने से पहले अपने पहचान छुपाने के लिये अपने चेहरे को किसी कपड़े से बांधकर ढक लेते है।

जब हमे जानकारी होती है कि मन्दिर में कैमरा लगा है तो उसका डीबीआर भी निकाल लेते है ताकि पुलिस हमारी पहचान न कर सके, चोरी से प्राप्त सामान को आपस में बराबर-बराबर बांट लेते है। हम लोग 19.01.2025 को छिबरामऊ में कालका देवी मन्दिर व बाबा की बगिया स्थित प्राचीन हनुमान मन्दिर से कमरों के ताले व जंगलों की ग्रिल काटकर मन्दिर से चढावा एवं दानपात्र मे रखे रूपये, सोने चांदी के जेबरात, माता रानी दरबार का छत्र, चांदी का मुकुट, पीतल के घन्टे आदि चोरी किये थे।

### युवक को मारपीट कर किया घायल, तोड़ी बाइक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर आरोपितों ने दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया और दुकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम गुग़रापुर निवासी हिमांशु पुत्र स्वर्गीय रामकुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 05 फरवरी की रात 10.30 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। तभी गांव के ही चार लोगों ने दुकान में घुसकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और दुकान के बाहर खड़ी उसकी बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रधान पद लिए पैथाना व नगरिया में 19 को पड़ेगे वोट

**तिर्वा।** उमर्दा विकास खण्ड की ग्राम सभा पैथाना व नगरिया में रिक्त हुए प्रधान पद के लिए 19 फरवरी को मतदान होगा। जिसके लिए शुक्रवार से ब्लाक परिसर में नामाकंन पत्रों की बिक्री शुरू हो गई। पहले छह उम्मीदवारों ने उमर्दा ब्लाक पहुंचकर नामाकंन पत्र खरीदे। उमर्दा की ग्राम सभा पैथाना व नगरिया में दोनो प्रधानों की बीमारी के चलते हुई मौत के कारण पद रिक्त हो गए थे। जिसपर दोबारा चुनाव कराने का फैसला लिया गया है। अब 19 फरवरी को इन दोनो ग्रामसभाओं में मतदान कराया जाएगा। शुक्रवार को उमर्दा ब्लाक परिसर में नामांकन पत्रों की बिक्री की शुरूआत हो गई। पहले दिन दोनो ग्रामसभाओं के लिए छह उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे है। इनमें पैथाना से चार उम्मीदवारों ने व नगरिया से दो उम्मीदवारों ने पर्चे खरीदे है। नामांकन पत्रों की बिक्री शनिवार तक होगी।

# फोनलेन मार्ग पर भरा पानी, राहगीर परेशान

- इलाहाबाद बैंक के सामने क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइन

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के इलाहाबाद बैंक के सामने पाइप लाइन फट जाने से सड़क पर जलभराव की नौबत आ गई है। फोरलन मार्ग के दोनो ओर पानी भरा हुआ है।

जिससे लोगों को पैदल निकलने में दिक्कते आ रही है। उधर पिछले दो दिनों से कई मोहल्लों में पेयजल की आपूर्ति भी बाधित है।

विद्युत सबस्टेशन से पंजाब नेशनल बैंक तक पिछले तीन दिनों से बीएसएनएल की अंडर ग्राउण्ड लाइन



फोरलेन मार्ग पर भरे पानी से गुजरते वाह्न

बिछाने का काम चल रहा है। दो दिन पहले इलाहाबाद बैंक के सामने लाइन बिछाने के दौरान नगर पंचायत की बिछी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे पानी सड़को पर बहने लगा। धीरे-धीरे फोरलेन मार्ग के दोनो ओर काफी जलभराव हो गया। जलभराव से वाहनों को निकलने में दिक्कतें आने लगी। लोगों का पैदल चलना भी दुभर हो गया। इस मामले में नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी दिव्यांशी दीक्षित ने बताया कि पाइन लाइन को दुरुस्त करने का काम जारी है। शनिवार तक पाइप लाइन दुरस्त करके पेयजल की आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।

# 25वां सालाना जलसा ब रसूल आजम कॉन्फ्रेंस आज परंपरागत से शान शौकत के साथ मनाया जाएगा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मदरसा दारुल उलूम गौसिया का 25वां सालाना जलसा बनाम रसूल आजम कॉन्फ्रेंस आज परंपरागत से शान शौकत के साथ मनाया जाएगा।

तेरे तरीका हजरत मौलाना मुस्तकीम अहमद कादरी ने बताया कि इस वर्ष भी पूर्व की बात जलसे का प्रोग्राम मदरसे के पास स्थित आवास विकास के मैदान में होगा सुबह 11:00 बजे के से असर तक खबर खबर आई ने इस्लाम का इस्लाही प्रोग्राम होगा उसके बाद नमाज ईशा कांफ्रेंस आयोजित की जाएगी प्रधानाचार्य कार्य ने बताया कि जल से की अध्यक्षता पीले तरीका



आवे नबी औलादे अली हजरत सैयद ओवैस मुस्तफा बस्ती बिलग्राम शरीफ फरमाएंगे इस बार 20 छात्र-छात्राओं की दस्तार होगी मीडिया प्रभारी मोहम्मद जैनुल खान ने बताया कि मुख्य हजरत मौलाना गुलाम रसूल बालवीर बिहार पूर्व सांसद इसके अलावा हजरत मौलाना मस्ती एम मोहम्मद अशरफ जिलानी काजी शहर भीलवाड़ा वी मुक्ति समय अल्लाह राजस्थान तकरीर फार्म आएंगे शहरों में शायरी इस्लाम हबीबुल्लाह फौजी झारखंड समीर राजा इलाहाबादी इसराइल अख्तर मसौढ़ी कानपुर तशरीफ़ फरमाएंगे जलसा प्रभारी मौलाना अजमल ने इस्लामी भाई बहनों से जलसे में शिरकत करने की अपील की।

# प्राचीन मंदिरों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो गिरफ्तार



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अन्तर्राज्यीय एतिहासिक धरोहर और मन्दिरों आदि में डकैती व चोरी करने वाले गिरोह का सरगना कुँवरपाल बंजारा सहित एक साथी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कब्जे से चोरी का माल बरामद किया। एसओजी, सर्विलान्स टीम और थाना छिबरामऊ की संयुक्त टीम ने थाना छिबरामऊ क्षेत्रान्तर्गत कालका मन्दिर व बाबा की बगिया हनुमान मन्दिर में चोरी की घटना कारित करने वाले दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया। एसपी विनोद कुमार ने पुलिस कार्यालय पर घटना का खुलासा किया। 20 जनवरी को कालिका देवी मन्दिर छिबरामऊ से अज्ञात चोरों ने मन्दिर के अन्दर का ताला तोडकर व खिड़की की ग्रिल काटकर, मन्दिर एवं कमरे व दानपात्र से (सोने चांदी के जेवरात,चांदी के छत्र, चांदी के मुकुट,घण्टा व चढावा के रुपये) चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में अज्ञात तथा मदनलाल पुत्र रघुनाथ प्रसाद निवासी बहवलपुर ने प्राचीन हनुमान मंदिर में रखे दानपात्र को खोलकर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। मुखविर की सूचना पर पुलिस टीम ने छिबरामऊ क्षेत्र के खुबरियापुर मोड से अभियुक्तगण कुँवरपाल बंजारा पुत्र नरपत सिंह बंजारा निवासी रामनगर थाना ठठिया और सौरभ राजपूत पुत्र अजय राजपूत निवासी मो. अन्नपूर्णानगर थाना तिर्वा को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से चांदी के मुकुट, छत्र, स्वास्तिक, बर्तन, चरण पादुका आदि वजन करीब 2 किलो 261 ग्राम व 03 अदद पीतल के घन्टे व मन्दिर में सजावट में प्रयुक्त होने वाली पीतल वस्तु के टुकडे 2 किलो 210 ग्राम, 01 अदद डीबीआर व घटनाओं में प्रयुक्त एक अदद कटर व 40 हजार 630 रूपये नगद तथा थाना सिविल लाइन जनपद इटावा पर पंजीकृत व थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद में पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित मालमसरुका मुकुट, छत्र आदि बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्तगण कुँवरपाल बंजारा व सौरभ राजपूत को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

घटनाओं का विवरण–19 जनवरी 2025 की रात अज्ञात चोरों ने छत से उतर कर कालका देवी मन्दिर परिसर में बने कमरों के ताले व जंगलों की ग्रिल काटकर मन्दिर से चढावा एवं दानपात्र मे रखे लगभग 50 हजार रूपये, सोने चांदी के जेबरात, माता रानी दरबार का छत्र, चांदी का मुकुट, 15 किलो पीतल के घन्टे आदि चोरी किया। और बाबा की बगिया स्थित प्राचीन श्री हनुमान मन्दिर से मन्दिर के अन्दर लगे दान पात्र से सम्पूर्ण चढावा आदि चोरी करने के सम्बन्ध में थाना छिबरामऊ में मु. पंजीकृत किया गया। 09 जनवरी 2025 की रात्रि में जनपद इटावा थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित बाबा सीतगृह कचैरा रोड के निकट श्री सांई बाबा मन्दिर से अज्ञात चोरों द्वारा चैनल गेट व मन्दिर परिसर का ताला काटकर मन्दिर के गर्भ गृह से श्री नाथ जी महाराज की चांदी की चरण पादुका (3 नग) व बाबा के चांदी युक्त खडांऊ व 06 दानपात्रों से लगभग 30 हजार रूपये चढावा चोरी किया। 29 जनवरी 25 की रात्रि में जनपद फिरोजाबाद थाना टूंडला क्षेत्र स्थित श्री वैष्णों देवी धाम से ताला काटकर मन्दिर में लगी मूर्तियों से 04 मुकुट व 5 छत्र व चांदी के वर्तन व 03 दान पात्रों को तोडकर उनका चढावा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना टूंडला पर मु. पंजीकृत किया गया था।

# यू- विन पोर्टल पर फर्जी फीडिंग पाए जाने पर होगी कार्रवाई

- जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**कन्नौज, समद्धि न्यूज़।**



बैठक करते जिलाधिकारी

जितनी डिलवरी हो रही है। प्रत्येक बच्चे का समय से यूविन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया जाए और जिन बच्चों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। उनका भी रजिस्ट्रेशन समय से करा लिया जाए। ठीक इसी प्रकार जो वैक्सीनेशन का कार्य हो रहा है। यूविन पोर्टल पर फीडिंग बहुत आवश्यक है। फर्जी फीडिंग पाए जाने की दशा में संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में टीबी उन्मूलन अभियान, यू विन योजना और आयुष्मान योजना की बैठक में कही। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले 6545 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। छूटे हुये शेष 3979 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी शीघ्र बनाये जाएं। 70 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों के आयुष्मान कार्ड जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से जो बन रहे। उनका डेटा भी कलेक्ट कर पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा कार्यालय के कक्ष संख्या- 5 में आयुष्मान संबंधी प्रत्येक समस्या का समाधान उपलब्ध है। इच्छुक कार्यालय दिवस में ससमय जाकर सूचना प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने टीबी उन्मूलन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि स्क्रैनिंग व मैपिंग पर फोकस विशेष रूप से किया जाये। जो संसाधन है। उसका सही से सद्प्रयोग किया जाए। प्रत्येक दशा में टीबी की रोकथाम करना है। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित आदि लोग रहे।

# दबंग प्रधान व उसके पुत्रों ने ग्राम विकास अधिकारी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

▸ अभिलेखों को फाड़कर दी जान से मारने की धमकी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधान व पूर्व प्रधान और उसके पुत्रों की बात न मानना ग्राम विकास अधिकारी को महंगा पड़ गया। दबंगों ने जान लेना हमला बोल दिया। गाँव नुनेरा में ग्राम विकास अधिकारी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और अभिलेख फाड़कर जान से मारने की धमकी दी। मोटरसाइकिल को भी लाठी-डंडे पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने थाने में आरोपियों के विरूद्ध तहरीर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में कई जगह छापेमारी की, लेकिन आरोपी फरार हो गए।

ग्राम विकास अधिकारी जयवीर सिंह की तैनाती ग्राम पंचायत राईपुर चिनघटपुर व इकलहरा, कमलपुर में है। क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों का निर्माण कार्य चल रहा है। जयवीर नए आवासों का सर्वे करने शुक्रवार दोपहर ग्राम पंचायत राईपुर चिनघटपुर के मजरा गाँव नुनेरा पंचायत सहायक गरिमा के साथ गए थे। जानकारी होने पर ग्राम प्रधान मोहम्मद समी व उसके दो पुत्र और साथी इकलहरा पूर्व प्रधान

### पुलिस की शह पर कई वर्षों से बालू खनन में लिप्त

आरोपी ग्राम प्रधान व उसके पुत्र कई वर्षों से करीब आधा दर्जन निजी ट्रैक्टर ट्रॉली व जेसीबी से क्षेत्र में बालू का अवैध खनन कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस से गहरी साठगांठ होने के कारण कोई भी इनका विरोध नहीं कर पाता है। खनन माफिया आये दिन आम लोगों से मारपीट व गुंडई को लेकर चर्चा में बने रहते है। नगर से लेकर ग्राम पंचायत के गांवों में इनका भय व्याप्त है। आरोपियों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है।

### खनन कर बनायी करोड़ों की संपत्ति

आरोपी ग्राम प्रधान व उसके पुत्रों की दबंगई जग जाहिर है। यह बालू खनन का अवैध व्यापार लगभग 20 वर्षो से कर रहे हैं। इन्होंने राजस्व को भारी क्षति पहुँचाई है। आरोपियों ने बालू खनन कर करोड़ों की संपत्ति बना ली है। जमीन प्लाटिंग व कई जगहों पर महंगी जमीन व मकान बनाए हैं।

जमशाद मौके पर आ गए। अपात्रों के पक्ष में रिपोर्ट लगाने का दबाब बनाने लगे। जयवीर ने अनावश्यक दबाब बनाने का विरोध किया। जिससे प्रधान व उसके पुत्रों को नागवार गुजरा। वह आग बबूला होकर गाली-गलौज करने लगे। जिसका विरोध ग्राम विकास अधिकारी ने किया। दबंगों ने एक राय होकर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। जिससे अफरा-तफरी मच गई। जान बचाकर भागे ग्राम विकास अधिकारी को दबंगों ने गाँव में दौड़ा-दौड़ाकर पीटकर बेदम कर दिया। वह अपनी मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर भाग आये। दबंगो ने मोटरसाइकिल को तोड़फोड़ दिया। ग्राम विकास अधिकारी ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने आनन-फानन में थाने पहुँचकर तहरीर दी। थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या ने बताया कि तहरीर मिल गई है। घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# जाम की झाम से पूरे दिन जूझते रहे वाहन चालक



पांचाल घाट पर लगा जाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया में इस समय अच्छी खासी भीड़ हो रही है, क्योंकि मेला अंतिम दौर में पहुंच गया है। जिसके चलते रोज जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे पांचाल घाट पुल पर एक वाहन खराब हो गया। जिसके कारण जाम लग गया। जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। धीरे-धीरे जाम मसेनी चौराहे से लेकर चाचूपुर तक लग गया। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गयीं। जाम दोपहर तक लगा रहा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बमुश्किल जाम खुलवा पाया। बताते चलें कि इस समय मेला रामनगरिया अंतिम दौर में पहुंच गया। जिसके चलते मेले में काफी भीड़ उमड़ रही है। जो जाम का कारण बन रही है। वहीं पुल की मरम्मत न करने के कारण उसे खोदकर डाल दिया गया है। जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। जरा सा चूक जाने पर वाहन चालक गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। वहीं लोगों का कहना है कि जब तक मेला है, तब तक फिलहाल जाम से निजात मिलने की की उम्मीद नहीं है।

# विधायक ने जन चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

▸ विकास कार्यों में तेजी लाने के अधिकारियों को दिये निर्देश

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहमदगंज में जन चौपाल का आयोजन किया गया। यह आयोजन गांव की समस्या को गांव में निपटारा करने के लिए किया गया। आयोजन की अध्यक्षता कायमगंज विधायक डॉक्टर सुरभि ने की। विधायक अधिकारियों पर समस्या का समाधान करने के लिए कड़े तेवर के साथ फटकार लगाते हुए नजर आईं। गांव में गरीबों को पीएम आवास शौचालय एवं विकास कार्यों तेजी लाने के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जन चौपाल के लिए प्रोफेशन अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया था। मगर नोडल अधिकारी जन चौपाल में उपस्थित नहीं हुए। नोडल अधिकारी को स्पष्टीकरण विधायिका ने देने को कहा। पीएम आवास का सर्वे पंचायत में मार्च तक चलेगा। ग्राम पंचायत अहमदगंज की जनता ने भ्रष्ट अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। पीएम आवास के लिए सचिव को कई नाम नोट कराए



जन चौपाल में समस्यायें सुनतीं विधायक सुरभि

गए। अहमदगंज में कई हेडपंप खराब पड़े हुए हैं। उनकी मरम्मत के लिए जनता ने विधायिका से गुहार लगाई। अहमदगंज में कई नालियों के लिए विधायिका ने बरसात से पहले निर्माण कराने के लिए कहा। बीडीओ राधेश्याम, एडीओ पंचायत समाज कल्याण अधिकारी, एपीओ कुलदीप, सचिव धर्मेंद्र पाल, प्रधान प्रीति देवी, प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुमार, पंचायत सहायक मधु राजपूत, रोजगार सेवक दलवीर सिंह, सुमित तिवारी, सोनू चतुर्वेदी, जीतू, पंचायत सदस्य विनोद राजपूत, सुधीर राजपूत, सुज्जन खान आदि लोग मौजूद रहे।

# लकड़ी माफिया ने एक दर्जन नीम व शीशम के पेड़ काटे

▸ वनाधिकारियों की छत्रछाया में पनप रहा लकड़ी कटान का अवैध गोरखधंधा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इसे वन्य अधिकारियों का लकड़ी माफिया को संरक्षण कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि शमशाबाद क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक लकड़ी माफिया एक लंबे समय से सक्रिय है और शहर के अलावा ग्रामीण इलाको में हरे भरे वृक्षों को काटकर अच्छी खासी कमाई कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है की लकड़ी माफिया जो कभी रात के अंधेरे में हरे भरे वृक्षों को कटवाकर दिन का उजाला होने से पहले ट्रैक्टर ट्रालियों के सहारे ठिकाने लगवा दिया करते


लकड़ी माफिया द्वारा काटे गये हरे वृक्ष

थे। आजकल वही लकड़ी माफिया वन्य अधिकारियों के संरक्षण में पेड़ों के अवैध कटान के कार्य को धड़ल्ले से बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। इसका उदाहरण भी विकास खंड शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर सैदवाड़ा से अरियारा को जाने वाले चकमार्ग पर ऊषा देवी के खेत में देखने को मिला। बताते हैं यहां लगभग 10 नीम व दो शीशम के पेड़ थे। जिसे लकड़ी माफिया राम किशोरी निवासी किसरोली के द्वारा कटवाकर ठिकाने लगवा दिया गया। बताते हैं जब ग्रामीणों को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना मीडिया को दी। जब मीडियाकर्मियों ने मौके पर देखा गया तो वहां 10 नीम के पेड़ व दो शीशम के पेड़ कटे हुए मिले। शमशाबाद क्षेत्र में एक लंबे समय से हरे भरे वृक्षों को बेखौफ होकर लकड़ी माफिया द्वारा कटवाये जाने का कार्य जारी है। यही कारण है वन्य अधिकारियों के संरक्षण से बुलंद हौसलों के साथ लकड़ी माफिया दिन के उजाले में इस अवैध कार्य को अंजाम दे रहे जो एक चिंता का विषय है। वहीं जब लकड़ी माफिया से पेड़ों को काटने के संबंध में जानकारी की गई, तो उसने बताया कि हम लोग लकड़ी काटते हैं उसमें वन विभाग व पुलिस मेरा सहयोग करती है। इसके एवज में हम उनको 40 परसेंट कमीशन के तौर पर देते हैं। आप मेरा कुछ नहीं कर पाओगे।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में बाल अपचारी पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में एक बाल अपचारी को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर 13 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

बीते छः वर्षो पूर्व थाना जहानगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी पांच वर्षीय नाबालिग पुत्री अपने मकान के पीछे खेल रही थी, तभी अचानक मेरे ही गांव का लड़का मेरी लड़की को बहला फुसलाकर जबरदस्ती पकड़कर मकान में ले गया। जहां दरवाजा बंद करके बलात्कार करने लगा। मेरी लड़की के चिल्लाने में मेरी साली मौके पर पहुंच गई। जिस पर बाल अपचारी साली को धक्का देकर भाग गया। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने बाल अपचारी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

# लाखों की कीमत से तैयार सरकारी नलकूप बना सफेद हाथी, जिम्मेदार मौन

▸ ना पाइप न ही बोरिंग में समर, कैसे हो गरीब किसानों की फसलों की सिंचाई

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिंचाई की समस्याओं से जूझ रहे किसानों ने छः महीने से ठप्प पड़े नलकूप को प्रशासनिक अधिकारियों से सिंचाई व्यवस्था बहाल कराए जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम समसपुर भिखारी का शाहपुर दासू में 6 महीने पूर्व किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए सरकारी नलकूप संख्या 192 केएमजी वर्ष 2023-24 का निर्माण कराया गया था जो वर्तमान में तैयार है। अफसोस अधिकारियों की लापरवाही के चलते


बंद पड़ा सरकारी नलकूप

यह नलकूप आज भी किसानों की नजर में सफेद हाथी बना हुआ है। बताते हैं उक्त नलकूप को संचालित करने के लिए ना तो बोरिंग में पाइप डाले गए न ही समर। वर्तमान में पछुआ हवाओं का दौर जारी है। ऐसे में किसानों को अपनी -अपनी फसलें बचाना मुश्किल हो रहा है। एक तरफ आलू की फसल, तो दूसरी तरफ गेहूं की फसल, ऊपर से मौसम का दुष्प्रभाव तेज हवाओं से मायूस किसानों के चेहरे पर हवाइयां उड़ती हुई देखी जा रही हैं। किसानों ने बताया वर्तमान में फसलों को बचाने के लिए उन्हें प्राइवेट नलकूप संचालकों का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे में निजी नलकूप संचालक गरीब किसानों से डेढ़ सौ रुपए से लेकर 200 रुपए घंटे की सिंचाई वसूल रहे हैं जो गरीब किसानों के बस की बात नहीं। ग्रामीण किसानों की मानें तो क्षेत्र का विस्तार अधिक होने के कारण यहां दर्जनों किसान तरह-तरह की फसलें तैयार करते हैं। वर्तमान में सिंचाई के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं को लेकर यहां नलकूप का निर्माण कराया गया था जो छः महीने से तैयार है, लेकिन कहीं ना कहीं प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही गरीब किसानों के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। यही कारण है यह नलकूप के चलते किसानों की नजर में सफेद हाथी बना हुआ है।

किसानों ने बताया उक्त नल जो अगस्त महीने में तैयार हो गया था। अभी तक ना तो पाइप डाले गए हैं न ही समर डाली गई। किसानों में रामनिवास शाक्य, ननकू, सुनील कुमार, विनय कुमार, सौरभ, छोटे, अवधेश कुमार तथा राजपाल सहित तमाम किसानों ने बताया 6 महीने पूर्व नलकूप तैयार हो गया था, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते संचालन नहीं हो सका। क्षेत्रीय किसानों ने जिम्मेदारों के प्रति नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से सरकारी नलकूप को तत्काल चालू कराए जाने की मांग की है।

# दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, पीछे से आ रहा टेंपो भी भिड़ा, एक की मौत

▸ करीब एक दर्जन से अधिक सवारियां घायल, घायलों को लोहिया भेजा गया

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इटावा-बरेली हाईवे पर नन्दगांव के निकट दोपहर 12:30 बजे मोहम्मदाबाद की तरफ से आ रही कार संख्या यूपी 76एक्यू0508 तथा बेवर की तरफ से आ रही कार संख्या एमपी36सी4438 में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। उसी समय मोहम्मदाबाद की तरफ से आ रहा टेंपो भी कारों से टकराकर पलट गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। टेंपो में सवार 50 वर्षीय दाउदपुर निवासी


क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटाते लोग

राधेश्याम उर्फ भूरे की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक राधेश्याम के शव को मोर्चरी भेज दिया। मैनपुरी की तरफसे आ रही कार में घायल रविंद्र सिंह 50 वर्ष, उनका पुत्र 25 वर्षीय अभिषेक निवासी टीकमगढ़ मध्य प्रदेश तथा 50 वर्षीय कप्तान सिंह निवासी मघाऊ जनपद मैनपुरी सवार थे। ये लोग फर्रुखाबाद एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। दूसरी कार संख्या यूपी 76एक्यू0508 जो की मुरहास कन्हैया से मैनपुरी शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। जिसमें 50



लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल

वर्षीय कार चालक बलवीर सिंह, उसका 40 वर्षीय भाई स्वदेश तथा स्वदेश की 28 वर्षीय पत्नी गौरी व 13 वर्षीय पुत्री आराध्या सवार थे। टेंपो में चालक दाउदपुर निवासी 40 वर्षीय सरोज, 48 वर्षीय भाई राधेश्याम, भाभी पप्पी, छोटा भाई मनोज व मनोज की पत्नी श्वेता, भाई स्वदेश व उसकी पत्नी गौरी, 6 वर्षीय अर्पित एवं दो वर्षीय शोभित, राधेश्याम की सास सुदामा पत्नी राम प्रकाश सवार थे। डॉक्टर ने घायल रवेंद्र, स्वदेश, कप्तान सिंह, शकुंतला देवी, आराध्या, गौरी तथा पप्पी को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक राधेश्याम उर्फ भूरे चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। उसके दो पुत्र हैं। मृतक मजदूरी करता था। मृतक की मां श्यामला कुमारी पत्नी पप्पी का रो- रोकर बुरा हाल है। सात घायल के सीएचसी पहुंचते ही कर्मचारियों के हाथ पैर फूल गए। अस्पताल में केवल एक ही स्ट्रेचर मौजूद था। जिस कारण एक-एक करके घायलों को वार्ड में पहुंचाया गया। वहीं डॉक्टर के नाम पर केवल सनी मिश्रा ने अकेले ही सभी का उपचार किया। जानकारी होने पर पर मोहम्मदाबाद प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे गये और घायलों को सीएचसी पहुंचाने में मदद की।

# बाइक की टक्कर से टिर्री सवार घायल


लोहिया में भर्ती घायल

▸ डॉक्टर ने सर्वेश के पैर में गंभीर चोट आने के कारण डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के लिए कर दिया रेफर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक की टक्कर से टिर्री सवार घायल हो गया। उसे सीएचसी शमशाबाद में भर्ती कराया गया। पैर में गम्भीर चोट होने के कारण लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सर्वेश सिंह उम्र 55 वर्ष पुत्र राममूर्ति निवासी मंझना थाना नवाबगंज टिर्री चालक है। जो नवाबगंज से शमशाबाद तक टिर्री चलाता है।

दिनांक 6 तारीख की शाम 4:00 बजे फैजाबाद और हजियांपुर के बीच में सवारी से पैसे लेते समय कायमगंज की ओर से अज्ञात युवक अपनी बाइक से तेज रफ्तार से आ रहा था। युवक ने सामने से टिर्री में सामने से बाइक से टक्कर मार दी। जिससे सर्वेश घायल होकर गिर गया। आसपास के लोगों ने 108 एंबूलेंस से शमशाबाद सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने सर्वेश के पैर में गंभीर चोट आने के कारण डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

# ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत, नहीं हो सकी पहचान


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिनाख्त कराने की काफी कोशिश की, मगर शिनाख्त नहीं हो सकी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम के समय कानपुर फतेहगढ़ रेल मार्ग पर गुमटी संख्या 139 गांव हुसैनगंज के निकट कासगंज अनवरगंज से समय करीब 3:40 पर एक अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस तथा भोजपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव की तलाशी ली।

पुलिस ने बताया शव के पास से एक टिकट मिला है जो की मैनपुरी भोगांव का है। घटना से कुछ दूरी पर कुछ रेलवे कर्मचारी काम कर रहे थे। जिन्होंने इस घटना को देख भी नहीं पाया।

पुलिस प्रशासन ने जीआरपी को सूचना दी। मौके पर जीआरपी व थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की।

# एफआरएफ सेंटर का सफाई कर्मचारियों को कराया गया भ्रमण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्वच्छ भारत मिशन के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के अंतर्गत दिए गए आदेश व अधिशासी अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में निकाय के कर्मचारियों की कैपिसिटी बिल्डिंग डेवलपमेन्ट हेतु शुक्रवार 07 फरवरी 2025 को एमआरएफ सेंटर पर भ्रमण हेतु ले जाया गया। एमआरएफ सेंटर पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के विभिन्न घटक सूखा कूड़ा गीला कूड़ा का अलग-अलग प्रसंस्करण और एमआरएफ सेंटर पर स्थापित मशीनों की सहायता से कूड़े के पृथकीकारण, भंडारण आदि का संचालन मशीनों को चलवाकर दिखाया गया और समझाया गया कि किस प्रकार से हमारे सेंटर पर


एमआरएफ सेंटर पर मौजूद सफाई कर्मचारी

स्थापित किए गए विभिन्न मशीनों का परिचालन, स्टॉक बुक का रखरखाव किया जाता है व सभी प्रक्रियाओं की बारीकी से जानकारी दी गई। इसके बाद एमआरएफ सेंटर स्थित वेट वेस्ट कंपोस्टिंग यूनिट में सभी कर्मचारी को कंपोस्ट किए जा रहे सामग्री का भी अवलोकन कराया गया और अच्छे तरीके से काम किए जाने हेतु कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। इसकी पश्चात एमआरएफ सेंटर स्थित निर्माणाधीन वेस्ट टू वंडर पार्क पर हो रहे कबाड़ से जुगाड़ कार्य की भी जानकारी कर्मचारियों को दी गई। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, डीपीएम फर्रुखाबाद धर्मेंद्र सिंह, सफाई नायक बृजेंद्र सिंह व सुभाष व एमआरएफ केयरटेकर अतुल तिवारी व निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय कैरियर मेले का हुआ आयोजन

**कैरियर स्थापित करने के लिए बहुत अच्छा मंच है : डीएम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़ में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कैरियर मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र एवं जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी और डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी, प्राचार्य आई.टी.आई. कार्यदेशक बृजेश कुमार, प्राचार्य राजकीय पालीटेक्निक दयाचन्द, नगर उद्योग व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष सदानन्द शुक्ल, कार्यक्रम संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, नोडल सौरभ प्रताप सिंह, आयोजक दीपिका राजपूत, जिला समन्वयक मनेन्द्र मिश्र आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी व विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी का सरस्वती विद्या मंदिर इ0 का0 फतेहगढ़ की बैण्ड टीम ने जोरदार स्वागत किया व एन.सी.सी. कैडेट्स ने अतिथियों को सलामी दी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अतिथियों को पुष्प व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़ की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की व मदन मोहन कानोडिया बालिका इ.का. की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को कैरियर के नये आयाम प्राप्त करने के लिये यह कार्यक्रम बहुत ही सुन्दर मंच है। जनपद स्तरीय कैरियर मेले में एक साथ कई विभागों के अधिकारियों के द्वारा उन्हें उनके कैरियर चुनने में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कैरियर मार्गदर्शन की उपयोगिता को समझाया।

जिला विकास अधिकारी ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के सहयोग से छात्र-छात्राओं के सुनहरे भविष्य निर्माण हेतु कार्यक्रम को कराया जा रहा है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुये कहा कि आप जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं वहाँ जाइये, मगर आप अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से लगना होगा, तो निश्चित ही आपको अपने क्षेत्र में सफलता मिलेगी। साथ ही अन्य लोगों ने भी जानकारियां दी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि नई शिक्षा योजना के तहत छात्र-छात्रायें कई प्रकार के कैरियर को चुन सकते हैं तथा आप जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं जा सकते हैं। उन्होंने प्रतिभागी विद्यालयों के प्रधनाचार्य व छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।


डीएम को सम्मानित करते सीडीओ व डीआईओएस


भण्डारे में प्रसाद लेते लोग

## सेवा पांचाल नगरी ने मेला रामनगरिया में किया भण्डारे का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा पांचाल नगरी संस्था की ओर से मेला रामनगरिया स्थित कार्यालय में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। साधु-संन्यासियों ने प्रसाद ग्रहण कर संस्था के सदस्यों को आशीर्वाद दिया। मेला स्थित संस्था के कार्यालय में प्रसाद पाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख सहित शासन प्रशासन के लोगों ने पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्था के संरक्षक जगदीश प्रसाद वर्मा ने सभी का स्वागत किया। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान आचार्य चंद्रेव शास्त्री ने पहुंच कर संस्था के अध्यक्ष राहुल वर्मा को आशीर्वाद देकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर संदीप आर्य, संजू यादव, आकाश सोमवंशी यादव, नितिन गुप्ता, वैभव सोमवंशी, कृष्ण वर्मा, नकुल, संजीव बाथम, अमन, अनुराग, ऋषभ आदि लोगो मौजूद रहे।

# मेला रामनगरिया में उमड़ी भीड़, दुकानों पर हुई खरीददारी


मेले में खरीददारी करते ग्राहक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया अंतिम चरण पर पहुंचा है। एक सप्ताह बाद माघ मेले का समापन हो जायेगा। शुक्रवार को मेला रामनगरिया में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गंगा में डुबकी लगायी और मेले का लुत्फ लिया। मेले में एकदम भीड़ बढ़ने से रौनक दिखी। ग्राहकों ने जमकर खरीददारी की। घरेलू सामान व महिलाओं के सजावट की सामग्री वाली दुकानों पर काफी भीड़ दिखायी पड़ी। श्रद्धालुओं ने अपनी जरुरत के अनुसार मेले में वस्तुएं खरीदी। मनोरंजन करने के लिए झूला आदि झूले। साथ ही मेले में चल रही विभिन्न पाण्डालों में कथा का भी रसपान किया।विभिन्न पाण्डालों में कथावाचकों ने अपने मुखारबिन्दु से श्रद्धालुओं को लाभांवित किया। मेले में जमकर खरीददारी हुई। महिलाओं ने भी अपनी जरुरत के अनुसार वस्तुएं खरीदी। गली नम्बर 1, 2, 3 की दुकानों पर अच्छी खासी भीड़ दिखायी पड़ी। मेला आखिरी चरण में पहुंचने के चलते श्रद्धालु दूर-दराज से आकर मेले में में स्नान करने के अलावा खरीददारी भी कर रहे है।

### सभासद पर पूर्व प्रधान ने की फायरिंग, पांच के विरुद्ध तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान ने अपने साथियों के साथ ढाबे पर पहुंचकर वहां खाना खा रहे सभासद व उसके साथियों के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट पर अमादा हो गये। इस दौरान दबंग पूर्व अपने जानमाल की धमकी देकर बघार नाला की तरफ भागते समय फायरिंग कर दी। जिससे वहां भगदड़ मच गयी। सूचना पर पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं घटना के संबंध में पूर्व प्रधान सहित पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्वालटोली निवासी नरेन्द्र यादव पुत्र स्व0 जदुनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसके दोस्त सूरज चौहान के पुत्र हुआ है। उसकी खुशी में गुरुनानक ढाबा पर खाना खाने गया था। साथ में पुष्पेन्द्र यादव उर्फ लाले विकास यादव डम्पी व सनी यादव देवरामपुर व आशीष यादव सभी खाना खा रहे थे, तभी पुरानी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान विमल यादव पुत्र श्याम सिंह, मोहित यादव व राजन तीनों भाई व प्रवीण यादव, शीटू निवासगीण बबाइया थाना जहानगंज आये और लाले का नाम लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उपरोक्त आरोपीगण मारपीट पर अमादा हो गये और जान से मारने की धमकी देते हुए बघार नाला की तरफ भागते सयम फायर कर दी। जिससे वहा भगदड़ मच गयी। घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस को मौके पर एक खोखा कारतूस भी मिला। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# शरीर की जल से व मन की पवित्रता सत्य से होती है: चन्द्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि शरीर की पवित्रता जल से होती है, मन की पवित्रता सत्य से होती है, बुद्धि की शुद्धि ज्ञान से होती है और आत्मा की पवित्रता विद्या और तप से होती है। यदि शरीर पर ध्यान दिया तो स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा।

महाकवि कालिदास ने लिखा है कि शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनं अर्थात शरीर ही धर्म का पहला और उत्तम साधन है व शरीर ही धर्म को जानने का पहला साधन है। ईश्वर ने हमें साध्य की सिद्धि के लिए शरीर को साधन के रूप में दिया है। इसलिए शरीर रूपी साधन को स्वस्थ रखने के लिए मनुष्य को पुरुषार्थी होना चाहिए। मन की पवित्रता सत्याचरण से होती है। सत्य बोलने से आत्मा का बल बढ़ता है। सत्यवादी व्यक्ति का विश्वास शत्रु भी करते हैं, जबकि असत्यवादी व्यक्ति का विश्वास अपने भी नहीं करते। बुद्धि की पवित्रता ज्ञान से होती है, बुद्धि की शुद्धि से ही ईश्वर की सिद्धि सम्भव है।

इस धरती पर जितने प्राणी हैं उन सभी प्राणियों में शारीरिक रूप से मनुष्य सबसे कमजोर प्राणी है, इसके पश्चात भी बुद्धि के बल पर मनुष्य ने सारी दुनियां को वश में कर रखा है। आत्मा की उन्नति विद्या एवं तप से होती है। तप के द्वारा विद्या अर्जन करना ही आत्मोन्नति है। पण्डित धर्मवीर शास्त्री ने भक्ति में मन, परहित में तन जब तेरा हो जाएगा, तब तुझे खुद ही के अंदर परमात्मा मिल जाएगा। भजन के द्वारा सभी को भक्ति और आनंद से सराबोर कर दिया।

संदीप आर्य ने बताया कि 8 फरवरी को दोपहर 2 बजे से वैदिक क्षेत्र में महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अनेक सामाजिक संगठन की मातृशक्ति भाग लेंगी। सभा में उत्कर्ष आर्य, मंगलम आर्य, डॉ0 सत्यम आर्य, उदयराज आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार, उदिता आर्या, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।



भजन गाते धर्मवीर आर्य

# अटेवा की बैठक में यूनिफाइड पेंशन स्कीम का किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एनपीएस कार्मिक की सेवाकाल में मृत्यु या निशक्तता पर देय पेंशन विकल्प एनपीएस या ओपीएस को सामान्य सेवानिवृत्ति पर भी दिया जाये।

रस्तोगी इण्टर कालेज में अटेवा प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन हुआ। केन्द्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2025 से लागू की जाने वाली यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विरोध प्रकट किया गया।

ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि अटेवा और एनएमओपीएस के पूरे देश में यूनिफाइड पेंशन स्कीम गजट के विरोध के बाद पीएफआरडीए ने यूपीएस में सुधार हेतु हित धारकों से 17 फरवरी 2025 तक सुझाव देने को कहा है। सभी शिक्षक एंव कर्मचारी ईमेल के माध्यम से यूपीएस में व्यास कमियों को उजागर करें तथा उसमें सुधार हेतु सुझाव जरूर भेजें। सभी संगठनों के शिक्षक एवं कर्मचारी ईमेल के माध्यम से एक ही सुझाव पीएफआरडीए को लिखकर भेजें कि जिस प्रकार एनपीएस आच्छादित कार्मिक की सेवाकाल में मृत्यु या निशक्तता या अपंगता की स्थिति में आश्रित या कर्मचारी को क्रमशः पारिवारिक पेंशन या पुरानी पेंशन अथवा नेशनल पेंशन स्कीम चुनने का विकल्प प्रदान किया जाता है तथा कर्मचारी का 10 प्रतिशत अंशदान भी व्याज सहित वापस कर दिया जाता है। उसी प्रकार सामान्य सेवानिवत्ति पर भी कमचारियों को एनपीएस या यूपीएस के साथ साथ ओपीएस का भी विकल्प दिया जाये। जिस कर्मचारी को जिस योजना में लाभ होगा, वह उस पेंशन योजना का चुनाव कर लेगा। यदि सरकार ऐसा करती है तो नई पेंशन योजना में ही पुरानी पेंशन योजना बहाल हो जायेगी और सरकार की सभी अंशदान पेंशन योजनायें चलती भी रहेंगी। बैठक में देवेन्द्र कुमार, महाराज सिंह, राकेश प्रसाद, हिमांशु शुक्ला, राजेन्द्र प्रसाद, गजेन्द्र सिंह, शरद प्रताप, संजीव चौहान आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद शिक्षक

# आरबीआई ने रेपो रेट को घटाकर आर्थिक विकास को दिया बढ़ावा : मुकेश गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपने कार्यकाल की पहली एमपीसी बैठक में एक लंबे अंतराल 5 वर्षों के बाद रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत से घटा के 6.25 प्रतिशत करने की घोषणा करके देश के आर्थिक विकास को और आगे बढ़ाने का प्रयास किया है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से सेवानिवृत व भूतपूर्व अर्थशास्त्र के मेधावी छात्र मुकेश गुप्ता ने बताया कि रेपो रेट वह दर होती है जिस दर पर भारतीय रिजर्व बैंक (केंद्रीय बैंक) कमर्शियल बैंकों को पैसा उधार देता है और फिर उस पैसे को ये कमर्शियल बैंकें जनता में लोन के रूप में देतीं हैं। इस प्रकार अब इन कमर्शियल बैंकों को कम ब्याज दर पर लोन मिलने से ये कमर्शियल बैंकें अपने ग्राहकों को भी पहले से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराएंगी। इस प्रकार इस ऋण की ईएमआई पहले से कम होने के कारण लोग बैंकों से अपना होम लोन और उपभोक्ता लोन ज्यादा लेंगे। जनता द्वारा ज्यादा उत्पाद खरीद करने के कारण हमारे देश में उपभोग बढ़ेगा, जब खपत बढ़ेगी तो स्वाभाविक है कि औद्योगिक उत्पादन की मांग में भी वृद्धि होगी और फिर हमें अपना उत्पादन भी बढ़ाना पड़ेगा।

इस पूरे चक्र से कमर्शियल बैंकों को हमारे उद्योग धंधों को और उपभोक्ताओं को सभी को फायदा होगा तथा बेरोजगारी भी कम करने में मदद मिलेगी। आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय वर्ष 25-26 के लिए देश का जीडीपी ग्रोथ रेट 6.7 प्रतिशत अनुमानित किया है।

अभी केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए देश के बजट में भी आयकर में भारी बदलाव करके देश में उपभोग को बढ़ाने का प्रयास किया है। इस प्रकार अंत में हम कह सकते हैं कि इस मौद्रिक नीति से भविष्य में हमारे देश के आर्थिक विकास पर एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।


मुकेश गुप्ता

## दुष्कर्म के मामले में बाल अपचारी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान क्रम में दिनांक 31.01.2025 को कोतवाली कायमगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 19/25 धारा-64/ 351 (3) /352/61(2) बीएनएस, 3/4 पॉक्सो एक्ट 3 (1) (द) (ध) 3(2)(5) एससी/ एसटी एक्ट में वांछित बाल अपचारी को दिनांक 07.02.2025 को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पीड़िता की पुत्री रात्रि के समय कथा सुनने गयी थी। पीड़िता की नाबालिग पुत्री सड़क के उस पार पेशाब करने गयी थी, तभी बाल अपचारी द्वारा सरसों के खेत में ले जाकर बलात्कार करना, जातिसूचक गाली-गलौज करना व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 19/25 धारा-64/ 351 (3)/ 352 (2) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट 3(1) (द) (ध) 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट दिनांक 30.01.2025 कोतवाली कायमगंज में पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में पीड़िता के बयान अंतर्गत धारा-180/183 बीएनएसएस के आधार पर बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## टिर्री की टक्कर से महिला घायल


लोहिया अस्पताल में भर्ती महिला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधेड़ महिला को टिर्री चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला घायल हो गया। उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सुधा श्रीवास्तव पत्नी स्व0 दिनेशचंद्र श्रीवास्तव निवासी वनखड़िया शुक्रवार को विकास भवन से अपने घर जा रही थी, तभी टिर्री चालक ने पीछे से महिला को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गम्भीर रुप से घायल हो गयी। घटना के बाद टिर्री चालक मौके से भाग गया। राहगीरों ने 108 एंबूलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस ने घायल महिला को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया।

## 54 शराब के क्वाटर ले जाते तीन को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन,उरई।** कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 54 क्वार्टर बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शराब की अवैध ब्रिकी की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने अवैध रूप से भ्रमण कर रहे पारस निवासी खजुरी के पास से 24 क्वार्टर व एसआई राजवीर ने राघव व राज प्रताप निवासीगण कुठौंदा बुजुर्ग को गूढ़ा न्यामतपुर से पकड़ा है। जिनके पास से 30 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में लघु अपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से संबंधित 8 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में तैयारी बैठक जनपद न्यायाधीश विनय कुमार के निर्देशन में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज संजय कुमार ने किया। तैयारी बैठक में लघु अपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। साथ ही मामलों का विवरण भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

अब तक धारा 138 एनआई एक्ट के कुल 6 मामले चिन्हित एवं लघु अपराधिक के कुल 358 मामलों को चिन्हित किया जा चुका है। तैयारी बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी धनश्याम शुक्ला, न्यायिक अधिकारी प्रीती माला चतुर्वेदी, ज्ञानेन्द्र कुमार, जयवीर सिंह, शिवानी सिंह, शोभा रानी आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी

# गुरु मंत्रः स्पेलिंग और व्याकरण पर ध्यान देने से मिलेंगे अच्छे नंबर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से सम्पन्न होने जा रही है। जिसकी तैयारियों को लेकर छात्र शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर रहे है। परीक्षा पर चर्चा के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए

**परीक्षा पर चर्चा**

म्युनिसिपल इंटर कालेज फतेहगढ़ के अंग्रेजी प्रवक्ता प्रदीप कुमार जायसवाल ने बताया कि अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को अभी से स्पेलिंग और व्याकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रश्न पत्र के चार भाग होंगे। सेक्शन ए रीडिंग से 15 अंक के प्रश्न होंगे। सेक्शन बी राइटिंग से 20 अंक प्रश्न के होंगे। सेक्शन सी ग्रामर से 25 अंकों के कुल प्रश्न होंगे। सेकशन डी लिटरेचर से 40 अंकों के कुल प्रश्न होंगे। परीक्षा फल 100 अंकों की होगी। प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे 15 मिनट का समय निर्धारित है।

उन्होंने गुरु मंत्र देते हुए बताया कि पोइट्री में पांच कविताओं में से, एक पैराग्राफ के प्रश्नों के उत्तर लिखने होंगे। सेंट्रल आईडिया जरूर पढ़ ले। जो कुल 10 अंकों के होंगे। प्रोज के आठ पाठ में से, दो लघु प्रश्न एवं एक दीर्घ प्रश्न पूछे जाएंगे। जो 15 अंक के होंगे। ध्यान से पढ़ें। व्याकरण संबंधी प्रश्नों का अभ्यास प्रतिदिन करें। पाठ का सारांश ठीक से तैयार कर ले ऐसा करने से सभी प्रश्नों के उत्तर लिख पाएंगे। पत्र लेखन का ठीक से अभ्यास करें। प्रारूप का ध्यान रखना जरूरी है। प्रश्न पत्र का खंड और प्रश्न नंबर लिखकर उत्तर लिखें। उत्तर निर्धारित शब्द सीमा में लिखें। इससे नंबर नहीं कटते। निर्धारित समय पर प्रश्न पत्र पूरा करने के लिए जरूरी है कि लिखने का खूब अभ्यास करें।


प्रदीप कुमार जायसवाल, प्रवक्ता


सुशील कुमार दीक्षित, प्रवक्ता

स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज के अंग्रेजी प्रवक्ता सुशील कुमार दीक्षित ने बताया कि छात्रों को बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पत्र हल करते समय स्पेलिंग का ध्यान रखना चाहिए। मिस्टेक न करें। अच्छे तरीके से याद किये हुए प्रश्नों को पहले लिखे। राइटिंग का विशेष ध्यान रखे। व्याकरण पर विशेष ध्यान रखकर लिखे। अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए निर्धारित समय का भी ध्यान रखें। सभी प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करना चाहिए। जितने अंकों का प्रश्न है उनके अनुसार ही लेखन करें और अपने ऊपर दबाव न महसूस करें।


छात्र- दिव्यांश

### सोने से पहले एक लेटर, एप्लीकेशन और पैसेज सही फॉर्मेट में लिखेः दिव्यांश

छात्र दिव्यांश ने बताया कि रिवीजन के दौरान सोने से पहले एक लेटर, एप्लीकेशन और पैसेज सही फॉर्मेट में जरूर लिखें। इसे राइटिंग स्पीड सुधरेगी और परीक्षा के समय आत्मविश्वास बना रहेगा। परीक्षा में पैसेज को सावधानी पूर्वक दो बार अवश्य पढ़ें। प्रश्न के उत्तर देने के लिए या शीर्षक के लिए स्केच पेन का प्रयोग करें। परीक्षा के दौरान नींद पर्याप्त ले और तनाव रहित रहे।


छात्र-दक्ष माथुर

### अपठित गद्यांश को दो बार पढ़ने के बाद प्रश्न का उत्तर लिखे : दक्ष माथुर

हाईस्कूल में मेधावी रहे एमआईसी के छात्र दक्ष माथुर ने कहा कि अपठित गद्यांश को पहले पढ़ने के बाद प्रश्न पढ़े, फिर गद्यांश को दोबारा पढ़ें। उत्तर आसानी से ढूंढने के लिए मुख्य वाक्य और शब्दों को रेखांकित करते रहें। उत्तर अपने शब्दों में लिखें। वर्तमान में कक्षा 11 के छात्र दक्ष ने बताया कि प्रश्नों का उत्तर हल करते समय किसी तरह का दबाव महसूस न करें, तभी प्रश्न अच्छे से हल कर पायेंगे।

**सूचना**

सेना संख्या- JC-482553N सूबेदार क्लर्क, विश्वकान्त सिंह, 6 राजपूत, Pin-912106, मार्फत 56 सेना डाकघर। मेरे सेना सेवा रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम अर्चना और जन्म दिनांक 01 मई 1982 गलत दर्ज है, जबकि सही नाम अर्चना भदौरिया और जन्म दिनांक 01 जुलाई 1979 है, द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP83896237924331X, दिनांक 07.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम PALE RAM व जन्मतिथि 08.02.1952 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम PALA व जन्मतिथि 01.01.1955 है। PALA F/o of Army/JCNo-482361W, रैंक-सूबेदार ऑनरेरी लेफ्टिनेंट, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम चुलकाना, पोस्ट-चुलकाना, जिला-पानीपत, राज्य-हरियाणा-132101, द्वारा शपथ पत्र नंबर- ढ्ढह-UP88033440294060X, 07 फरवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

**सूचना**

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SUMAN व जन्मतिथि 10.02.1980 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SUMAN DEVI व जन्मतिथि 01.01.1983 है। SUMAN DEVI W/o of Army/JC No-482064H, रैंक-सूबेदार, हनुमान सिंह, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-मोहल्ला किशनपुरा, ग्राम-पहेल, जिला-अलवर, राजस्थान-301404, द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP88029813922465X, दिनांक 07 फरवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

**सूचना**

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SUMAN DEVI व जन्मतिथि 02.06.1977 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SUMAN व जन्मतिथि 06.08.1978 है। SUMAN W/o of Army/JC No-482361W, रैंक-सूबेदार आनरेरी लेफ्टीनेंट, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम चुलकाना, पोस्ट-चुलकाना, जिला-पानीपत, राज्य-हरियाणा-132101, द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP88008895295513X, 07 फरवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम LAKHAN RAM GURJAR व जन्मतिथि 01.07.1956 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम LAKHAN व जन्मतिथि 01.01.1945 है। LAKHAN F/o of Army/JC No-482850F, रैंक-सूबेदार, गोविन्द सिंह गूर्जर, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-वार्ड-1, गहनौली, तहसील-महवा, जिला-दौसा, राज्य-राजस्थान-321612. द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP88027015320282X, 07 फरवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

**सूचना**

दिनांक 29 जनवरी को अपने घर से टैक्सी से कचहरी जाते समय रास्ते में फतेहगढ़ और कचहरी के बीच में मेरे जमीन के बैनामा कागज व अन्य कागजात से भरा थैला खो गया है। जिसमें एक मूल बैनामा जो की अनूप कटियार, पप्पू कटियार, मंजेश कटियार पुत्र रामसांची ने वेदांत कटियार पुत्र दिनेश कटियार के हक में किया गया था। दूसरा विजराया पत्र जो कि वेदांत कटियार पुत्र दिनेश चन्द्र कटियार ने नीलम के हक में किया था, ये सभी बैनामा थे। जिसकी रिपोर्ट दिनांक 31 जनवरी 2025 को दर्ज करायी है।
**पूजा यादव पत्नी विजय सिंह निवासी असदपुर थाना अलीगंज, जनपद एटा।**

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KHILO DEVI व जन्मतिथि 03.02.1955 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम KHILO व जन्मतिथि 06.08.1952 है। KHILO M/o of Army/JC No-482361W, रैंक-सूबेदार ऑनरेरी लेफ्टिनेंट, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम चुलकाना, पोस्ट-चुलकाना, जिला-पानीपत, राज्य-हरियाणा-132101, द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP88024595140049X, 07 फरवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

# खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने से और अधिक समृद्ध होंगे किसान

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना से मिलेंगे रोजगार के नए अवसर : केशव**



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को लगाने, उच्चीकृत करने व पुरानी इकाइयों को और अधिक अच्छी तरीके से संचालित करने के लिए, ठोस व प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। नयी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत बहुत सारी सुविधाएं व सहूलियतों के अलावा अनुदान दिये जाने का प्राविधान किया गया है। उन्होंने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के जिलों व मण्डलों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने -अपने कार्य क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहित कर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित करें, लोगों को नीति की जानकारी दी जाय।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने से किसान और अधिक समृद्ध होंगे ।आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा दिया जायेगा। ग्राम चौपालों व प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के सर्वे का कार्य चल रहा है, उनमें भी चर्चा की जाय, इससे सम्बन्धित साहित्य वितरण किया जाय। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी इसकी पोस्ट डालकर लोगो को योजनाओ की जानकारी दी जाय। उप मुख्यमंत्री ने स्टेट लेवल पर में एक काल सेन्टर स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना एवं उन्नयन के माध्यम से रोजगार सृजन, पूंजी निवेश, किसानों की आय में बढ़ोत्तरी के लिए संकल्पित है।

**किसानों की उपज किसी भी दशा में न हो बर्बाद**

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना से रोजगार के नये और अच्छे अवसर मिलेंगे। किसानों की उपज किसी भी दशा में बर्बाद न होने पाये और उनके उत्पादों का उचित मूल्य उन्हें मिले, इसलिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को इससे जोड़ा जाय और इसी उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों की प्रतिभाशाली दीदियों को जिला रिसोर्स परसन के रूप में चयनित किया जायेगा। उद्यमों की स्थापना से रोजगार के साधन बढ़ेंगे। किसानों की उपज का निर्यात भी बढ़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नीति व योजनाओं के मुख्य बिंदुओं को चिन्हित कर ब्लाकों, तहसीलों व जिला स्तर पर, ग्राम पंचायतों व अन्य प्रमुख स्थलों पर वाले राइटिंग करायी जाय, यथा सम्भव होर्डिंग व बैनर आदि लगाकर प्रचार प्रसार किया जाय।

## महाकुंभ हादसे के आंकड़े छिपा रही सरकार : राय

लखनऊ। प्रदेश ने एक प्रेस वार्ता कर सरकार हल्ला बोला। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 28/29 जनवरी की दरम्यान रात्रि में अव्यवस्था के कारण कुम्भ में हुई भगदड़ से सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो गई। हजारों लोग घायल और बहुत लोग लापता हैं। उत्तर प्रदेश सरकार इतनी संवेदनहीन है कि अभी तक लापता लोगों और मृतकों की कोई सही सूची जारी नहीं कर पाई। अपने परिजनों की तलाश में लोग दर-दर भटक रहे हैं। योगी सरकार है कि सिर्फ अपनी नाकामी पर पर्दा डालने के लिए सही आंकड़ें को छिपा रही है। ऐसे कई मृतकों को जिन्हें धार्मिक नियमानुसार अंतिम क्रियाकर्म भी नसीब नहीं हुआ। कुछ लाशों को गंगा में बहा दिया गया, कुछ लाशों को बुल्डोजर से उठवा गया, कुछ को विद्युत शवदाह गृह में गुमनाम तरीके से जला दिया गया और कुछ लाशें अभी भी कूड़ें के ढेर में पड़ी हुई है। संवेदनहीनता की यही पराकाष्ठा है शायद। श्री राय ने कहा कि गाजीपुर के रहने वाले उपनिरीक्षक अंजनी कुमार राय की उस दिन भगदड़ के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते समय मृत्यु हो गयी।

# चोरों ने की युवक की हत्या, गिरफ्तार

**पुलिस ने आकाश रावत, कुनाल गुप्ता, उमेश गौतम राजू नाग को भेजा जेल**

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बख्शी का तालाब इलाके की एक जनरल स्टोर शॉप में चोरी करने घुसे चोरों ने अंकित वर्मा नामक युवक के जग जाने पर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी थी, जिसमें कामयाबी हासिल करते हुए शुक्रवार को बीकेटी पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने उक्त वारदात को अंजाम देने वाले 4 बदमाशों को दुर्जनपुर कट किसान पथ के पास से गिरफ़्तार कर लिया।

डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि बीती 9/10 जनवरी की बीकेटी इलाके की सीतापुर रोड ग्राम कमालपुर सिरसा लखनऊ स्थित मौर्या जनरल स्टोर में चोरी के उद्देश्य से 5 चोर घुसे थे जहां टीन शेड के नीचे सो रहे अंकित वर्मा नामक युवक की आंख खुल गई और वह चोरों को देख शोर मचाने लगा तभी बदमाशों ने एकराय होकर अंकित की हत्या कर दी और उसी की शॉल से हाथ पैर बांधकर छोड़ दिया।

हत्यारों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा कि वह लोग ई रिक्शा से चोरी की वारदात को अंजाम देने आए थे परन्तु वहां युवक के जग जाने से उसकी



हत्या कर दी और डर के मारे बिना चोरी किए मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने चार हत्यारे आकाश रावत, कुनाल गुप्ता, उमेश गौतम, राजू नाग, को गिरफ़्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है वहीं घटना में शामिल अन्य एक बदमाश संग्राम रावत पहले ही बाराबंकी से पॉक्सो एक्ट के मामले में जेल भेजा जा चुका है। डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने हत्यारों को गिरफ्तार करने वाले टीम को बीस हज़ार रुपए पुरस्कार देने की घोषणा की। साथ ही गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ई रिक्शा जिसके कागजात ना होने के कारण पुलिस ने उसे एमवी एक्ट में सीज करते हुए बदमाशों को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना बीकेटी संजय सिंह, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कैलाश चन्द्र दूबे उपनिरीक्षक सुरेश राजपूत, अशोक यादव, शैलेन्द्र मिश्रा, विकास सिंह, अभिमन्यु शाह, विपिन उपाध्याय, हेड कांस्टेबल आशीष सिंह, कांस्टेबल अम्ब्रीश सिंह, दिलीप कुमार, सुरजीत सिंह, और डीसीपी उत्तरी क्राइम/सर्विलांस टीम प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह हेड कांस्टेबल आज़म खान, संतोष कुमार, मो. नदीम, अमित गौतम, कांस्टेबल विशेष दुहुण रहे।

# माता रमाबाई अंबेडकर जयंती पर महिलाओं को किया गया सम्मानित



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। डॉ. आंबेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वावधान में माता रमाबाई अंबेडकर जयंती एवं सशक्त महिला सम्मान समारोह का आयोजन मार्टिन पुरवा हजरतगंज में किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेपी शास्त्री (पूर्व संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड) रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता रमाबाई अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र कुमार ने माता रमाबाई अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश जलते हुए कहा कि माता रमाबाई अंबेडकर समानता, नारी सशक्तिकरण एवं समाज की प्रणेता हैं। उन्होंने बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी को अपने लक्ष्य को पूरा करने में पूर्ण समर्थन व सहयोग दिया। इस अवसर पर 20 महिलाओं को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर माता रमाबाई अंबेडकर सशक्त महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री सूरज कुमार गौतम ने भी अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में रजनीश गुप्ता, सुमित रावत, एसपी कंचन आदि मौजूद रहे।

## राज्यपाल ने 56वीं फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

लखनऊ । राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन में 56वीं फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा अब महिलाएं ड्रोन से खेती कर रही हैं, जिससे समय और लागत की बचत हो रही है। राज्यपाल ने पोटेटो एग्जीबिशन एंड फूड एक्सपो का भी शुभारंभ किया। वहीं 12 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा यह सिर्फ फूलों की प्रदर्शनी नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना का दर्शन भी करा रही है। उन्होंने फूलों से बनी विशाल गणपति प्रतिमा, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और सौर मंडल की कलाकृतियों की सराहना की। राज्यपाल ने किसानों को वैल्यू एडेड (मूल्य संवर्धित) खेती अपनाने की सलाह दी। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने ड्रिप इरिगेशन को बढ़ावा देने और देसी और ऑर्गेनिक खेती को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

# समाधान दिवस : महापौर ने जोन-आठ में सुनी जनसमस्याएं

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। नगर निगम के समाधान दिवस में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर शहर के जोन-8 से पहुंचे हैं। ट्रांसपोर्ट नगर से पहुंचे अभिमन्यु गिरी का आरोप है कि ग्रुप में बी में पार्किंग के लिए टेंडर डाला गया। जिसको ठेका अलॉट किया गया, उसका जीएसटी बकाया था। बावजूद उसको ठेका दिया गया। इसकी शिकायत महापौर सुषमा खर्कवाल और मंडलायुक्त से की गई।


आरोप है जीएसटी की पत्रावली में भी बदलाव कर दिया गया। आरोप है 30 दिसंबर तक फर्म का बकाया होने के बावजूद टेंडर का गलत ढंग से एलॉट किया गया। रितेश कुमार कोतवाली रोड मटियारी चिनहट से आए हैं। उनका कहना है कि 6 साल से नाली सफाई नहीं हुई है। जोन चार के अधिकारियों के साथ में महापौर के यहां भी कई बार शिकायत कर चुका हूं। कोई सुनने को तैयार नहीं है। 20 से अधिक बार शिकायत कर चुके हैं। सब अधिकारी कमीशन चाहते हैं। समाधान दिवस में आए अभिमन्यु गिरी ने बताया कि 62.6 मीटर मकान है। 2010 में टैक्स निर्धारण शुरू किया गया। इस दौरान 3 हजार से अधिक टैक्स आवासीय मकान पर लगा दिया गया। 2019 में 64 हजार रुपए की रिकवरी दी गई। घर पर नगर निगम के कर्मियों ने पहुंचकर अभद्रता की। जिसके बाद पत्नी ने खाली चेक दे दिया। इस दौरान फिर से टैक्सी बढ़ाकर 8 हजार रुपए से अधिक कर दिया गया। तब से दौड़ रहे हैं। कोई सुनने को तैयार नहीं है। अगल-बगल के मकान का टैक्स 500-1000 रुपए आता है। जबकि मेरे टैक्स का निर्धारण मन माने ढंग से कर दिया गया है। लखनऊ में नगर निगम ने एक व्यक्ति की तीन टैक्स आईडी बना दी।

## सिविल जज ने दिया एसडीएम तिर्वा की सरकारी गाड़ी कुर्क करने का आदेश

लखनऊ। कन्नौज में पूर्व सपा नेता नवाब सिंह रेप कांड मामले में नया मोड़ आ गया है। जिला प्रशासन को नवाब सिंह के भाई सुदर्शन सिंह के नाम होटल चंदन सील करना भारी पड़ गया। इस मामले में सिविल जज ने तिर्वा एसडीएम की सरकारी गाड़ी की कुर्की के निर्देश जारी कर दिया है। इसकी मीडिया को जानकारी देते हुए नवाब सिंह के भाई सुदर्शन सिंह के पक्ष की ओर अधिवक्ता रामजी श्रीवास्तव ने दी है। पुलिस और प्रशासन ने नवाब सिंह यादव रेप कांड में होटल को सीज किया था जबकि इस होटल चंदन में नवाब सिंह यादव समेत उनके 4 भाइयों का भी हिस्सा है, इस बात को लेकर सुदर्शन सिंह की ओर से कोर्ट में एक याचिका प्रस्तुत की गयी थी, जिसको लेकर कोर्ट में वित्तीय नुकसान की बात कहकर होटल खोले जाने की मांग की गई।

## खबरें एक नजर में

### 14 से 16 फरवरी आयोजित होगा एक्सपीरियो कार्निवल




लखनऊ, समृद्धि न्यूज। एक्सपीरियन डेवलपर्स लखनऊवासियों को एक तीन दिवसीय शानदार आयोजन के लिए आमंत्रित करने के लिए उत्साहित है। फैशन, फूड, म्यूजिक और फैमिली फन से भरपूर यह कार्निवल एक्सपीरियो श्च एक्सपीरियन कैपिटल में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन 14 से 16 फरवरी 2025 तक विभूति खंड, गोमती नगर को एक उत्सव स्थल में बदल देगा। यह इवेंट सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक आकांक्षाओं का मिश्रण पेश करेगा, जो सभी उम्र के लोगों के लिए एक समावेशी उत्सव का माहौल बनाएगा। प्रतिभागी यहाँ थ्रेड्स बाय आयुषी, एक्लिप्स, आराइश, टेम्प्टिंग ट्वर्ल्स, सुगंध, गबरूनारी, जौहरी और वाफलरी जैसे लोकप्रिय स्टॉल्स से फैशन और लाइफस्टाइल की पेशकश का आनंद ले सकेंगे। साथ ही ग्लोबल स्ट्रीट–फूड के स्वादिष्ट विकल्प भी उपलब्ध होंगे। बच्चों के लिए विशेष प्ले ज़ोन में गेम्स, एक्टिविटीज़ और इंटरैक्टिव वर्कशॉप्स के ज़रिए उन्हें व्यस्त और मनोरंजक गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। एक्सपीरियो एक्सपीरियन कैपिटल, जो कि एक्सपीरियन डेवलपर्स का प्रमुख प्रोजेक्ट है, इस विश्वास का प्रतीक है कि जब समुदाय एक साझा जुनून के इर्द–गिर्द एकजुट होते हैं, तो शहर तरक्की करते हैं। खाना, कला और संस्कृति के ज़रिए जुड़ाव को बढ़ावा देने से लेकर ऐसे स्थान बनाने तक जहाँ रचनात्मकता को पंख मिलते हैं, यह कार्निवल कंपनी के उस विज़न को दर्शाता है जिसमें बुनियादी ढांचे से अधिक लोगों को प्राथमिकता दी जाती है। कार्निवल हर दिन शाम 3 बजे से रात 10 बजे तक एक्सपीरियो श्च एक्सपीरियन कैपिटल, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

### यूपी रुद्रास की जीत के साथ हीरो हॉकी इंडिया लीग का समापन



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। हीरो हॉकी इंडिया लीग के लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी यूपी रुद्रास ने तमिलनाडु ड्रैगन्स के खिलाफ जीत के साथ इस सीजन की यात्रा को समाप्त किया। हालांकि, इस जीत के बावजूद टीम सेमी–फाइनल में क्वालीफाई करने से केवल एक अंक से चूक गई और वह टॉप 4 से बाहर रह गई। फिर भी, यह सीजन फ्रेंचाइजी के लिए कई मायनों में खास रहा। 10 मैचों में से यूपी रुद्रास ने 5 जीते, 4 हारे और 1 ड्रॉ खेला। यूपी रुद्रास को खेल भावना और अनुशासन के लिए प्रतिष्ठित फेयर प्ले अवार्ड मिला। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में सबसे कम 22 गोल खाए, और गोलकीपर जेम्स मजारेलो के शानदार प्रदर्शन ने टीम के अभियान में अहम भूमिका निभाई। उनके शानदार रिफ्लेक्स और बचाव ने विरोधी टीमों को कड़ी चुनौती दी। सीजन के बाद टीम के कप्तान हार्दिक सिंह ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया। टीम में सीनियर खिलाड़ियों जैसे केन रसेल, ललित कुमार उपाध्याय, और तांगुई कोसिन्स के साथ–साथ युवा खिलाड़ियों जैसे तलेम प्रियोबार्ता, सुदीप चिरमाको और जेम्स मजारेलो की भी अहम भूमिका थी। टीम ने अपने निडर खेल के लिए जाना गया और उन्होंने हार के बावजूद संघर्ष और समर्पण का शानदार उदाहरण पेश किया।

### पति ने दर्ज कराया पत्नी का गुमशुदगी रिपोर्ट

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को बच्चे के साथ कहीं चले जाने पर खोजबीन के बाद शुक्रवार को गुमशुदगी का थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी चंद्रमा प्रसाद कोल ने दी गई तहरीर में कहा है कि हमारी पत्नी सीमा देवी 1 फरवरी को 3 वर्षीय बेटे व चांदी की पेटी, छागल के साथ 7 हजार रूपये नगद लेकर कहीं चली गई है। इस संबंध में वरिष्ठ उप निरीक्षक श्यामलाल ने बताया कि पत्नी को गायब होने पर पति की तहरीर पर गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### 57 महिलाओ का हुआ बंन्ध्याकरण

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ केंद्र परिसर में शुक्रवार को परिवार नियोजन को लेकर महिलाओ का बांध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की 57 महिलाओ ने अपने आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से बंध्याकरण के लिए पंजीकरण कराया है। सर्जन डाक्टर संतलाल ने महिलाओ का बांध्याकरण को सफलता पूर्वक किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि 57 महिलाओ ने परिवार नियोजन को अपनाया है। इस दौरान एआरओ संतोष गौतम, एलटी अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# 28 करोड़ से होगा हलिया ब्लॉक का विकास, क्षेत्र पंचायत में बजट पास




समृद्धि न्यूज

हलिया (मिर्जापुर)। हलिया विकास खण्ड की ब्लॉक प्रमुख देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में विकास के काम के लिए 28 करोड़ 42 लाख रुपये के प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया। इसमें चार करोड़ बहत्तर लाख रूप पंचम व केंद्रीय वित्त आयोग की क्षेत्र पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के लिए व 23 करोड़ 70 लाख रूपये मनरेगा के तहत खर्च कर विकास कार्य कराने के प्रस्ताव शामिल हैं।

बैठक में मनरेगा, एनआरएलएम, पेयजल, स्वच्छता के अलावा पंचम राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से काम कराने पर चर्चा की गई। सदस्यों से उनके क्षेत्रों में विकास कार्य कराने के लिए प्रस्ताव भी मांगे गए। ब्लॉक प्रमुख श्री देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने पिछली कार्यवाही की जानकारी दी। बीडीओ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विकास खंड में कुल 16200 प्रधानमंत्री आवास की सूची तैयार कर सर्वे कराया जा रहा है। जिससे कोई भी पात्र प्रधानमंत्री आवास से वँचित ना होने पाए थे। खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद यादव ने ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से विद्यालयों में बच्चों के बन रहे अपार आईडी में सहयोग करने की अपील किया है। बैठक में एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया ने पीएम सम्मान निधि, कुसुम योजना, बीज वितरण मिनी किट, एग्री स्टेट, फार्मर रजिस्ट्री आदि योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने मॉडल गांव शौचालय, ओडीएफ फेस टू के संबंध में जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग से बीसीपीएम अनिल कुमार ने टीकाकरण, नसबंदी, अयुष्मान आरोग्य मंदिर, जननी सुरक्षा, जननी शिशु सुरक्षा, एम्बुलेंस, आरवीएसके, राष्ट्रीय अंधता, राष्ट्रीय कुष्ठ, राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण संचारी रोग आदि की जानकारी दिया, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि धनंजय पांडेय आदि मौजूद रहे।

## एसजीपीजीआई निदेशक को मिला 3 साल का एक्सटेंशन

लखनऊ । एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो.राधा कृष्ण धीमन को 3 साल का एक्सटेंशन दिया गया हैं। शुक्रवार को राजभवन की तरफ से इसका आदेश जारी कर दिया गया। एक दिन पहले ही यूपी सरकार की कैबिनेट बैठक में एसजीपीजीआई के निदेशक पद के लिए 65 साल की आयु की सीमा को बढ़ाकर 68 साल किया था। तभी से कयास लगाया जा रहा था कि प्रो.धीमन को 3 साल का एक्सटेंशन मिलने जा रहा है। निदेशक पद पर उनका 5 साल का कार्यकाल आज पूरा हो रहा था। इस बीच शुक्रवार को राजभवन ने उनके एक्सटेंशन का आदेश जारी कर दिया। एक्सटेंशन मिलने के बाद बातचीत में एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो.आरके धीमन ने बताया कि मरीजों को बेस्ट मेडिकल केयर देना उनका पहला लक्ष्य है। इस दिशा में उनके प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। इसके अलावा एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर और सालोनी हार्ट सेंटर का शिलान्यास हुआ है। इसको भी पूरा करना है।

# संविधान के प्रति जन जागरुकता का प्रसार जरूरी : हृदय नारायण दीक्षित

समृद्धि न्यूज





लखनऊ। जय नारायन मिश्र महाविद्यालय मे शुक्रवार को विधि संकाय एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान मे हमारा संविधान- हमारा स्वभिमान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, पद्मश्री, हृदय नारायण दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष, विधान सभा, उत्तर प्रदे, ने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया।

उन्होंने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि, हमारा संविधान एक श्रेष्ठतम संविधान है और हम सभी को अपने संविधान पर गर्व है। किसी भी राष्ट्र का संविधान उसका धारक होता है। इसके निर्माण में अनेक विद्वानों एवं मनीषियों ने अपना योगदान दिया है। संविधान के प्रति जन जागरुकता का प्रसार होना आवश्यक हो गया है, क्योकि संविधान के प्रति जैसी जारुकता होनी चाहिए, वैसी प्रतीत नही होती।

हम मे से अधिकांश लोग संविधान को लेकर बड़ी बड़ी बाते तो करते हैं किंतु उसमे लिखी बहुत सारी बातो को या तो भूल जाते है या अनिभिज्ञ होते है। लेकिन यह सच है कि बड़े बड़े जिम्मेदार लोगो से भी संविधान की प्रक्रियागत त्रुटि हो जाती है। उन्होंने एक उदाहरण भी दिया कि कैसे 1999 मे हुए संविधान संशोधन को उच्चतम न्यायालय द्वारा मान्यता नही मिली थी। उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर जी की उस बात को भी दुहराया जिसमे उन्होंने कहा था कि संविधान मे मान्यता के साथ-साथ संवैधानिक नैतिकता भी होनी चाहिए।

# किसान परेशान, मंडी में नहीं बिक रहे टमाटर

समृद्धि न्यूज



राजगढ़ (मिर्जापुर)। विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के खोराडीह, सेमरा बरहो, धनसीरिया, निकरिका, चन्दनपुर, तालर, चितबिश्राम, सरसो, सेमरी, सक्तेशगढ़, जमुटी, इंदिरानगर, राजगढ़ लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांव में टमाटर की खेती किसानों ने किया हैं। किसानों का लागत मूल्य नहीं निकल पाया है लेकिन किसान परेशान हो रहे हैं। यहां का टमाटर चन्दौली, वाराणसी, जौनपुर, बलिया, गाजियाबाद, सुल्तानपुर, सहारनपुर के अलावा दिल्ली, पश्चिम बंगाल के अलावा विदेशों में भी अपनी धाक जमा चुका है। यहां का टमाटर महीनो बाद भी खराब नहीं होता है।

टमाटर की खेती किसान किए हुए हैं लेकिन मिर्जापुर मंडी में टमाटर इतना सस्ता हो गया है। खेतों में टमाटर पक रहे हैं और किसान टमाटर की तोराई नहीं कर रहे हैं। किसानों ने कहा कि इतना सस्ता टमाटर पिछले वर्ष भी था। इस वर्ष भी टमाटर 20 कैरेट के आसपास आ गया है। मजदूरों की लागत लगभग 300 रूपया प्रति दिन के हिसाब से तोराई लग रही है। लेकिन एक कैरट में टमाटर लगभग 30 किलो के आसपास आता है अंदाजा लगा लीजिए टमाटर का रेट क्या हुआ। हर साल चुनाव के समय किसानों के सामने टमाटर की फैक्ट्री के लिए आश्वासन मिलता है लेकिन आज तक टमाटर की फैक्ट्री नहीं लग पाई जिससे किसानों की टमाटर खेतों में पड़े सड़े हुए हैं। किसान परेशान हो रहे हैं और मिर्च भी काफी सस्ता हो गया है। शुरुआत में टमाटर का रेट बढ़ा हुआ उसके बाद 15 दिनों के बाद ही टमाटर धीरे-धीरे इतना सस्ता हो गया कि इसको तोड़ने वाला किसान मजदूर को मना कर रहा है।

क्षेत्र के किस मंजय सिंह ने कहा कि टमाटर इतना सस्ता हो गया है की मंडी में बेचने लायक नहीं है 30 किलो प्रति कैरेट के हिसाब से टमाटर लगभग 20 में बिक रहा है लागत नहीं निकल पाएगी इसलिए खेतों में छोड़ दिया गया है। किसान मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी टमाटर इतना सस्ता हो गया है कि खेतों में पड़ा हुआ है मंडी का भाव दिन प्रतिदिन गिर रहा है कभी 40 रूपये कैरेट तो कभी 20रुपया प्रति कैरेट के हिसाब से बिक रहा है। किसान दशमी सिंह ने कहा कि लगभग 15 बीघा टमाटर की खेती इस वर्ष किया लेकिन लागत नहीं निकल पाई और टमाटर इतना सस्ता हो गया कि बेचने में असमर्थ हो गए हैं।मजदूरों की प्रति तीन सौ के हिसाब से मजदूरी हो रही है। अगर 2 बीघा में 15 मजदूर लगा दिए जाए तो खर्चा लगभग पैटालिस सौ के आसपास निकल रहा है और मंडी भाव लगभग रूपया 20 कैरेट के हिसाब से बिक रहा है। इसलिए खेतों में टमाटर तोड़ना बंद कर दिया गया है। किसान संदीप सिंह ने बताया कि 30 बीघा के आसपास टमाटर की खेती की गई है। दो महीने से टमाटर मंडी में लगातार गिरता ही जा रहा है।बढ़ने का नाम नहीं ले रहा है।जिससे टमाटर की तोरई बंद कर दी गई है। लागत मूल्य न निकलने से और रेहन के खेत भी लिया गया है। टमाटर और मिर्च कच्चा सौदा है लेकिन 2 साल से इसका रेट न बढ़ने से आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

## श्री श्री मनु जी महाराज का आगमन नौ को

फरेंदा, महराजगंज। स्थानीय तहसील व थाना क्षेत्र निवासी मनु जी महाराज का आगमन उनके 18 वर्ष की श्रीहरि व मां पीताम्बरा की साधना पूर्ण होने पर अन्तिम चरण में अपनी माता से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आगामी 9 फरवरी को आगमन हो रहा है। इस अवसर पर विभिन्न अध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि अबसे लगभग तीन दशक पूर्व अपने अध्ययन के लिए दिल्ली प्रस्थान कर गये थे श्रीश्री मनु जी महाराज ने अपना विद्यार्थी जीवन पूर्ण होने पर आध्यात्म की तरफ रुख कर लिया था। उक्त क्रम में चित्रकुट के एक संत द्वारा मार्ग निर्देशन पाकर उन्होंने शिवखोड़ी जाकर लगभग एक वर्ष तक साधना किया। गुरु से साक्षत्कार होने पर इन्हें भगवान श्री हरि तथा मां पीताम्बरा की साधना हेतु निर्देश मिला। उक्त क्रम में सर्वप्रथम संकटमोचन हनुमानजी, देवाधि देव महादेव की साधना के उपरान्त श्री श्री मनु जी महाराज ने नारायन श्री हरि एवं मां पीताम्बरा की साधना किया। उक्त साधना विगत 8 दिसम्बर को पूर्ण हुई। इस क्रम में अब उन्हें अन्तिम रूप से अपनी माता के समक्ष उपस्थित होकर आशीर्वाद रुपी भिक्षा प्राप्त करना आवश्यक है।

# डीएम ने ली विकास योजनाओं की समीक्षा

समृद्धि न्यूज



मिर्जापुर। जिलाधिकारी प्रियंका की अध्यक्षता ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण कार्य, पूर्वांचल विकास निधि, क्रिटकल गैप्स योजना, त्वरित आर्थिक विकास योजनाओं जो बाधित एवं बिलम्बित है के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड चुनार के बैठक में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने व शो काज नोटिस व अधीक्षण अभियंता सिंचाई को शो काज नोटिस जारी करने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया।

अमृत योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद मिर्जापुर पुर्नगठन पेयजल योजना फेज एक की समीक्षा कार्यदायी अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) ने जिलाधिकारी को बताया कि योजना की प्रगति 93 प्रतिशत है वर्तमान नवनिर्मित इंटेकवेल एवं डब्लूटीपी संचालित कर जलकल के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गई हैं। राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत मल्टी पर्पज सीड स्टोर एण्ड टेक्नालाजी डिसेमिनेशन सेंटर लालगंज की समीक्षा में कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट का कारपोंशन लिमिटेड ने बताया कि भू तल एवं प्रथम तल स्लैब का कार्य पूर्ण भूतल में प्लास्टर का कार्य प्रगति पर है शेष धनराशि के मांग हेतु उपभोग प्रमाण पत्र जिला कृषि अधिकारी को प्रेषित कर दिया गया हैं। राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत मल्टी पर्पज सीड स्टोर एण्ड टेक्नालाजी डिसेमिनेशन सेंटर पहाड़ी की समीक्षा में उपरोक्त कार्यदायी संस्था ने बताया कि परियोजना के निर्माण हेतु कृषि विभाग द्वारा 26 सितम्बर को भूमि उपलब्ध कराई गई है। भूमि पर नींव का कार्य प्रगति पर हैं।

स्पोर्टस स्टेडियम छात्रावास भवन निर्माण समीक्षा में कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश सहकारी संघ लिमिटेड ने जिलाधिकारी को बताया कि भूतल में फ्लोरिंग, प्लम्बिंग का कार्य प्रगति पर प्रथम तल का स्लैब पूर्ण, द्वितीय तल पर 50 प्रतिशत भाग में शटरिंग का कार्य प्रगति पर, रेन हारवेस्टिंग दो नग रिचार्ज पिट का कार्य पूर्ण, एवं बोरिंग का कार्य पूर्ण, सीसी रोड का कार्य 75 प्रतिशत, बाउंड्रीवाल का कार्य 60 पूर्ण होना बताया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन मौर्या, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिर्जापुर गोवा लाल, जिला विद्यालय निरीक्षक माया राम, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुरेन्द्र वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## सड़क सुरक्षा : वादविवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

चुनार (मिर्जापुर)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवम् रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत वाहन चालकों की शिक्षा और सजगता विषय पर वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला ने कहा कि सड़क सुरक्षा के संदर्भ में शासन बहुत सकारात्मक है। वाद विवाद प्रतियोगिता में शालिनी कुमारी को प्रथम, विजय सोनकर को द्वितीय एवं रिया गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि निबंध का परिणाम बाद में घोषित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने संयोजन एवम् विषय प्रवर्तन डॉ शिव कुमार ने तथा डॉ दीप नारायण,डॉ रीता मिश्रा और डॉ शैलेन्द्र कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन सहसंयोजक डॉ गुरु प्रसाद सिंह ने किया।उक्त प्रतियोगिता में स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं एवम् कौशल विकास के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।